संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 07 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने लाडवा बस स्टैंड से लाडवा से जोधपुर वाया सालासर और विद्यार्थियों के लिए लाडवा से ज्योतिसर बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 307 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी

## मेधावी छात्रों को मिलेगी ऋण सहायता, हायर एजुकेशन के लोन पर 75% क्रेडिट गारंटी मिलेगी

**छात्रों को लाभ**

**शीर्ष 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले मेधावी छात्रों को शिक्षा ऋण में लाभ मिलेगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः केन्द्र** सरकार मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना लाई है। इस योजना के तहत 8 लाख रुपये तक की वार्षिक पारिवारिक आय वाले छात्रों को स्थगन अवधि (पढ़ाई करते समय) के दौरान 10 लाख रुपये तक के ऋण पर सामान्य ब्याज दर के मुकाबले 3 प्रतिशत की छूट मिलेगी। योजना के तहत देश के शीर्ष 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले मेधावी छात्रों को शिक्षा ऋण में लाभ मिलेगा। इसका अर्थ है कि हर साल 22 लाख से अधिक छात्र योजना के दायरे में आयेंगे। कोई भी छात्र बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण ले सकेगा। कवरेज के विस्तार और बैंकों को सहायता देने के लिए 7.5 लाख रुपये तक की ऋण राशि पर भारत सरकार 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केन्द्रीय क्षेत्र की योजना को मंजूरी प्रदान की। योजना का लाभार्थी बनने के लिए छात्र को किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजना के तहत लाभ का पात्र नहीं होना चाहिए। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि एक सरल, पारदर्शी और छात्र-हितैषी प्रणाली के माध्यम से प्रशासित यह योजना पूरी तरह से डिजिटल होगी। योजना से 2024-25 से 2030-31 के दौरान करीब 7 लाख नए छात्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है और इस आधार पर योजना पर कुल 3600 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है।

छात्र शिक्षा ऋण के लिए एकीकृत पोर्टल पीएम-विद्यालक्ष्मी पर आवेदन कर सकते हैं और साथ ही ब्याज छूट के लिए अनुरोध भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

**क्या है पीएम विद्यालक्ष्मी योजना?**
वैष्णव ने बताया कि ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये है। इन परिवारों के छात्रों की पढ़ाई के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3% ब्याज अनुदान मिलेगा। 7.5 लाख रुपये तक के ऋण पर भारत सरकार 75% क्रेडिट गारंटी देगी।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना को कैबिनेट की मंजूरी पर खुशी जताई

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना को कैबिनेट की मंजूरी दिये जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे देश के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए ऋण मिलना आसान हो जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के तहत देश के एक लाख मेधावी छात्रों को 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा, जिसमें 3 प्रतिशत की रियायत भी दी जाएगी। योजना के तहत यदि कोई छात्र देश के 860 राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंक वाले संस्थानों में पढ़ना चाहता है और उन्हें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस और किताबों आदि के लिए आर्थिक मदद चाहिए तो यह ऋण उपयुक्त होगा। प्रधान ने कहा कि इसके लिए कोई कोलैटरल गारंटी देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसमें किसी गारंटर की भी जरूरत नहीं होगी।

इससे पहले की तमाम स्कीमों में इस प्रकार की कुछ न कुछ बाधाएं थीं। इस स्कीम में ऐसी बाधाओं को खत्म किया गया है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की ऐतिहासिक जीत




**टीम एक्शन इंडिया**
**फ्लोरिडाः संयुक्त** राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जीत का ऐलान कर दिया है। ट्रंप ने यहां के वेस्ट पाम बीच में अपने अभियान की वॉच पार्टी में देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। उन्होंने देश के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। वेस्ट पाम बीच में डोनाल्ड ट्रंप का जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ मंच पर जेडी वेंस, उनकी पत्नी मेलानिया और अभियान के कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह बड़ी राजनीतिक जीत है। ट्रंप ने इस मौके पर जेडी वेंस को अगले उपराष्ट्रपति के लिए बधाई भी दी। वेंस ने कहा कि यह ट्रंप की अब तक की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी है। रिपब्लिकन ट्रंप ने कहा कि चुनाव में उनकी पार्टी ने इतिहास रचा है। आज का अवसर उनके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा, "अमेरिका ने हमें एक अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है।" ट्रम्प ने अपनी पत्नी मेलानिया को धन्यवाद देते हुए उन्हें प्रथम महिला बताया। उन्होंने संबोधन में अपने सभी बच्चों का नाम लिया और चुनाव प्रचार में योगदान के लिए उनका आभार जताया। ट्रंप ने अपने अभियान के महत्वपूर्ण स्तंभ एक्स के मालिक और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को "अद्भुत" व्यक्ति बताया। ट्रंप ने एलन मस्क को रिपब्लिकन पार्टी का नया सितारा बताया।

### मेरे दोस्त ट्रंप को ऐतिहासिक जीत पर बधाईः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं के मद्देनजर मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नए सिरे से आगे बढ़ाने की आशा करता हूं। आइए एक साथ मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम करें।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# देश में जाति जनगणना होगीः कांग्रेस सांसद राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नागपुरः** राहुल गांधी ने कहा, "देश में जाति जनगणना होगी और इससे दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा। जाति जनगणना से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सभी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी शक्ति है और हमारी भूमिका क्या है। जाति जनगणना विकास का प्रतिमान है। उन्होंने कहा कि हम 50% (आरक्षण सीमा) की दीवार भी तोड़ देंगे।" राहुल बुधवार (6 नवंबर) को नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**राहुल का जोर**

**जाति जनगणना से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सभी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी शक्ति है**

उन्होंने कहा- हमें देश को बताना होगा कि हम देश में हाशिए पर पड़े 90% लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने आज से महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू किया है। कांग्रेस महाविकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। उसने 103 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा है।

हम हर सम्मेलन में अंबेडकर जी, गांधी जी, साहू महाराज जी समेत कई महान लोगों के बारे में बात करते हैं।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में 120 करोड़ से अधिक की लागत से बने उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह उत्तराखण्ड निवास का लोकार्पण किया।

## कुपवाड़ा मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुपवाड़ाः जम्मू**-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के लोलाब वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार सुबह एक आतंकी को मार गिराया । माना जा रहा है कि अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोलाब में एक आतंकवादी मारा गया है और उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। लोलाब के जंगलों की घेराबंदी कर और तलाशी शुरू की थी।

# सरकारी सब्सिडी चिंता का विषयः आरबीआई




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है, लेकिन उच्च सब्सिडी व्यय चिंता का विषय है। दास मुंबई में आयोजित बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सब्सिडी व्यय बहुत अधिक है और पहली तिमाही में सरकारी व्यय जीडीपी को नीचे खींच रहा है। गवर्नर ने कहा, "सरकारी व्यय में वृद्धि शुरू हो गई है। केंद्र और राज्यों के राजस्व और पूंजीगत व्यय दोनों में वृद्धि शुरू हो गई है। सब्सिडी व्यय एक मुद्दा बना हुआ है।" उन्होंने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सरकार की सब्सिडी के लिए भुगतान बढ़ा है। सरकार ने वित्त वर्ष 25 में खाद्य सब्सिडी के लिए 2,05,250 करोड़ रुपये का बजट रखा है। यह 2023-24 के लिए 2,12,332 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 3% कम है। सरकार ने रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित उर्वरक सब्सिडी के लिए 24,475.53 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है।

**टेंशन**

**केंद्र और राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है, लेकिन उच्च सब्सिडी व्यय चिंता का विषय है**

# बुलडोजर कार्रवाई पर यूपी सरकार को 'सुप्रीम' फटकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए आवासीय मकानों को अवैध रूप से बुलडोजर से ध्वस्त करने के मामले पर उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कहा है कि आप सिर्फ ढोल बजाकर लोगों से घर खाली करने और उन्हें ध्वस्त करने के लिए नहीं कह सकते हैं। इसके लिए उचित नोटिस दिया जाना चाहिए था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने आजमगढ़ में गिराए गए मकान के लिए 25 लाख रुपये का अंतरिम मुआवजा देने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रूप से आवासीय मकानों को गिराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हम अतिक्रमण को वैध नहीं ठहरा रहे हैं लेकिन आप इस तरह से लोगों के घरों को कैसे गिराना शुरू कर सकते हैं।

# जे&के विधानसभा में 370 बहाली का प्रस्ताव पास



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगरः** भाजपा के हंगामे के बीच जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने बुधवार को विशेष दर्जा बहाल करने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। विधानसभा ने ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित कर केंद्र से विशेष दर्जा बहाल करने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों से बातचीत करने को कहा। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में जो वादा किया था, उसके अनुसार उपमुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे और संवैधानिक गारंटी की बहाली की मांग करते हुए प्रस्ताव पेश किया, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा करता है और उसे एकतरफा हटाने पर चिंता व्यक्त करता है। इसमें भारत सरकार से जम्मू-कश्मीर के लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जे की बहाली के लिए बातचीत शुरू करने का भी आग्रह किया। विधानसभा में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने और अनुच्छेद 370 को एकतरफा हटाने की मांग को लेकर प्रस्ताव पारित होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन के वेल में आकर पाकिस्तानी एजेंडा नहीं चलेगा के नारे लगाए। भाजपा विधायक इस कदम का विरोध करने के लिए सदन के वेल में आ गए जिससे सदन में हंगामा मच गया।

**हंगामा**

**बीजेपी विधायकों का हंगामा, दस्तावेज की कॉपी फाड़ीं; सीएम उमर अब्दुल्ला का पुतला जलाया**

# एलएसी पर हालात सामान्य होने में वक्त लगेगाः जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः**पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएी) पर सैन्य तनाव समाप्त करने को लेकर भारत और चीन के बीच पिछले महीने हुए समझौते को पूरी तरह से लागू होने में वक्त लगेगा।

अभी उक्त समझौते के मुताबिक दोनों देशों की तरफ से अपने अपने सैनिकों को हटाने का काम शुरू हो चुका है।

**काम पूरा होने में समय लगेगा**

पेट्रोलिंग का काम भी शुरू हो चुका है, लेकिन वर्ष 2020 से पहले की स्थिति में सैनिकों को अपने-अपने स्थान पर भेजने का काम पूरा होने में समय लगेगा। यह बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आस्ट्रेलिया में एक सार्वजनिक मंच से भारत-चीन संबंधों के बारे में पूछे गये सवाल के जबाव में दिया। जयशंकर ने कहा कि सभी कुछ एक साथ होने नहीं जा रहा, कई स्तरों पर अभी चचाएं होंगी।

**रिपोर्ट्स खारिज** सीपीसीबी का कहना है कि इन शहरों में हो रही मौतों के लिए सिर्फ वायु प्रदूष□को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है

# प्रदूषण को मौत की सबसे बड़ी वजह बताना ठीक नहीः सीपीसीबी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः केंद्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उन रिपोर्ट्स को खारिज किया है, जिसमें दिल्ली समेत देश के दस शहरों में वायु प्रदूषण को मौत की सबसे बड़ी वजह बताया गया है। सीपीसीबी का कहना है कि इन शहरों में हो रही मौतों के लिए सिर्फ वायु प्रदूषण को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है। इसके लिए कोई प्रमाणिक दस्तावेज नहीं हैं। शहरी निकायों की ओर से जारी होने वाले मृत्यु प्रमाण पत्र से भी इसकी कोई जानकारी नहीं मिलती। सीपीसीबी ने इससे जुड़ी एक रिपोर्ट राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी है। एनजीटी ने ब्रिटेन से प्रकाशित होने वाले मेडिकल जनरल द लैंसेट की रिपोर्ट के आधार पर मीडिया में प्रकाशित खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया था। रिपोर्ट में दिल्ली, अहमदाबाद, बंगलूरू, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी के अध्ययन के आधार पर तैयार की गई थी। इसमें कहा गया था कि खराब वायु गुणवत्ता से इन शहरों में मृत्यु दर पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। हर साल लगभग 33 हजार मौतें विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के तयशुदा मानक से ज्यादा वायु प्रदूषण से होती हैं। प्रदूषण की बड़ी वजहें वाहनों, औद्योगिक गतिविधियों और निर्माण स्थलों पर उड़ने वाली धूल हैं। इसी आधार पर एनजीटी ने 15 अक्तूबर को केंद्र समेत सभी नौ राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। सीपीसीबी ने इसका जवाब दाखिल कर दिया है। इसमें बताया गया है कि लैंसेट की रिपोर्ट में भारत में एक वर्ग किलोमीटर स्थानिक रिजोल्यूशन पर रोजाना औसतन पीएम 2.5 सांद्रता की गणना 2008 से 2020 तक की गई थी। वहीं, मृत्यु दर के आंकड़ों के लिए शहरों के प्रत्येक नगर निगम से मृत्यु दर रिकॉर्ड का उपयोग किया गया।

सीपीसीबी का कहना है कि विभिन्न राज्यों और शहरों में मृत्यु पंजीकरण अलग-अलग तरीकों से होता है। मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह नहीं बताई जाती।

**खारिज**

**शहरी निकायों की ओर से जारी होने वाले मृत्यु प्रमाण पत्र से भी इसकी कोई जानकारी नहीं मिलती**

# हरियाणा के राशन डिपुओं पर लगेंगे कैमरे



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा** के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री राजेश नागर ने राशन वितरण में पारदर्शिता के उद्देश्य से प्रदेश के सभी डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। इन कैमरों से निगरानी जिला स्तर और मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। इससे डिपो होल्डरों के कार्य में पारदर्शिता आएगी और गरीब व्यक्तियों के राशन में धांधली होने से भी बचा जा सकेगी। मंत्री राजेश नागर बुधवार को चंडीगढ़ में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ.सुमिता मिश्रा भी उपस्थित थीं। नागर ने कहा कि प्रदेश के सभी डिपो होल्डर से राशन का वितरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। जानबूझकर देरी करने वाले डिपो होल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गरीबों को एएवाई तथा बीपीएल कार्ड के माध्यम से दिए जाने वाले राशन की समुचित मात्रा समय पर पहुँचाने के लिए उन्होंने जहां अधिकारियों से सहयोग करने का आह्वान किया। वहीं गड़बड़ी करने वाले डिपो होल्डरों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**तीसरी आंख**

**मंत्री ने पहली बैठक में दिए निर्देश, समय पर राशन वितरण नहीं करने वाले डिपो धारकों पर होगी कार्रवाई**

# दिल्लीवासियों को बड़ी सौगात, अब नए रूट पर इलाकों से गुजरेगी बसें

## स्कूल-कॉलेज और दफ्तर पहुंचना होगा आसान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने पालम में आयोजित समारोह में एक नए बस रूट के लिए बस परिचालन का शुभारंभ किया। उन्होंने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पालम की विधायक भावना गौड़ व बिजवासन के विधायक भूपिंदर सिंह जून सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।



**कहां से कहां के बीच है नया बस रूट?**
नए बस रूट को 783 एक्सटेंशन का नाम दिया गया है। नया बस रूट केंद्रीय सचिवालय से पालम में दादा देव मंदिर के बीच बनाया गया है। इस रूट की कुल लंबाई 23.5 किलोमीटर है।
यह बस रास्ते में सभी प्रमुख स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगी। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा संचालित चार लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें इस मार्ग पर चलेंगी, जो यात्रियों के लिए पर्यावरण-अनुकूल यात्रा विकल्प प्रदान करेंगी।

**हर कोने को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ना है लक्ष्य- गहलोत**
परिवहन मंत्री ने कहा कि इस नए बस मार्ग की शुरूआत सभी दिल्लीवासियों, विशेषकर बाहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन सेवा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
इस रूट के लॉन्च होने से स्थानीय निवासियों के लिए स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और कार्यस्थलों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। हमारा लक्ष्य दिल्ली के हर कोने को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ना है।

### उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**
**(ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान:** सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद प्रोविजन ऑफ MSDAC (except सप्लाई, इंस्टॉलेशन & कमीशनिंग ऑफ MSDAC) इन कंजंक्शन विद एग्जिस्टिंग ट्रैक सर्किट फॉर इंप्रूविंग रिलायबिलिटी ऑफ ट्रैक इन वॉटर लॉगिंग एरियाज ओवर दिल्ली डिवीजन। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** Rs. 7,39,05,078.03/- | |
| **धरोहर राशि (₹):** Rs. 5,19,500/- | |
| **कार्यालय का पता:** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय:** निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय **05.11.2024/** निविदा खुलने का दिनांक **27.11.2024 15:00** बजे तक | |
| **वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | |

संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1432 दिनांक: 05.11.2024 3435/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
**संविदा चिकित्सा प्रेक्टिशनर की नियुक्ति (सीएमपी)**

उ.रे., मंडल अस्पताल, अंबाला छावनी–133001 में संविदा चिकित्सा प्रेक्टिशनर (सीएमपी) की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रमुख खबर तथा भर्ती सूचना के अंतर्गत रिक्तियों की स्थिति, नियम, शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप विस्तृत विज्ञापन के साथ उ. रे. की वेबसाइट **https://nr.indianrailways.gov.in** → Division → Ambala Division → Personnel → Notification and Answer Key Page पर उपलब्ध है। सं. **UMBOPERS9 (PP3)18/2020-O/o DPO-II/UMB/NR**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3437/24

### अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **(1) सागर** पुत्र उस्मान **(2) शिल्पा** पुत्री हमदमिया सभी निवासी बी–35, गली नं. 03, सीतापुरी, पालम गांव दक्षिण पश्चिम, नई दिल्ली और **(3) नोधी** पुत्र सपन कुमार सभी निवासी बी–135, गली नं. 03, सीतापुरी, पालम गांव दक्षिण पश्चिम, नई दिल्ली ने **(1) सागर (2) शिल्पा** प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 362/20 धारा 341/506 भा.द.स., और **(3) नोधी** प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 362/20 धारा 341/325/506 भा.द.स., थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) सागर (2) शिल्पा** और **(3) नोधी** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) सागर (2) शिल्पा** और **(3) नोधी** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **(1) सागर (2) शिल्पा** प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 362/20 धारा 341/506 भा.द.स., और **(3) नोधी** प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 362/20 धारा 341/325/506 भा.द.स., थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **(1) सागर (2) शिल्पा** और **(3) नोधी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.12.2024** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री नीतिका कपूर,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06, (दक्षिण–पश्चिम),
कोर्ट नं. 514, द्वारका कोर्ट, दिल्ली
DP/14696/DW/2024

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किरण, पत्नी:** श्री देवी दीन, **पता :** मकान नं. सी–26/2, शाहबाद डेयरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 268/12, U/s 454/380/411 IPC, थाना: शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किरण** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किरण** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 268/12, U/s 454/380/411 IPC, थाना: शाहबाद डेयरी, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **किरण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14685/ON/224
(Court Matter)

## मयूर विहार में चलेगा बुलडोजर!



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मयूर विहार फेज-तीन के मुख्य बाजार में दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा अतिक्रमण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। अतिक्रमण के कारण 60 फुट चौड़ी सड़क आधी रह गई है। दुकानदारों ने फुटपाथ पर भी अपना सामान सजा रखा है। सड़क के दोनों ओर रेहड़ी- पटरियां और फुटपाथ पर स्टाल लगने से लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो चुका है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अतिक्रमण की वजह से फुटपाथ पर चलने के लिए इंच भर भी जगह नहीं मिलती है। जनप्रतिनिधियों से शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती है। अधिक दबाव बनाने के बाद केवल खानापूर्ति के लिए कार्रवाई कर देते हैं।

**समय पर ऑफिस या काम पर जाने में होती है दिक्कत**
मयूर विहार फेज-तीन के मुख्य बाजार के नजदीक पॉकेट ए-1, 2, 3, बी-7, 8 सहित अन्य सोसायटियां बनी हुई हैं। इनमें रहने वाले निवासियों का कहना है कि समय पर ऑफिस या काम पर पहुंचने के लिए हमें आधे से पौन घंटा पहले निकलना पड़ता है। स्थानीय निवासी विनोद शुक्ला ने बताया कि कुछ समय पहले तक यहां पर लगभग सौ रेहड़ियां लगती थीं, लेकिन विभाग की अनदेखी के कारण उनकी संख्या दोगुनी हो चुकी है। अश्विनी कुमार ने बताया कि निगम का दस्ता जब कार्रवाई करने आता है, तो ये सब गायब हो जाते हैं। लेकिन उनके जाते ही फिर से सड़क और फुटपाथ पर बाजार सज जाता है। फुटपाथ पर दुकानदारों ने कई फुट आगे तक सामान सजाया हुआ है।

## 7.65 बोर के कारतूसों से की जा रही है दिल्ली में उगाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में उगाही के लिए ताबड़तोड़ फायरिंग का दौर थमने का नाम ले रहा है। खास बात ये है कि 7.65 (.32) बोर के कारतूसों से दिल्ली में उगाही की जा रही है। गैंग कोई भी हो, गैंगस्टर कोई भी हो और शूटर कोई भी .. सभी 7.65 (.32) बोर के कारतूसों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### उत्तर रेलवे
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11242045 | मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग इलेक्ट्रोड, क्लास एम – 2 | 195000 मीटर | 27.11.2024 |
| 02 | 09242586 | सेकंडरी लैशिंग चैन | 1353 नग | 02.12.2024 |
| 03 | 07249887 | किट फॉर नोर ब्रेम्स मेक वर्टीकल डंपर्स | 2385 सेट | 09.12.2024 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.– 69/2024–2025, दिनांक 05.11.2024 3421/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बिरजू पुत्र** नंद लाल, **निवासी** ई–145, पंजाबी बस्ती, बलजीत नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 200/2019, U/S 356/379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन प्रसाद नगर, सैंट्रल जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिरजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बिरजू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 200/2019, U/S 356/379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन प्रसाद नगर, सैंट्रल जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **बिरजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिप्रा धनकर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
सैन्ट्रल जिला, कमरा नं0–180,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/14392/CD/2024
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **किशन लाल कदवा पुत्र** गोविंद राम **निवासी:** मकान नं. 7014/2, किला कदम शरीफ, पहाड़गंज, नई दिल्ली, ने **CC Case No. 3352/20, U/s 138 NI Act, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन लाल कदवा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **किशन लाल कदवा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC Case No. 3352/20, U/s 138 NI Act, पुलिस स्टेशन बुराड़ी, उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **किशन लाल कदवा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री नीतीश कुमार शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–01,
कमरा नं0–201, सैंट्रल जिला
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/14673/N/2024
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रियाजुद्दीन उर्फ भोला, पुत्र: शाहबुद्दीन, पता: 781, ई–59, कलंदर कॉलोनी, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–95** ने **FIR No. 79/12, dated 15.03.2012, U/s 341/324/506/34 IPC, पुलिस थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रियाजुद्दीन उर्फ भोला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रियाजुद्दीन उर्फ भोला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 79/12, dated 15.03.2012, U/s 341/324/506/34 IPC, पुलिस थाना सीमापुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **रियाजुद्दीन उर्फ भोला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06
शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/14611/SHD/2024

### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्या: 32A-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25** **दिनांक : 05.11.2024**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | पाटली स्टेशन पर एचओआरसी कनेक्टिविटी के कार्य के संबंध में आवश्यक 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 1,85,46,862.23/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,42,700/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.11.2024 (10:30 बजे) से 29.11.2024 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.11.2024 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3432/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. विजय पात्रो, पुत्र: श्री अमोल पात्रो, 2. सोमनाथ पात्रो, पुत्र: श्री अमोल पात्रो, पता: झुग्गी नं. 2, न्यू प्रियंका कैंप, काली मंदिर के पास, सरिता विहार, 3. अतेनू हलधर उर्फ अतुल हलधर, पुत्र: गोरा चंद हलदर, पता: झुग्गी नं. 446/1, न्यू प्रियंका कैंप, काली मंदिर के पास, सरिता विहार, नई दिल्ली** ने **FIR No. 491/2023, dated 16.09.2023, U/s 147/148/149/302/323/34 IPC, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. विजय पात्रो, 2. सोमनाथ पात्रो, 3. अतेनू हलधर उर्फ अतुल हलधर** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. विजय पात्रो, 2. सोमनाथ पात्रो, 3. अतेनू हलधर उर्फ अतुल हलधर** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 491/2023, dated 16.09.2023, U/s 147/148/149/302/323/34 IPC, पुलिस थाना सरिता विहार, नई दिल्ली** के अभियुक्त **1. विजय पात्रो, 2. सोमनाथ पात्रो, 3. अतेनू हलधर उर्फ अतुल हलधर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
दक्षिण–पूर्व जिला, कोर्ट नं. 510
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/14569/SE/2024

### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एनआईटी | 17, 18, 19, 20, 21, 22 - 2024-25-डब्ल्यू-5 | | | |
| **काम का नाम (स्थान के साथ) : 17.** सीनियर डीईएन/वी के तहत दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशनों पर "त्वरित पानी व्यवस्था" (क्यूडब्ल्यूए) की स्थापना। **कार्य की समान प्रकृति:** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | | | | |
| **18.** वर्ष 2024–25 के लिए एडीईएन/डीईई के तहत एसएसई/पी.वे/जीजीएन के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी.वे जोन, **कार्य की समान प्रकृति:** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। | | | | |
| **19.** वर्ष 2024–25 के लिए एडीईएन/डीईई के तहत एसएसई/पी.वे/डीईई के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी.वे ज़ोन, **कार्य की समान प्रकृति:** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। | | | | |
| **20.** वर्ष 2024–25 के लिए एडीईएन/एचएनजेडएम के तहत एसएसई/पी.वे/एचएनजेडएम के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी.वे जोन, **कार्य की समान प्रकृति:** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। | | | | |
| **21.** वर्ष 2024–25 के लिए एडीईएन/टीकेडी के तहत एसएसई/पी.वे/एफडीबी के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी.वे जोन, **कार्य की समान प्रकृति:** किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। | | | | |
| **22.** वर्ष 2024–25 के लिए एडीईएन/टीकेडी के तहत एसएसई/पी.वे/टीकेडी के अनुभाग में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी.वे ज़ोन। | | | | |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | **17.** रुपये 32613458.14 | **18.** रुपये 6355563.23 | | |
| | **19.** रुपये 6460496.65 | **20.** रुपये 8499069.88 | | |
| | **21.** रुपये 7999025.68 | **22.** रुपये 4999294.42 | | |
| **अग्रिम राशि (रुपये)** : (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट:– रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा..।) | | | | |
| **17.** रुपये 160000.00 | **18.** रुपये 127100.00 | **19.** रुपये 180000.00 | | |
| **20.** रुपये 170000.00 | **21.** रुपये 160000.00 | **22.** रुपये 100000.00 | | |
| काम की समाप्ति अवधि | **17.** 06 महीने | **18.** 12 महीने | **19.** 12 महीने | **20.** 12 महीने |
| | **21.** 12 महीने | **22.** 12 महीने | | |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 29.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा 29.11.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। | | | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | | | |

सं. 128-W/280/OET/2024-25/W-V/17, 18, 19, 20, 21, 22 दिनांक: 05.11.2024 3433/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी कैटलॉग सं.: UMB-Ctg-04-24 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 19.11.2024 को 11:00 बजे**

| | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | Catg-UMB-MOT-GMU-69-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल, प्लेटफार्म नं. 2 पर मलोट रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 11:30 hrs. |
| 2. | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल संख्या नं. 1 प्लेटफार्म नं. 1 पर नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 11:40 hrs. |
| 3. | Catg-UMB-SFMU-GMU-70-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 1 पर Sunam Udham Singwala Railway Station पर) | 19.11.2024 at 11:50 hrs. |
| 4. | Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 1 पर रामपुरा फुल रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 12:00 hrs. |
| 5. | Catg-UMB-GDB-GMU-71-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टाल प्लेटफार्म नं. 2 पर गिदरवाहा रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 12:10 hrs. |
| 6. | Catg-UMB-DUI-GMU-73-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए Refreshment Room in circulating एरिया धुरी रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 12:20 hrs. |
| 7. | Catg-UMB-JUDW-GMU-58-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल नं. 2 प्लेटफार्म नं. 2 जगधारी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 12:30 hrs. |
| 8. | Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टाल नं. 2 प्लेटफार्म नं. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 12:40 hrs. |
| 9. | Catg-UMB-UMB-SMU-54-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति(महिला) के लिए स्टाल नं. 14 प्लेटफार्म नं. 6/7 अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर) | 19.11.2024 at 12:50 hrs. |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें।
File No.: NR-UMB0COML(CG)/4/2023-O/o DCM1/UMB/NR 3440/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि फूल कुमार पुत्र ओमप्रकाश व पूनम देवी पत्नी फूल कुमार निवासी गांव बेगा तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करते है कि हमारे सगे पुत्र पंकज व उसकी पत्नी सोनिया मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। हम उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करते है। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# यमुना नदी के तट पर नहीं हो सकेगी छठ पूजा

**हाई कोर्ट का इजाजत देने से इनकार, हाई कोर्ट ने कहा कि यमुना का पानी इतना गंदा है कि अगर लोग उसमें घुसकर पूजा करेंगे तो खुद बीमार पड़ जाएंगे**

**याचिका खारिज**

कोर्ट में दायर याचिका में यमुना के तट पर छठ पूजा की इजाजत की मांग की गई थी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में यमुना नदी के तट पर छठ पूजा नहीं हो सकेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने इसकी इजाजत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट में दायर याचिका में यमुना के तट पर छठ पूजा की इजाजत की मांग की गई थी। दिल्ली सरकार ने यमुना तट पर छठ पूजा पर रोक लगाई हुई है। इसके खिलाफ 'पूर्वांचल नव निर्माण संस्थान' नाम के संगठन ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने कहा कि छठ पूजा चल रही है। हम ऐन वक्त पर कोई आदेश नहीं दे सकते हैं। रातोंरात यमुना साफ नहीं हो सकती है। हाई कोर्ट ने कहा कि यमुना का पानी इतना गंदा है कि अगर लोग उसमें घुसकर पूजा करेंगे तो खुद बीमार पड़ जाएंगे। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि छठ पूजा स्वच्छता का उत्सव है। इस बार हमें सिर्फ घाटों की सफाई की इजाजत दीजिए, ताकि अगले साल हम वहां छठ पूजा कर सकें। तब हाई कोर्ट ने कहा कि आप यमुना तट की सफाई के लिए अलग से अर्जी दाखिल कीजिए। हम आपको सुनेंगे, लेकिन इस याचिका पर हम ऐसा कोई आदेश नहीं दे सकते हैं।

**1000 स्थानों पर छठ पूजा की व्यवस्था**

दिल्ली में सरकार की तरफ से बनवाए गए, एक हजार से अधिक घाट पर टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम किया गया है। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया है ताकि श्रद्धालु खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सकें।

## छठ पर्व पर राजधानी की हवा प्रदूषित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में प्रदूषण के स्तर और हवा में घुला जहर लोगों को डरा रहा हैं। बढ़ते प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आखों में जलन और गले में खराश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छठ पर्व के दौरान जहरीली हुई दिल्ली की हवा लोगों के लिए समस्या पैदा कर रही है। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार जा पहुंचा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के डेटा के अनुसार, सुबह सात बजे मुंडका में एक्यूआई 419 बवाना में 412, बुराड़ी में 370, अशोक विहार 398, आईटीओ 327, जहांगीरपुरी 398, रोहिणी 395, नजफगढ़ 354, आरकेपुरम 373, पंजाबी बाग 388, सोनिया विहार 381, द्वारका सेक्टर 8 में 355 दर्ज किया गया है। उधर, मंगलवार को लगातार एक्यूआई 370 से ऊपर, बेहद खराब श्रेणी में रहा। हालांकि, सोमवार की तुलना में आठ अंक की कमी दर्ज की गई। मंगलवार की सुबह 6:30 बजे सफदरजंग में दृश्यता 800 मीटर दर्ज की गई। वहीं, आनंद विहार समेत कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। एनसीआर में दिल्ली के बाद गुरुग्राम सर्वाधिक प्रदूषित रहा। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक छठ पूजा पर हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच सकती है। वहीं, चार नवंबर को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा में पराली जलाने से होने वाले रोजाना औसत योगदान लगभग 23.36 फीसदी रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान में अधिक गिरावट होने से दिल्ली गैस चैंबर में तब्दील हो जाएगी। बता दें कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब, 401 से 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर एक्यूआई को बेहद गंभीर माना जाता है। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं विभिन्न दिशा की ओर से चली।

# कालिंदी कुंज में ग्रोसरी शॉप पर गोली चलाने के मामले में तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

यह मदनपुर खादर दिल्ली का रहने वाला है, जिसकी पुलिस को सात महीने से तलाश थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की दक्षिणी रेंज की टीम ने हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के मामले में अजीत सिंह उर्फ अजीता नामक तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। यह मदनपुर खादर दिल्ली का रहने वाला है, जिसकी पुलिस को सात महीने से तलाश थी। इसके खिलाफ कालिंदी कुंज थाने में मामला दर्ज है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि 19 अप्रैल को मालवीय नगर में एक ग्रॉसरी शॉप पर फायरिंग हुई थी, जिसमें दुकान मालिक के पैर में गोली लगी थी। उस मामले में पुलिस को अजीत सिंह की तलाश थी। क्राइम ब्रांच के एसीपी नरेश सोलंकी की देखरेख में इंस्पेक्टर विजयपाल दहिया की टीम को इस वांछित के बारे में सूचना मिली। उसी के आधार पर पुलिस टीम ने ट्रैप लगाया और उसे धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में अजीत ने बताया कि वह धन उगाही और फायरिंग के मामले में शामिल था। उसके साथी दीपक और सोनू नशे के आदी थे और वारदात के दिन गांजा खरीदने के लिए पैसे की जरूरत थी।

## दिल्ली मेट्रो ने शुरू की नई सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एक नया क्यूआर कोड सभी मेट्रो स्टेशनों पर लगाया है। इसे स्कैन करने के बाद टिकट लेने और भुगतान करने के सारे विकल्प मिल जाएंगे। इससे यात्रियों को मोबाइल पर अलग-अलग एप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली मेट्रो में क्यूआर टिकट बुकिंग के विभिन्न तरीके उपलब्ध हैं।

# यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने ट्रूडो की निकाली शव यात्रा




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट और राष्ट्रवादी शिवसेना ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा तथाकथित खालिस्तान के समर्थकों का खुला समर्थन करने और मनमर्जी करने देने के विरोध में आज दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर रोष प्रदर्शन किया तथा ट्रूडो की शव यात्रा निकाली। केनेडियाई दूतावास पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के कारण जन्तर-मन्तर पर शव यात्रा निकाल कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने किया। इस अवसर पर राजधानी दिल्ली / एनसीआर के वरिष्ठ साधु संत एवं अनेक प्रबुद्ध हिन्दू नेता उपस्थित रहे। श्री गोयल ने इस अवसर पर कहा कि ट्रूडो की शव यात्रा निकालने का कारण ट्रूडो में मानवता का मर जाना है। भारत के घोषित भगोड़े दुर्दांत आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को कनाडा सरकार ने गोद में बैठा रखा है। इसके विपरीत भारत के गृहमंत्री अमित शाह जैसे जमीन से जुड़े नेता पर झूठे मनगढ़ंत आरोप प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो मात्र अपनी कुर्सी बचाने के लिए लगा रहे हैंध हिन्दू मंदिरों पर हमला करने और वहां उपस्थित हिन्दुओं पर लाठी-डंडों से खुलेआम हमला करने वालों को संरक्षण देकर ट्रूडो क्या दिखाना चाहते हैं ? श्री गोयल ने कहा कि खालिस्तान का कोई अस्तित्व नहीं, किसी देश ने मान्यता नहीं दी, ऐसे अस्तित्वहीन देश के झंडे के लिए हिन्दू युवकों की बुरी तरह पिटाई और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के झंडे के प्रति मुट्ठीभर लोगों द्वारा निरादर करने वालों को खुली छूट देना ट्रूडो का मानसिक संतुलन बिगड़ जाना दर्शाता है।

**विरोध**

निरादर करने वालों को खुली छूट देना ट्रूडो का मानसिक संतुलन बिगड़ जाना दर्शाता है: गोयल

# फर्जी सीबीआई छापेमारी करने का आरोप निकला फर्जी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तरी जिले के रूप नगर इलाके में एक महिला ने पुलिस को कॉल करके स्पेशल 26 फिल्म की तरह फर्जी सीबीआई बताकर छापेमारी करने और घर से कीमती माल उड़ाने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने छानबीन शुरू की, तो आरोप जांच में फर्जी निकला। मामले की पुष्टि डीसीपी उत्तरी राजा बांठिया ने करते हुए बताया कि मंगलवार पांच नवंबर की रात को रूप नगर इलाके में एक महिला ने पीसीआर को फोन पर सूचना दी। उसने बताया कि सीबीआई के लोग बनकर उसके घर आए और घर की तलाशी के दौरान कीमती सामान ले गए। जांच करने पर पुलिस को पता चला की स्पेशल 26 फिल्म की तरह नकली सीबीआई की टीम नहीं थी। बल्कि सीबीआई की असली छापामारी थी। सीबीआई, दिल्ली के इंस्पेक्टर तरुण गौर के नेतृत्व में टीम ने नॉर्थ दिल्ली कमला नगर, जवाहर नगर के यूबी-8 में बांकिंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम एक्ट 2019 के मामले में छापा मारा था। इस छापेमारी के दौरान उत्सव गुप्ता और उनकी पत्नी ज्योति की उपस्थिति में सर्च वारंट के साथ उचित प्रक्रिया का पालन किया गया। उत्सव गुप्ता को सीबीआई टीम ने हिरासत में लिया और बाद में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूछताछ के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। इसी मामले को लेकर बाद में उत्सव गुप्ता की बहन द्वारा कॉल करके आरोप लगाए गए जो आरोप झूठे और मनगढ़ंत हैं।

# दिल्ली चुनाव से पहले नई टेंशन में केजरीवाल

**मनमुटाव**

विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच मनमुटाव भारी पड़ सकता है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच चल रहा मनमुटाव भारी पड़ सकता है। वहीं, आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल अपने कार्यकर्ताओं और पार्षदों व विधायकों में चल रहे मनमुटाव को खत्म करने में जुटे हुए हैं। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल कद्दावर कार्यकर्ताओं, पार्षदों व विधायकों को घर बुलाकर उनसे बात कर रहे हैं और उनकी नाराजगी दूर कर रहे हैं। वहीं, जरूरत पड़ने पर उनके घर भी उन्हें मनाने के लिए जा रहे हैं। केजरीवाल पार्टी की बैठकों में भी संदेश दे चुके हैं कि जिन्हें आपस में झगड़ा करना है। वे फरवरी के बाद करें, फिलहाल चुनाव पर ध्यान दें। यह समझें कि हर सीट पर केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें कि दिल्ली का यह विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए अहम है। दो बार पूर्ण बहुमत से दिल्ली में चुनाव जीतने वाली आप इस बार आशंकित है। उसकी आशंका का कारण भ्रष्टाचार का वह गंभीर आरोप है जो पार्टी के नेताओं पर लगा है, खुद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल भी इससे अछूते नहीं हैं। केजरीवाल तिहाड़ जेल में 177 दिन यानी लगभग 6 महीने रहकर जमानत पर बाहर आए हैं। इसलिए भी आप इस बार चिंतित है।

**आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय की प्रेसवार्ता**

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी लगातार सक्रिय है। गोपाल राय ने कहा कि गत दिनों हमने सरकार द्वारा किए गए कामों की जानकारी को घर-घर पहुंचाने के लिए अभियान शुरू किया था। वहीं विधानसभा क्षेत्रों में जो काम किए गए, उन्हें आप का विधायक आप के द्वारा कार्यक्रम के तहत रखा गया इसके बाद चुनाव के मद्देनजर पूरी दिल्ली में हर बूथ पर बूथ कमेटियों के गठन का काम पूरा कर लिया गया है।

# हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**



**नई दिल्ली:** क्राइम ब्रांच की टीम ने दिनदहाड़े खजूरी खास इलाके में हुई हत्या के मामले में 24 घंटे के अंदर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान अली हसन उर्फ अजय वर्मा के रूप में हुई है। इसके पास से अत्याधुनिक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। हत्या की वारदात कारोबार में विवाद के दौरान हुई थी। पकड़ा गया आरोपित दो और लोगों की हत्या करने की योजना बना रहा था लेकिन क्राइम ब्रांच की टीम ने समय पर एक्शन लेते हुए इसे गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय सेन ने बताया कि खजूरी खास इलाके में 3 नवंबर को भैया दूज के दिन दिनदहाड़े हेमंत कुमार नाम के शख्स की गोली मारकर हत्या की गई थी। जब हेमंत अपनी पत्नी के साथ भैया दूज मनाने के लिए सोनिया विहार ससुराल गया था। इस दौरान अली हसन उर्फ अजय वर्मा ने गोली चला दी और मौके से फरार हो गया था। परिवार वाले गंभीर रूप से घायल हेमंत को जग प्रवेश चंद्र हॉस्पिटल में ले गए लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उस मामले में एसीपी रमेश चंद्र लांबा, इंस्पेक्टर पंकज मलिक, रोहित कुमार की टीम टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इस वांछित के बारे में पता लगाने में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली की यह वेलकम के एमसीडी ऑफिस के पास आने वाला है। पुलिस टीम ने छापा मारकर वहां से इसे गिरफ्तार किया।

## आईसीजी महिपालपुर में डेटा सेंटर बनाएगा, आधारशिला रखी गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) नई दिल्ली के महिपालपुर में डेटा सेंटर बनाएगा। आईसीजी के उप महानिदेशक (नीति एवं योजना) एवं महानिरीक्षक (आईजी) आनंद प्रकाश बडोला ने प्रोजेक्ट डिजिटल कोस्ट गार्ड (डीसीजी) के टियर के तहत डेटा सेंटर की आधारशिला रखी। नवीनतम तकनीक से लैस यह डेटा सेंटर महत्वपूर्ण आईटी संसाधनों की निगरानी और प्रशासन के लिए मस्तिष्क केंद्र के रूप में काम करेगा, जिससे आईसीजी के प्रशासनिक कामकाज को महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

# दिल्ली में शुरू होने जा रहा छह लेन का हाईवे

**निरीक्षण**

सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विभागों के अधिकारियों के साथ हाईवे व यहां बन रहे नए पुलों का निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मीठापुर के समीप छह लेन का हाईवे जनता के आवागमन के लिए शुरू कर दिया जाएगा। इससे मथुरा रोड पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी। दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हाईवे व यहां बन रहे नए पुलों का निरीक्षण किया। सांसद बिधूड़ी ने एनएचएआई, दिल्ली पुलिस, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर को बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में मीठापुर चौक के समीप आगरा नहर, गुरुग्राम नहर पर नए पुलों और छह लेन के हाईवे को आवागमन के लिए जनता को समर्पित किया जाएगा।

**मथुरा रोड पर जाम की समस्या से मिलेगी राहत**

इन परियोजनाओं के शुरू होने से मथुरा रोड पर जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। अभी जो लोग नोएडा से मथुरा रोड का इस्तेमाल करते हैं, वह इस हाईवे का इस्तेमाल अब फरीदाबाद, पलवल, सोहना जा सकेंगे। उन्हें मथुरा रोड पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौके पर पहुंचे।

**25 मिनट में पहुंच जाएंगे सोहना**

सांसद ने बताया कि इन परियोजनाओं पर साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। यह दिल्ली के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। सांसद ने कहा कि सोहना जाने के लिए अभी ढाई घंटे का समय लगता है, लेकिन इन पुलों और हाईवे को आवागमन के लिए खोले जाने के बाद केवल 25 मिनट में सोहना पहुंचा जाएगा। इससे दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लोगों को भी बड़ा लाभ होगा। यह रोड मुंबई-वडोदरा हाईवे से जुड़ेगी।

# राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर हाई कोर्ट में सुनवाई 6 दिसंबर को

**टीम एक्शन इंडिया**




**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट में दाखिल याचिका के रिकॉर्ड दाखिल करने का निर्देश दिया। चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता और भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में दाखिल याचिका के रिकॉर्ड को पेश किया। इलाहाबाद हाई कोर्ट में दाखिल याचिका पर गौर करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि वो याचिका ज्यादा विस्तृत है लेकिन लगता है कि दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल याचिका की तरह ही है। तब सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में सुनवाई से इस हाई कोर्ट में चल रही सुनवाई का कोई लेना-देना नहीं है। तब चीफ जस्टिस ने एएसजी चेतन शर्मा से पूछा कि क्या सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अभी तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया है। तब चेतन शर्मा ने कहा कि वे इस पर निर्देश लेकर सूचित करेंगे। सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले याचिकाकर्ता वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए और बताया कि ये मामला एडवांस चरण में है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं और फिलहाल मामले की जांच सीबीआई कर रही है। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि वे चाहते हैं कि हम इलाहाबाद हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार का उल्लंघन नहीं करें। तब इलाहाबाद हाई कोर्ट के याचिकाकर्ता ने कहा कि उन्हें पूरे दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में दाखिल करने की अनुमति दी जाए। तब कोर्ट ने 6 दिसंबर तक दस्तावेज दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के याचिकाकर्ता को इस मामले में भी पक्षकार बनाने के लिए अर्जी दाखिल करने को कहा। हाई कोर्ट ने 9 अक्टूबर को भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी को इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को दाखिल करने के लिए समय दिया था। हाई कोर्ट ने 27 सितंबर को कहा था कि वो इलाहाबाद हाई कोर्ट में दाखिल याचिका की स्टेटस रिपोर्ट देखने के बाद ही सुनवाई जारी रखेंगे, क्योंकि वे नहीं चाहते कि दिल्ली हाई कोर्ट इलाहाबाद हाई कोर्ट के क्षेत्राधिकार का मामला सुने। इसके पहले 20 अगस्त को हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने याचिका को दूसरी बेंच में ट्रांसफर करना का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी ने खुद दलीलें रखते हुए कहा था कि उन्होंने 2019 में गृह मंत्रालय को लिखा था कि बैकओप्स लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन ब्रिटेन में 2003 में हुआ था और राहुल गांधी उस कंपनी के निदेशकों में से एक थे। याचिका में कहा गया है कि कंपनी की ओर से 10 अक्टूबर, 2005 और 31 अक्टूबर, 2006 को भरे गए सालाना आयकर रिटर्न में कहा गया है कि राहुल गांधी की नागरिकता ब्रिटेन की है। याचिका में कहा गया है कि कंपनी ने खुद को भंग करने के लिए 17 फरवरी, 2009 को जो अर्जी दाखिल की थी, उसमें भी राहुल गांधी की नागरिकता ब्रिटेन की बताई गई है। याचिका में कहा गया है कि ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 9 और भारतीय नागरिकता कानून का उल्लंघन है। अनुच्छेद 9 में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अगर स्वेच्छा से किसी दूसरे देश की नागरिकता

# विधायक ने किया निर्माणाधीन आईसीयू ब्लॉक का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली के गीता कॉलोनी स्थित चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के निर्माणाधीन आईसीयू ब्लॉक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी( आआपा) के तथाकथित 'हेल्थ मॉडल' की समीक्षा की।

चिकित्सालय के निर्माणाधीन आईसीयू ब्लॉक का निरीक्षण करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस आईसीयू ब्लॉक का निर्माण सितंबर 2021 में शुरू होकर छह महीने में पूरा किया जाना था, परंतु आज तक इसका 50% भी निर्माण पूरा नहीं हुआ है। जुलाई 2023 से इस अस्पताल का कार्य ठप पड़ा है । उन्होंने बताया कि इस देरी की वजह से निर्माण लागत दो गुना हो गई है और बजट में धनराशि का प्रावधान नहीं किया गया है । गुप्ता ने कहा कि यह अस्पताल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। यह आम आदमी पार्टी(आआपा) सरकार की स्वास्थ्य सेवा के प्रति लापरवाही और जनता के प्रति गैर-जिम्मेदार रवैये को दर्शाता है। दिल्ली की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के वादे केवल कागजों पर ही सीमित रह गए हैं।

# तीन गुणा ताकत से होगा विकास: सीएम सैनी

## सीएम सैनी ने किया लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों का धन्यवादी दौरा, प्रदेश सरकार जमीन से वंचित योग्य 2 लाख प्रार्थियों को जल्द देगी 100-100 वर्ग गज के प्लाट: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लाडवा:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवासीय भूमि से वंचित 2 लाख योग्य प्रार्थियों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट की सौगात देगी। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 5 लाख लोगों ने प्लॉट के लिए आवेदन किया था। इन सभी योग्य लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जाएंगे।
मुख्यमंत्री बुधवार को जिला कुरुक्षेत्र के लाडवा विधानसभा क्षेत्र में गांव उमरी, मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी में धन्यवादी दौरे को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। सभी गांवों में मुख्यमंत्री के आगमन पर ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। अनेक स्थानों पर मुख्यमंत्री को सम्मान सूचक पगड़ी पहनाकर तथा फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत उमरी, मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी की सभी मांगों को पूरा किया और गांव मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी को 21-21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को 2100 रुपए की राशि देने के अपने चुनावी वायदे को पूरा करने की दिशा में काम करते हुए अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के आदेश दिए गए हैं और शीघ्र ही प्रदेश की महिलाओं को यह सौगात दी जाएगी। इस धन्यवादी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव दबखेडा में बड़े सामुदायिक केन्द्र की सौगात देने के साथ-साथ पिछड़ा वर्ग चौपाल के नवीनीकरण की भी मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों को हाथ जोड़कर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाडवा विधानसभा के साथ-साथ प्रदेश में तेज गति के साथ विकास कार्य किए जाएंगे और प्रदेश में सभी सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी के लिए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय की जाएगी।





### पंजाब सरकार ने नहीं खरीदी किसानों की फसल

**नायब** सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान भी हरियाणा में किसानों की फसल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदा गया और किसी भी मंडी में कोई दिक्कत नहीं आने दी गई। जबकि पंजाब में कोई चुनाव नहीं थे फिर भी पंजाब सरकार ने किसानों की फसल नहीं खरीदी और न ही फसलों का निर्धारित मूल्य देने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने गरीब व्यक्ति का निवाला छीनने का काम किया, जबकि भाजपा सरकार ने गरीबों को उनका हक घर-घर जाकर देने का काम किया। हरियाणा में गरीबों ने ही तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का काम किया है।

### एक कलम से दी 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों ने तीसरी बार सरकार बनाकर जो विश्वास और जिम्मेवारी हमें सौंपी है, उस विश्वास को बरकरार रखा जाएगा और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार तीन गुणा ताकत से प्रदेश का विकास करेगी।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान करने सहित किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदना, किसानों को समय पर मुआवजा देना और रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार बनते ही मरीजों को फ्री डायलिसिस की सुविधा दी है।

**चुनावी वायदे को पूरा करते हुए शपथ लेने से पहले एक कलम से दी 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सरकारी नौकरियां बिकती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची सरकारी नौकरियां देने का काम किया। राज्य सरकार ने अपनी चुनावी वायदे को पूरा करते हुए शपथ लेने से पहले एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए एक कलम से 25 हजार युवाओं को बिना सिफारिश के सरकारी नौकरियां देने का काम किया।
उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि चुनावों के दौरान कई प्रत्याशियों ने पहले से ही अपने चहेतों को सरकारी नौकरियां देने का आश्वासन दे दिया था। लेकिन प्रदेश की जनता ने विपक्षी दलों को आइना दिखाने का काम किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले युवाओं को नौकरियां न मिले, इसके लिए कांग्रेस पार्टी तो चुनाव आयोग के पास चली गई थी और आचार संहिता के चलते नौकरियों पर रोक लगानी पड़ी। इससे कांग्रेस का युवाओं के प्रति दोहरी नीति का चेहरा भी साफ हो गया है।

## न्यूज फ्लैश

### फरीदाबाद में युवक के प्राइवेट पार्ट में पोटाश भरकर फोड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** सेक्टर-22 के शिवाजी नगर में युवक के प्राइवेट पार्ट में पोटाश भरकर फोड़ दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना बीते एक नवंबर की है, जब युवक शौच करके लौट रहा था कि तभी उसे आठ युवकों ने उसे घेर लिया। घायल युवक रमेश ने बुधवार को बताया कि घेरने वाले आठ युवकों ने पाइप में पोटाश भरकर उसके प्राइवेट पार्ट पर फोड़ दिया। जिसके चलते उसे काफी गंभीर चोट आई। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी, लेकिन पुलिस ने अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। भारतीय मानव संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहतास चौधरी ने बताया कि उनके पास भी बीते एक नवंबर को इस मामले की सूचना आई थी। उसके बाद पीड़ित परिवार ने इसकी लिखित शिकायत थाना मुजेसर में दी। लेकिन आज तक थाना मुजेसर पुलिस ने किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। रोहतास चौधरी ने लगाते हुए कहा कि पुलिस आरोपियों का बचाव कर रही है। अभी तक उसका इलाज भी नहीं कराया गया है। पीड़ित परिवार की महिलाएं जब थाना मुजेसर में इस मामले को लेकर जांच अधिकारी उमेश से मिलने के लिए गई। तब उमेश ने उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देकर भगा दिया। वहीं जब इस मामले की जांच अधिकारी उमेश से बात की गई, तो उन्होंने कोई भी शिकायत न मिलने की बात कह कर मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी की कोई शिकायत नहीं मिली है।

### जींद को जल्द मिलेगी नहरी पेयजल आधारित सप्लाई: डा. कृष्ण मिड्ढा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** जींद के लोगों के लिए खुशखबरी है। जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने वादा किया था कि जींद को नहरी पेयजल आधारित सप्लाई मिलेगी। विधायक एवं डिप्टी स्पीकर बनते ही डा. कृष्ण मिड्ढा ने अपने इस वादे को पूरा करने का काम किया है। जल्द ही लोगों को नहरी पेयजल आधारित सप्लाई मिलेगी। हरियाणा प्रदेश हाई पावर परचेज कमेटी ने योजना को हरी झंडी दे दी है।
बुधवार को जानकारी देते हुए जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि बड़ौदी गांव के पास करीब 36 एकड़ जमीन में बड़ा जलघर बनाया जाना प्रस्तावित है और इस जलघर में तीन बड़े वाटर टैंक बनाए जाएंगे। इन वाटर टैंक में नरवाना के पास से गुजर रही सिरसा ब्रांच नहर से जींद-नरवाना रोड के समानांतर पाइप लाइन के जरिये ही यहां भाखड़ा का पानी लाया जाएगा। जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि परियोजना के तहत नरवाना से बड़ौदी तक और बड़ौदी से शहर में कुल 330 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछेगी। इसमें चार इंच से लेकर 48 इंच के साइज की पाइप लाइन होगी। पुरानी लाइन जर्जर हो चुकी है और इसकी जगह नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी, ताकि नई पाइप लाइन दबाने के बाद शहरवासियों को बिना किसी रूकावट के स्वच्छ पेयजल मिल सके। वहीं शहर में 19 बुस्टिंग स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।

### शरद अग्रवाल क्लासिक लीजेंड्स के नए चीफ बिजनेस ऑफिसर नियुक्त

**नोएडा ।** क्लासिक लीजेंड्स शरद अग्रवाल को अपने चीफ बिजनेस ऑफिसर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करते हुए रोमांचित है। व्यवसायों को बढ़ाने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, शरद रणनीतिक अनुभव लेकर आए हैं जो कंपनी के महत्वाकांक्षी व्यावसायिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीबीओ के रूप में अपनी नई भूमिका में, वे क्लासिक लीजेंड्स के सीईओ आशीष सिंह जोशी को रिपोर्ट करेंगे और बिक्री, नेटवर्क विस्तार और सेवा की देखरेख करेंगे। बाजार की कमियों को पहचानने और सरल, अभिनव समाधान तैयार करने की मजबूत क्षमता के माध्यम से, शरद ने अपनी पिछली भूमिकाओं में लगातार शानदार परिणाम दिए हैं। क्लासिक लीजेंड्स के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने कहा, शरद का नेतृत्व और अनुभव हमारे भविष्य के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगा। हम लगातार कुछ नया करते रहते हैं और बदलाव लाते रहते हैं। यही कारण है कि हमें विश्वास है कि वह कंपनी के लिए एक बेहतरीन फिट और एक परिसंपत्ति होंगे।

# तीन दिवसीय होगा हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: नवगठित** नायब सरकार का पहला हरियाणा विधानसभा सत्र हंगामेदार रहने के आसार हैं। विपक्ष की ओर से सरकार को धान खरीद और डीएपी के मुद्दे पर घेरने की रणनीति तैयार की जा रही हैं। वहीं नायब टीम भी विपक्ष के हमले का जवाब देने की तैयारी में जुटी हुई है। शपथ ग्रहण के विशेष सत्र के बाद अब तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र का आयोजन होगा। हरियाणा के मुख्य सचिव की तरफ से बुधवार को विधानसभा सचिवालय को संभावित कार्यक्रम भेजा गया है। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले की दिन की कार्यवाही राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगी। बुधवार 13 नवंबर को सुबह 11 बजे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय नवगठित नायब सरकार का रोडमैप सदन में पेश करेंगे। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद



मुख्यमंत्री नायब सैनी शोक प्रस्ताव पढ़ेंगे। शोक प्रस्ताव के बाद सरकार की ओर से सदन पटल पर दस्तावेज रखेंगे। इसके बाद राज्यपाल के अभिषाण पर चर्चा होगी और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारी के अनुसार गुरुवार 14 नवंबर को दूसरे दिन की कार्यवाही का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। अनुपूरक अनुमान की प्रस्तुति पेश की जाएगी। अनुपूरक अनुमानों की मांग पर चर्चा और मतदान होगा। इसके बाद विधायी कार्यों पर चर्चा होगी। 15 नवंबर शुक्रवार को गुरुनानक जयंती पर अवकाश रहेगा और 16 नवंबर शनिवार और 17 नवंबर रविवार की छुट्टी होगी। 18 नवंबर

**दिखेगा टकराव**

**▶▶ विपक्ष की ओर से सरकार को धान खरीद और डीएपी के मुद्दे पर घेरने की रणनीति तैयार की जा रही हैं**

सोमवार को सुबह 11 बजे तीसरे दिन की कार्यवाही शुरू होगी। सरकार की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए अनुपूरक अनुमान (प्रथम किस्त) के संबंध में हरियाणा विनियोग विधेयक की पुनः पेश किया जाएगा। विधेयक को मतदान के साथ पारित किया जाएगा और विधायी कार्यों के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के स्थगित की जाएगी।

**सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच में देखने को मिलेगा टकराव**

हरियाणा विधानसभा के तीन दिवसीय शीतकालीन सत्र में पक्ष और विपक्ष में टकराव देखने को मिलेगा। 25 अक्टूबर को विशेष सत्र में भाजपा और कांग्रेस के विधायक आमने-सामने नजर आए थे। सदन कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी मदुभाषिता के जरिये विपक्ष को करारा जवाब देंगे, तो ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा सहित बेबाकी के लिए जाने-जाने वाले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी विपक्ष के हर पलटवार का कड़ा जवाब देते नजर आएंगे। इसके साथ ही कांग्रेस की ओर से रघुवीर कादियान, बीबी बत्रा, आफताब अहमद और गीता भुक्कल सहित अशोक अरोड़ा भाजपा को घेरेंगे।

# ग्लोबल सिटी की डीपीआर जल्द से जल्द करें तैयार: राव नरबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज यहां एचएसआईडीसी, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागों की कार्यप्रणाली पर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों को शुरू करने से लेकर सभी प्रकार की अनुमति लेने तक की प्रक्रिया को और सरल बनाया जाए, ताकि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगे जिससे रोजगार को भी बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि देश में उद्योग

**समीक्षा बैठक**

**▶▶ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागों की कार्यप्रणाली पर समीक्षा बैठक की**

स्थापित करने के लिए हरियाणा से बेहतर कोई राज्य नहीं है। उन्होंने औद्योगिक रूप से पिछड़े ब्लॉक सी और डी में नए औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने पर जोर दिया।
उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री नरबीर सिंह ने कहा कि औद्योगिक टाउनशिप और एचएसआईडीसी की औद्योगिक संपदा में निवेशकों की बजाय निमार्ता उद्यमी आए। जल्द उत्पादन शुरू हो इस पर काम करना चाहिए, क्योंकि कई बार निवेशक निवेश करके औद्योगिक प्लॉट को खाली छोड़ देता है और समय पर विकास नहीं हो पता।
कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी विकास कार्य चल रहे हों, वहाँ संबंधित अधिकारी समय-समय पर दौरा कर गुणवत्ता की जांच जरूर करें।

### अनियंत्रित कारें टकराई, एक की मौत

**जींद : गांव** हैबतपुर के निकट मंगलवार सायं अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा कर दूसरी तरफ गिर गई। जिससे कार सवार पिंडारा निवासी ओमबीर की मौत हो गई, जबकि चार युवक घायल हो गए। दूसरी कार में सवार तीन युवकों शहर के नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन है जबकि घायल धनखड़ी निवासी रोबिन को पीजीआई रेफर कर दिया। पिंडारा निवासी 25 वर्षीय ओमबीर मकानों पर पीवीसी का काम करता था। अपने दूसरे साथी धनखड़ी निवासी रोबिन जो कि बिजली का मिस्त्री है। उसके साथ धनखड़ी गांव में मकान में पीवीसी के काम के लिए गए हुए थे।

# हरियाणा के मंत्रियों को कोठिया आवंटित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :**हरियाणा में मंत्रिमंडल के गठन और विभागों के वितरण के बाद बुधवार को मंत्रियों को नए बंगले आवंटित किए गए। नायब सैनी सरकार के 10 मंत्रियों को नए बंगले आवंटित किए गए हैं। अनिल विज और कृष्ण बेदी को अभी प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण और कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा पड़ोस में रहेंगे। इन्हें चंडीगढ़ के सेक्टर 2 में 48 और 49 नंबर की कोठियां आवंटित की गई हैं। इसके अलावा मंत्री कृष्ण पंवार को सेक्टर 3 में 32 नंबर की कोठी आवंटित की गई है। राव नरबीर सिंह को सेक्टर-5 में 52 नंबर का सरकारी आवास दिया गया है। कैबिनेट मंत्री अनिल विज 32 नंबर की कोठी लेने के इच्छुक थे, लेकिन उन्हें आवंटित नहीं की गई है। हालांकि इससे पहले उन्होंने अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में सरकारी आवास लेने से इनकार कर दिया था। विज अब तक 7 बार के विधायक हैं और तीसरी बार मंत्री बने उन्होंने अभी तक एक बार भी सरकारी आवास और विधायक फ्लैट नहीं लिया। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, रणबीर गंगवा और गौरव गौतम को चंडीगढ़ के सेक्टर 7 में कोठियां आवंटित की गई हैं। श्रुति को सेक्टर 7 की 72 नंबर की कोठी आवंटित की गई है। रणबीर

**वितरण**

**▶▶ 10 मंत्रियों को नए बंगले आवंटित किए गए हैं, विज और कृष्ण बेदी को अभी प्रतीक्षा सूची में रखा गया**

गंगवा को 73 और गौरव गौतम को 75 नंबर का सरकारी आवास मिला है, जबकि आरती सिंह राव इसी सेक्टर के 82 नंबर सरकारी आवास में रहेंगी। डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा को सेक्टर 16 का 239 नंबर का सरकारी आवास आवंटित हुआ है।
सीएम नायब सैनी की कैबिनेट में अनिल विज सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। यही वजह है कि वह बंगला नंबर 32 लेना चाहते थे। अभी तक बंगला नंबर 32 सबसे वरिष्ठ विधायक या मंत्री को आवंटित किया जाता रहा है। इस बार कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार को आवंटित किए जाने से पहले यह पूर्व ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को आवंटित किया गया था। इस बार अनिल विज परिवार के आग्रह पर सरकारी आवास लेने के इच्छुक थे, लेकिन अभी तक उन्होंने एक बार भी आवास नहीं लिया है, इस कारण सचिवालय प्रशासन द्वारा संबंधित विभाग को सूचना नहीं दी गई और उन्हें आवास आवंटित नहीं किया जा सका।

# सामाजिक बदलाव की दिशा में काम करें अधिकारी: श्रुति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रुति चौधरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं को जागरूक करते हुए सामाजिक बदलाव की दिशा में काम करें। ताकि विभाग की योजनाओं का उद्देश्य हासिल किया जा सके। प्रदेश में महिला एवं बाल कल्याण के लिए अधिकारी विटामिन-डी के वितरण, महिलाओं में स्किल डेवलपमेंट व पोषण पर फोकस करते हुए जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की दिशा में सक्रियता से काम करें। उन्होंने



कहा कि जल संरक्षण व पराली न जलाने बारे जागरूकता अभियान में आंगनबाड़ी वर्कर्स अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसीलिए विभाग इस बारे में विशेष अभियान चलाए।
यह भी महिलाओं व बच्चों के पोषण से जुड़े हुए हैं। विभाग के अधिकारियों की बैठक में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पोषण, वात्सल्य व महिला एवं बाल सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं का केंद्र बिंदु हैं। इनके इर्द-गिर्द चलाई जा रही सभी योजनाओं के विकास के लिए एक कार्य योजना का चार्ट तैयार करते हुए उस पर काम शुरू करें। ताकि समय-समय पर इसकी समीक्षा की जा सके। मंत्री ने अधिकारियों से योजना अनुसार प्रगति की जानकारी हासिल की। उन्होंने पोषण योजना के तहत महिलाओं, बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से लेकर उनके वितरण तक की बारीकी से जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि अधिकारी अन्य विभागों के साथ तालमेल से जो योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, उनके लिए आपसी सहयोग बढ़ाएं। वे स्वयं भी जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन देखने के लिए दौरे करेंगी।

# झज्जर: कुमारी शैलजा ने बढ़ाया कार्यकर्ताओं का मनोबल

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी शैलजा बुधवार को बहादुरगढ़ के लोवा कलां गांव पहुंची। वह प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव शीतल मान के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों से रूबरू हुई। इससे पहले ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं से चर्चा की। कुमारी शैलजा ने कांग्रेसियों का मनोबल बढ़ाते हुए कांग्रेस को आगे बढ़ने का आह्वान किया। विधानसभा चुनाव में हार के बाद

**रूबरू**

**▶▶ खाद के लिए आधी रात को लंबी लंबी लाइन लगती हैं और कई जगह पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया**

अधिकतर कांग्रेस नेता सदमे में हैं। शीतल मान ने कहा कि हालांकि इस बीच कुमारी शैलजा कार्यकताओं के पास जा रही हैं और संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा कर रही हैं। शैलजा ने कार्यकताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में इन दिनों डीएपी खाद की किल्लत के कारण किसानों को परेशानी है और गेहू की खेती प्रभावित हो रही है।
उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर किसानों को तंग कर रही है। खाद के लिए आधी रात को लंबी लंबी लाइन लगती हैं और कई जगह पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया है जो बेहद निंदनीय और चिंताजनक है। उन्होंने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पर की गई टिप्पणी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें अपने पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए।

# हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों के लिए अग्रिम और ऋण सीमा बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने 14 साल बाद सरकारी कर्मचारियों को जरूरत पर अग्रिम राशि और ऋण लेने के मामले में बड़ी राहत दी है। प्रदेश सरकार ने मकान के निर्माण, विवाह, वाहन और कंप्यूटर खरीदने के लिए अग्रिम और ऋण की सीमा में बढ़ोतरी की है। इससे पहले 22 नवंबर 2010 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने यह बढ़ोतरी की थी।
सरकार के इस फैसले से सरकारी कर्मचारी अब मकान बनाने के लिए 25 लाख रुपए तक अग्रिम ले सकेंगे। पहले 20 लाख रुपए मिलते थे। बेटे-बेटी की शादी के लिए 3 लाख रुपए का ऋण मिल सकेगा। वाहन और कंप्यूटर खरीदने के लिए भी ऋण की राशि में बढ़ोतरी की गई है।



वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने अग्रिम राशि में बढ़ोतरी को लेकर सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार, मंडल आयुक्तों, उपायुक्त व उपमंडल अधिकारी (नागरिक) को निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकारी कर्मचारी को उसकी पूरी सेवा अवधि में 25 लाख रुपए तक केवल एक बार अग्रिम मिलेगा। गृह आवास भत्ता केवल एक व्यक्ति (पति या पत्नी) को दिया जाएगा। ब्याज दर जनरल प्रोविडेंट फंड के बराबर होगी।
मकान खरीद के लिए 34 महीने का मूल वेतन या अधिकतम 25 लाख रुपए में जो भी कम होगा, वह दिया जाएगा।

**बढ़ोतरी**

**▶▶ मकान के निर्माण, विवाह, वाहन और कंप्यूटर खरीदने के लिए अग्रिम और ऋण की सीमा में बढ़ोतरी की है**

घर बनाने के अग्रिम की कुल मंजूर राशि का 60 प्रतिशत अर्थात किसी भी वेतन मैट्रिक्स में 20 महीने का मूल वेतन और अधिकतम 15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद शेष 10 लाख रुपए उसी भूखंड पर घर के निर्माण के लिए दिए जाएंगे।
सरकारी कर्मचारी अपने बेटे-बेटी या बहन सहित किसी अन्य आश्रित के विवाह के लिए 10 माह का मूल वेतन और अधिकतम तीन लाख रुपए अग्रिम ले सकेंगे। यह राशि पूरी सेवा के दौरान केवल 2 बार मिल सकेगी। ब्याज दर जीपीएफ के बराबर होगी। दूसरा अग्रिम राज्य सरकार द्वारा प्रथम विवाह अग्रिम के लिए निर्धारित ब्याज दर पर उपलब्ध होगा। 45 हजार रुपए और उससे अधिक का संशोधित वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारी इस अग्रिम के लिए पात्र होंगे। ऐसे कर्मचारियों को कार खरीदने के लिए 15 माह का मूल वेतन, जिसकी अधिकतम सीमा साढ़े 6 लाख रुपए या मोटर कार की वास्तविक कीमत का 85फीसदी जो भी कम हो, ऋण मिलेगा। प्रथम ऋण पर ब्याज दर जीपीएफ के बराबर दूसरी बार ऋण लेने पर 2फीसदी अधिक तथा तीसरी बार ऋण लेने पर 4 फीसदी अधिक होगी।

# विकास राशि का एक-एक पैसा ईमानदारी से लगाना होगा: विधायक योगेंद्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** वीर हकीकत राय पंजाबी धर्मशाला में आयोजित की गई भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक को संबोधित करते हुए हलका असंध के भाजपा विधायक योगेंद्र राणा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए जो विकास राशि उपलब्ध करवाई जा रही है, उसका एक-एक पैसा ईमानदारी से विकास कार्यों पर लगाना होगा। इसमें किसी प्रकार का भाई भतीजावाद नहीं चलेगा। विधायक ने विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरतने की सलाह भी दी। हाल ही में जुंडला ग्राम पंचायत को विकास कार्यों के लिए जारी की गई करीब 16 लाख रूपए की राशि का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा विश्वस्तरीय पार्टियों में शुमार हो गई है, जिसकी वजह से हर रोज लोग भाजपा में आस्था के शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 9 वर्षों तक पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जिस प्रकार से प्रदेश का बिना किसी भेदभाव के विकास करवाया गया है। यही वजह है कि करनाल लोकसभा में अंतर्गत आने वाली 9 विधान सभा की सीटों को जीता कर जनता ने भाजपा की झोली में डाला हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश में चंहुमुखी विकास ने रफतार पकड़ ली है।



कार्यक्रम में भाजपा जुंडला मंडलाध्यक्ष नरेन्द्र नरवाल, सहकारी बैंक के निदेशक एवं भाजपा नेता प्रवीन नरवाल, पूर्व मंडलाध्यक्ष अजीत राणा औगंद, पूर्व सरपंच राहुल बीड़माजरा, पूर्व ब्लाक समिति अध्यक्ष राजेश कादियान, समाज सेवी सतेन्द्र पूनिया बड़ौता, सरपंच प्रतिनिधि सतीश नरवाल विशेषतौर पर मौजूद रहे।

# हरियाणा की जनता ने सत्ता में लगाया कांग्रेस के लिए नो एंट्री बोर्ड : योगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने आज अपने धन्यवाद कार्यक्रम की शुरूआत जुंडला मंडल में हुई सदस्यता अभियान की बैठक से की। तत्पश्चात गांव दुपेडी, पधाना, रिसालवा एवं गांव फैजपुर खेड़ा में पंहुच कर मतदान रुपी आशीर्वाद के लिए लोगों का आभार जताया। इस मौके पर लोगों का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। हरियाणा की यह जीत कार्यकताओं के अथक परिश्रम की जीत है तथा प्रदेश के नम्र विनम्र मुख्यमंत्री नायबसैनी की जीत है। उन्होंने कहा कि इस जीत ने आज हरियाणा की जनता ने नया इतिहास रच दिया है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था, इतने वर्षों में बड़े-बड़े दिग्गजों ने इस राज्य का नेतृत्व किया। इस ऐतिहासिक जनादेश की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दे रही है। विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि हरियाणा में 2014 के बाद जितने भी चुनाव हुए लोगों ने कांग्रेस को नहीं जिताया और हरियाणा के अलावा देश के कितने ही राज्य हैं, जहां से कांग्रेस को एक बार लोगों ने निकाल दिया, फिर उसे घुसने नहीं दिया। कांग्रेस के लिए नो इंट्री का बोर्ड लगा दिया। इस दौरान जुड़ला मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नरवाल, जुड़ला मंडल महामंत्री सुभाष राणा, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सतपाल जैन, सुरेंद्र जानी, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ.बूटी राम, बृज लाल टक्कर,बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा, दूपेड़ी सरपंच रवि बेनीवाल, सतपाल जांगड़ा, दिलबाग वाल्मीकि, सुरेश बेनीवाल, पधाना सरपंच रणधीर सिंह, लाभ सिंह, केहर सिंह फौजी, ब्रह्मदास, ब्रह्मानंद, दिलीप सरपंच, ओबीसी मोर्चा जिला सचिव जयभगवान जांगड़ा, जयकुमार सलवान, कंवर पाल राणा सालवन, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रणदीप, गांव सालवन सरपंच जयबीर, नाथी राम, हरपाल सैनी, कबूलपुर खेड़ा सरपंच राजेश, भुजवीर नंबरदार, जोगिंदर पंचाल बल्ला, संजय पाल, हरि मोहन शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### शहर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान जारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। नगर निगम की नव आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शहरवासियों को आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर निगम का बेसहारा पशुओं को पकडे का अभियान जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को 15 गौवंश को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला में भेजा गया है। भियान की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बीती 25 अक्तूबर को बेसहारा पशुओं को पकडे का अभियान शुरू किया गया था, जो जारी है। उन्होंने बताया कि इसके तहत अब तक करीब 166 गौवंश को पकडकर फूसगढ़ स्थित नगर निगम की गौशाला व नंदीशाला में रखा गया है। दूसरी ओर गौशाला व नंदीशाला में पशुओं की संख्या क्षमता से अधिक होने के कारण उन्हें करनाल जिला की अन्य गौशालाओं से बात कर स्थानांतरित किया जा रहा है। इसके तहत असंध, फुरलक व गगसीना की गौशालाओं में 144 गौवंश को स्थानांतरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए नगर निगम योजना बनाकर कार्य कर रहा है।

# सुभाष चंद्र ने किया मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

## इलाज के अभाव में मरीज को कोई भी कठिनाई नहीं होनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर का दौरा किया। उनके साथ मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ.महेंद्र कुमार भी साथ थे। सबसे पहले उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मरीजों से वहां मिलने वाले ईलाज, दवाई और व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। सुभाष चंद्र ने इसके बाद ओटी, पंजीकरण केंद्र, मेडिसिन विभाग, मेडिसिन वितरण केंद्र सहित विभागों के वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ जगह मिली गंदगी को देखकर उन्होंने साथ में चल रहे अधिकारियों को सफाई व्यवस्था में सुधार करने के दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मरीज को मिलने वाले ईलाज में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इमरजेंसी वार्ड में आने वाले प्रत्येक मरीज को तत्काल इलाज दिया जाए। इलाज के अभाव में मरीज को कोई भी कठिनाई नहीं होनी चाहिए।



**हाइलाइट्स**

▶▶ सबसे पहले उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली

इसका खासा ख्याल रखें। सुभाष चन्द्र ने हाट सुप्रीम एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि वे समय पर कॉलेज के कचरा उठान को सुनिश्चित करें।

# नगर निगम की नव आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने संभाला कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार के हाल ही में जारी आदेशों की अनुपालना में 2017 बैच की आईएएस डॉ. वैशाली शर्मा ने करनाल नगर निगम आयुक्त एवं जिला नगर आयुक्त का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पूर्व वे हिसार में जिला नगर आयुक्त एवं नगर निगम आयुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त कुरूक्षेत्र तथा अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी करनाल जैसे कई पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। नव आयुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखना, पार्कों का उचित रख-रखाव, गड्ढा मुक्त सडकें, सम्पत्ति कर वसूली, निगम की आय में बढ़ौतरी तथा नागरिकों को समय पर व बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी।



# घ़र के बाहर खड़ी बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** शास्त्री नगर में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। चोरी की घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बाइक मालिक ने इसकी शिकायत



थाना गन्नौर में दी है। शास्त्री नगर के राजेश शर्मा ने बताया कि उनका घर बंद गली में है। वह अपनी स्पलेंडर बाइक को रात के समय घर के बाहर गली में ही खड़ा करते थे।

# जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 17 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। बुधवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 17 शिकायतें आई, जिनमें से 16 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। 1 शिकायत को अभी लंबित रखा गया है।




बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने शिकायतों को सुना। यहां 8 शिकायतें आई, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं असंध नगरपालिका कार्यालय में 2 शिकायतें आई, जिनका मौके पर ही निवारण कर दिया गया। इंद्री नगरपालिका में 1 शिकायत आई, इसका भी मौके पर समाधान कर दिया गया। घरौंडा नगरपालिका में 2 शिकायतें प्राप्त हुई।

# गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में संगीतमय गौकथा 9 को

**गन्नौर:** श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर गोशाला समिति द्वारा गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में 9 नवंबर को संगीतमय गौकथा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समिति के प्रधान सतपाल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि समिति के संस्थापक गौऋषि श्यामदास महाराज द्वारा गौकथा का गुणगाण किया जाएगा। जबकि उत्तरप्रदेश के रमेश भाई प्रणामी द्वारा भजनों का गुणगाण किया जाएगा। इससे पहले मंदिर के प्रांगण से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के बाद नंद बाबा व ग्वालों द्वारा गौमाता का पूजन किया जाएगा।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को उनके मौजूदा मार्ग, दिन, समय सारणी, संरचना एवं ठहराव के साथ आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी सं. | से | तक | अवधि | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तारित अवधि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04518 | चंडीगढ़ | गोरखपुर | साप्ताहिक | वीरवार | 14.11.2024 | 28.11.2024 | 04 फेरे |
| 04517 | गोरखपुर | चंडीगढ़ | | शुक्रवार | 15.11.2024 | 29.11.2024 | |
| 04060 | आनन्द विहार(टर्मि.) | जयनगर | सप्ताह में 02 दिन | मंगल,शुक्र | 15.11.2024 | 29.11.2024 | 08 फेरे |
| 04059 | जयनगर | आनन्द विहार(टर्मि.) | | बुध, शनि | 16.11.2024 | 30.11.2024 | |
| 04068 | दिल्ली जं. | दरभंगा जं. | सप्ताह में 02 दिन | मंगल,शुक्र | 15.11.2024 | 29.11.2024 | 08 फेरे |
| 04067 | दरभंगा जं. | दिल्ली जं. | | बुध, शनि | 16.11.2024 | 30.11.2024 | |
| 04044 | आनन्द विहार(टर्मि.) | गोरखपुर | सप्ताह में 02 दिन | शनि,मंगल | 26.11.2024 | 30.11.2024 | 02 फेरे |
| 04043 | गोरखपुर | आनन्द विहार(टर्मि.) | | रवि,बुध | 27.11.2024 | 01.12.2024 | |
| 04678 | फिरोजपुर | पटना जं. | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.2024 | 27.11.2024 | 04 फेरे |
| 04677 | पटना जं. | फिरोजपुर | | वीरवार | 14.11.2024 | 28.11.2024 | |
| 04078 | आनन्द विहार(टर्मि.) | पटना जं. | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.2024 | 25.11.2024 | 02 फेरे |
| 04077 | पटना जं. | आनन्द विहार(टर्मि.) | | मंगलवार | 19.11.2024 | 26.11.2024 | |
| 04646 | जम्मूतवी | बरौनी जं. | साप्ताहिक | वीरवार | 14.11.2024 | 28.11.2024 | 04 फेरे |
| 04645 | बरौनी जं. | जम्मूतवी | | शुक्रवार | 15.11.2024 | 29.11.2024 | |
| 04038 | दिल्ली जं. | आज़मगढ़ | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.2024 | 24.11.2024 | 02 फेरे |
| 04037 | आज़मगढ़ | दिल्ली जं. | | सोमवार | 18.11.2024 | 25.11.2024 | |
| 04314 | हरिद्वार | मुजफ्फरपुर | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.2024 | 29.11.2024 | 04 फेरे |
| 04313 | मुजफ्फरपुर | हरिद्वार | | शनिवार | 16.11.2024 | 30.11.2024 | |
| 04058 | आनन्द विहार(टर्मि.) | मुजफ्फरपुर | सप्ताह में 02 दिन | सोम,वीर | 14.11.2024 | 28.11.2024 | 08 फेरे |
| 04057 | मुजफ्फरपुर | आनन्द विहार(टर्मि.) | | मंगल,शुक्र | 15.11.2024 | 29.11.2024 | |
| 04062 | आनन्द विहार(टर्मि.) | बरौनी जं. | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.2024 | 24.11.2024 | 02 फेरे |
| 04061 | बरौनी जं. | आनन्द विहार(टर्मि.) | | सोमवार | 18.11.2024 | 25.11.2024 | |
| 04526 | सरहिन्द | सहरसा जं. | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.2024 | 25.11.2024 | 02 फेरे |
| 04525 | सहरसा जं. | सरहिन्द | | मंगलवार | 19.11.2024 | 26.11.2024 | |
| 04006 | दिल्ली जं. | जयनगर | सप्ताह में 02 दिन | मंगल,शुक्र | 26.11.2024 | 29.11.2024 | 02 फेरे |
| 04005 | जयनगर | दिल्ली जं. | | वीर,रवि | 28.11.2024 | 01.12.2024 | |
| 02250 | दिल्ली जं. | पटना जं. | साप्ताहिक | वीरवार | 31.10.2024 | 14 से 28.11.24 | 06 फेरे |
| 02249 | पटना जं. | दिल्ली जं. | | शुक्रवार | 01.11.2024 | 15 से 29.11.24 | |
| 02252 | नई दिल्ली | पटना जं. | सप्ताह में 03 दिन | रवि, बुध,शुक्र | 20.11.2024 | 29.11.2024 | 08 फेरे |
| 02251 | पटना जं. | नई दिल्ली | | सोम, वीर,शनि | 21.11.2024 | 30.11.2024 | |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3449/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2024

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 07.11.2024 को पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### दिनांक 07.11.2024 (गुरूवार) को पूर्व दिशा की ओर प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04032 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी |
| 04058 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:15 | मुजफ्फरपुर | 21:15 | 2 + 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जंक्शन, छपरा और हाजीपुर जंक्शन |
| 05220 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | मुजफ्फरपुर | 00:45 | शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. |
| 05110 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:55 | छपरा | 06:45 | सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर एवं सिवान जं. |
| 04028 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी |
| 02398 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:20 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 2+3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड |
| 05284 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर | 04:50 | 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी और मोतीपुर |
| 04124 | हजरत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. | 09:00 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मथुरा जं., आगरा कैंट., धौलपुर, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मऊ रानीपुर, हरपालपुर, कुलपहाड़, महोबा, बांदा जंक्शन, अतर्रा, चित्रकूट धाम, मानिकपुर जंक्शन, डभौरा और शंकरगढ़ |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | 2+3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ और माबेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ |
| 05004 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 07:30 | 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, बुढ़वल जं., गोंडा, बस्ती एवं खलीलाबाद |
| 04074 | दिल्ली जं. | 23:55 | कोलकाता | 03:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., किऊल, जसीडीह जं., मधुपुर जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर एवं बर्धमान |
| 02564 | नई दिल्ली | 17:55 | बरौनी जं. | 15:10 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं. |
| 02570 | नई दिल्ली | 12:15 | दरभंगा | 10:00 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं शयनयान | कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. | 07:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान, सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04674 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., मोकामा जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं. एवं दरभंगा जं. |
| 04494 | नई दिल्ली | 05:00 | पटना जं. | 22:30 | शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 04230 | नई दिल्ली | 11:30 | हाजीपुर | 05:30 | शयनयान एवं सामान्य | साहिबाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पाटलिपुत्र जं. |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल, गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# शारदा सिन्हा का निधन, गहरा आघात

**पहिले-पहिल** हम कइनी छठी मईया व्रत तोहार, करिहा क्षमा छठी मईया भूल-चूक गलती हमार..। संपूर्ण मैथिली व भोजपुरी समाज के साथ-साथ देश की लोक गायिकी की समृद्ध कड़ी में लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन, गहरा आघात है। छठ गीतों का स्वर रहीं शारदा सिन्हा का न रहना, उन करोड़ों छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए अपना स्वर खो देने जैसा अनुभव है, जो वर्षों से उनके छठ गीतों के अलावा किसी दूसरे गायक को नहीं सुना। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली से लेकर मुंबई, मॉरिशस, अमेरिका, लंदन और जहां-जहां बिहार व पूर्वांचल समुदाय के लोग पहुंचे, उन छठ घाटों पर शारदा सिन्हा के गीत गूंजते हैं। शारदा सिन्हा न सिर्फ मैथिली व भोजपुरी बल्कि समूची संगीत बिरादरी की अमूल्य धरोहर थीं। उनका गायन सुन कर लगता था जैसे साक्षात सरस्वती कंठ में विराजमान हों। दुनिया से जाते वक्त भी उन्होंने अपने भीतर दैवीय शक्ति होने का एहसास करा गईं। छठ में उनका जाना इसका संकेत मान सकते हैं। अब वे सशरीर उपस्थित नहीं हैं लेकिन हर साल जब-जब छठ का त्योहार आएगा, शारदा सिन्हा के गीत उनकी मौजूदगी का अहसास कराएंगे। देशी और पारंपरिक लोक संस्कृति की मूर्ति शारदा सिन्हा सदैव लोगों के दिलों में रची-बसी रहेंगी। निश्चित रूप से स्वर कोकिला शारदा का यूं चले जाना गीत-संगीत की सुमधुर दुनिया को बड़ा आघात है। संगीत की दुनिया में शारदा का न रहना, कोयल बिना न सोभे बगिया, जैसा माना जाएगा। उनका इस धरती पर अवतरण भी दैवीय चमत्कार जैसा रहा। आठ भाइयों के बाद वह जन्मीं। घर में सबकी लाडली-दुलारी थीं। माता-पिता ने बड़ी मन्नतें की थी कि उनके घर में लक्ष्मी का आगमन हो। शारदा सिन्हा के रूप में उनकी इच्छा पूरी हुई। 1 अक्टूबर 1952 को शारदा सिन्हा का जन्म हुआ। दो वर्षों के भीतर गायन के प्रति उनके रुझान का पता चलने लगा था। 15 वर्ष की उम्र पहुंचते-पहुंचते उनकी आवाज व्यापक स्तर पर लोगों ने पसंद करना शुरू कर दिया। हालांकि जब उनकी शादी हुई तो सास को यह कतई पसंद नहीं था कि उनकी बहू गाना-बाना गाएं। हालांकि भारी विरोध के बाद भी उन्होंने गायन यथावत रखा। जब देश-विदेश से प्रशंसाएं मिलने लगी, तो सास ने भी कह दिया- बहू, तुम अच्छा गाती हो, गाती रहो। शारदा सिन्हा के दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा अंशुमन सिन्हा और एक बेटी वंदना। शारदा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का निधन भी इसी वर्ष सितंबर में हुआ। उनके जाने के बाद से वह पूरी तरह टूट गई थीं। शारदा सिन्हा का जन्म बिहार के जले सुपौल के हुलास गांव में हुआ था। विवाह बेगुसराय में हुआ। वह गायिका के साथ-साथ प्रोफेसर भी रहीं। बीएड की पढ़ाई के अलावा उन्होंने म्यूजिक स्ट्रीम में पीएचडी करके समस्तीपुर के एक कॉलेज में प्रोफेसर बनीं। पर, उनकी रुचि सदैव गायिकी में ही रही। कॉलेज से रिटायर होने के बाद उन्होंने संगीत की फ्री शिक्षा देना जारी रखा। नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में मंगलवार देर रात जब उनके न रहने की खबर टीवी के जरिए उनके असंख्य प्रशंसकों ने सुनी, तो उनकी आंखें नम हो गईं। निधन के एक दिन पहले ही खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके बेटे अंशुमान सिन्हा को फोन करके स्वास्थ्य जानकारी ली। उनके निधन की खबर ने प्रधानमंत्री मोदी को दुखी कर दिया।

# नर्मदा को अपने कमण्डल में भरने वाले योगी आदिशंकराचार्य

आत्माराम यादव पीव

> गुरूभक्ति और साधना की दिव्य अलौकिता पूर्णावस्था में रूपान्तरित होने को उसी प्रकार तत्पर थी जैसे शिव के मस्तक से धरा को पावन करने के लिये गंगा व्याकुल थी। बालक शंकर मात्र 8 वर्ष की आयु में माँ की अनुमति से घर से निकल तो गये लेकिन वे वहां से भयाभय नदियों को पार करते रास्तों की चुनौतियों का सामना करते, प्राकृतिक अवराधों पर विजय प्राप्त कर घने जंगलों को पार करके पश्चिम के चालुक्यों के क्षैत्र से गुजरे। उन्होंने गोदावरी को पार कर दण्डकारण्य की यात्रा की, यह वही मार्ग था जिसपर श्रीराम होकर गुजरे थे। वे जब दण्डकारण्य के मार्ग पर होकर निकले तब उन्हें मार्ग में इन्द्रावती ओर महानदी पर भी विश्राम करने का अवसर मिला तभी शंकरभाष्यों में महानदी को तीर्थ सम्बोधित किया गया



**आदिशंकराचार्य** जी के विषय में कुछ भी लिखना मुझ जैसे व्यक्ति के लिये वही बात होगी जैसे कोई सूरज को दीपक दिखाये किन्तु सागर को अंजुली में भरने का यह अपराध में कर रहा हूँ ताकि आप तक उनका सूक्ष्मतम शब्दों में परिचय करा सकूं। भारत वर्ष के केरल प्रान्त में प्रवाहित पूर्णा नदी के तट पर बसे ग्राम कलाड़ी में शिवगुरू भट्ट के घर 780 ई. में एक बालक का जन्म हुआ। उनकी माँ आर्याम्बा जिन्हें सुभद्रा के नाम से भी जाना जाता है, वृद्धावस्था में भगवान शिव की कृपा मानकर अपने बेटे का नाम शंकर रखा। एक वर्ष की अवस्था में बालक शंकर ने धाराप्रवाह बोलना शुरू कर दिया एवं तीन वर्ष की अवस्था में उसकी स्मृरणशक्ति विलक्षण हो गयी और वह जो कुछ भी सुनता उसे अक्षरशः दुहरा देता। उसे अनेक काव्यों और पुराणों के श्लोक कण्ठस्थ हो गये तब पिता ने उनका अक्षरभाष्य संस्कार संपन्न कराया। किन्तु अक्षरभाष्य संस्कार कराने के कुछ दिन बाद ही उनके पिता का निधन हो गया। माता ने अपने पुत्र के अन्दर देदीप्यमान गुणों को पाकर पॉचवे वर्ष में उन्हें गुरूकुल भेजकर इनका यज्ञोपवीत संस्कार सपन्न कराया।

गुरूकुल पहुँचते ही पॉचवे वर्ष के कुछ माहों में ही बालक शंकर को चारों वेदों और उनकी शाखाओं का अद्‌भुत ज्ञान हो गया तब उन्हांने प्रथम बार छह वर्ष की अवस्था में ही बालबोधि-संग्रह लिखा जिससे उनके सहपाठी संस्कृतग्रंथों की समुचित व्याख्या कर सके। सातवे वर्ष में बालक शंकर सभी शास्त्रों में निष्णात हो गये और उनकी स्मरणशक्ति इतनी इतनी तीव्र थी कि वे किसी भी पुराण-शास्त्र एवं वेदों की ऋचाओं का कहीं से भी किसी भी पंक्ति का, किसी भी श्लोक आदि का प्रगटन ऐसे करने लगे जैसे वे उनके सम्मुख हो, उनकी इस प्रतिभा ने उन्हें वाद-विवाद में अपने विरोधियों का मुँह पर ताले लगा दिये ओर वे वापिस पूर्ण विद्याध्ययन कर सम्पूर्ण ज्ञानसागर समेटे अपने घर लौट आये। वे सच्चे अर्थो में पितृ-मातृ भक्त थे।जब तीन वर्ष की आयु में पिता का देहान्त हुआ तब तक वे जीवनदर्शन में प्रत्येक सम्बन्धों का दायित्व एवं कर्तव्य बोध को समझते हुये पिता की मृत्यु पर काफी मर्माहन्त थे। वे पिता के बाद माँ को अपना परमगुरू मानते थे और उन्हें असंतुष्ट करके कोई भी धर्मकार्य को स्वीकार्य नहीं मानते थे इसलिये जब वे सात वर्ष की अवस्था में गुरूकुल से पारंगत होकर आये तो माँ से कहा मैं सन्यास लेना चाहता हूॅ, माँ बुढ़ापे का सहारा यूं ही खोना नही चाहती थी और उसके एक ही संतान थी इसलिये वे उसे अपनी ऑखों से दूर नहीं करना चाहती थी। माता ने अनुमति नहीं दी, एक वर्ष व्यतीत हो गया पर वे पूर्ण सन्यासी हो गये थे इसलिये सन्यासी का स्वगृह-प्रत्यावर्तन करना शास्त्रविरूद्ध मानकर घर का परित्याग नहीं किया। एक दिन की घटना है माँ और बेटे पूर्वा नदी पर स्नान करने गये। आर्याम्बा उन्हं तटपर बैठकर निहार रही थी कि तब नदी के जल से आये एक मगरमच्छ ने शंकराचार्यजी का पैर पकड़ लिया तब बालक शंकर ने चिल्लाना शुरू कर दिया, बालक के पैर पकड़कर मगर उन्हें गहरे पानी में ले जा रहा था, वे डूब रहे थे और माँ असहाय होकर रो रही थी। बालक शंकर ने अपनी माँ से कहा माँ मुझे सन्यास लेने की आज्ञा दो, नही तो ये मगरमच्छ मुझे खा जायेगी। सूर्य किसी झोपड़ी में बंदी नहीं किया जा सकता इसलिये जगत में व्याप्त अधर्म के अंधकार और विधर्मियां को मार्ग प्रशस्त करने के लिय चिंतातुर बालक शंकर के भी यही हाल थे और वे मगरमच्छ द्वारा पैर पकड़कर उन्हें नदी में खीचें जाने के अवसर पर शांत थे, स्थिर थे, माँ ने देख लिया कि मगर उनके बेटे के प्राण लेने को तैयार है और बेटा सन्यास लेने की बात कर रहा है। माँ आर्याम्बा ने पुत्र के विपदा में फॅसे होने पर उसके प्राणों की रक्षा के लिये उससे मोह त्याग कर कहा बेटा मैं तुझे सन्यास लेने की आज्ञा देती हूॅ किन्तु एक शर्त है तू मेरी मृत्यु के समय आ जाना और मेरी अन्त्येष्टि करना। पुत्र के जीवन को मगरमच्छ से बचाने के लिये माँ की आज्ञा मिलते ही आश्चर्य की बात हुई कि तुरन्त मगरमच्छ ने बालक शंकर का पैर छोड़ दिया। नदी से बाहर निकलकर बालक शंकर ने अपनी कॉ को दण्डवत प्रणाम किया और प्रतिज्ञा की कि वह अंतिम दिनों में माँ की सेवा में उपस्थित रहेंगे, शंकर ने माँ को वचन दिया और निभाया भी। सन्यास लेने के बाद सन्यासी का धर्म अपने परिवार से नाता-रिश्ता त्यागना होता है। जब वे श्रृंगेरी आश्रम से वातापि आश्रम गये तब तेलंगाना के इस आश्रम में नियमों को कठोरता से पालन किया जाता था और किसी भी सगे-संबंधी से सम्पर्क की मनाही थी। सन्यास के बाद सन्यासी का कोई भी सगा-सम्बन्धी नही होता, सब नाते-रिष्ते सन्यासी के लिये मायने नहीं रखते, क्योंकि उसे तब सिवाय अपने धर्मपालन के किसी ओर से मोह-ममता का सम्बन्ध पूर्णतया विच्छेद हो जाता है।शंकराचार्य की पदवी मिलने तथा चारों मठों की स्थापना करने के बाद उनका धर्मप्रचार और दिग्विजय कार्य सम्पन्न हो गया। वे बदरीकाश्रम में बदरीमठ में थे, उन्हें अपनी माँ के रोगग्रस्त होने व रोगषैया पर होने की सूचना मिली। चूँकि वे योग से अपनी माँ के अन्तिम समय को देख चुके थे इसलिये वे वहां से माँ के पास रवाना हुये और माँ के मिले, मिलने के पष्चात माँ ने अपने प्राण त्याग दिये। उन्होंने माँ की अंत्येष्टि की तैयारी की, तब के समाजजनों ने एक सन्यासी का सन्यास के नियमों को त्यागकर परिवार के प्रति मोह रख अपनी माँ की अंत्येष्टि करने को शास्त्र विरूद्ध ठहराकर विरोध किया। शास्त्र की मयार्दा तोड़ने का हवाला देकर लोगों न शवयात्रा में शामिल होने से इंकार कर दिया। आचार्य शंकराचार्य ने अपनी माँ के शव को अपने कन्धे पर रखकर श्मशान तक पहुँचाकर उनकी चिता सजाई और उसपर माँ को लिटाकर विधिविधान से मुखाग्नि दी। यह घटना शंकराचार्य के क्रान्तिकारी स्वरूप को प्रकट करती है और संदेश देती है कि जब परम्परायें बाधक बनने लगे तो उन्हें छोड़ देना चाहिये। मनमानी के लिये किये गया त्याग न तो प्रगतिशीलता की निशानी है और न ही उपयोगी है। आठ वर्षीय बालक शंकर की मातृभक्ति की चर्मोत्कृष्टता एवं परम आदर्श का यह एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने गृह त्याग से पूर्व जगत को यह शिक्षा दी कि माता-पिता परम देवता है,उनको संतुष्ट करके ही तृप्ति पायी जा सकती है,पर वे अपने विषय में यह जान चुके थे कि उनको मिली तृप्ति से वे स्वयं संतुष्ट नहीं थे, किन्तु उनकी गुरूभक्ति और साधना की दिव्य अलौकिता पूर्णावस्था में रूपान्तरित होने को उसी प्रकार तत्पर थी जैसे शिव के मस्तक से धरा को पावन करने के लिये गंगा व्याकुल थी। बालक शंकर मात्र 8 वर्ष की आयु में माँ की अनुमति से घर से निकल तो गये लेकिन वे वहां से भयाभय नदियों को पार करते रास्तों की चुनौतियों का सामना करते, प्राकृतिक अवराधों पर विजय प्राप्त कर घने जंगलों को पार करके पश्चिम के चालुक्यों के क्षैत्र से गुजरे। उन्होंने गोदावरी को पार कर दण्डकारण्य की यात्रा की, यह वही मार्ग था जिसपर श्रीराम होकर गुजरे थे। वे जब दण्डकारण्य के मार्ग पर होकर निकले तब उन्हें मार्ग में इन्द्रावती ओर महानदी पर भी विश्राम करने का अवसर मिला तभी शंकरभाष्यों में महानदी को तीर्थ सम्बोधित किया गया। महानदी को पार कर वे अमरकण्टक आये जहॉं नर्मदा के उदगम स्थल से उन्होंने नर्मदा की परिक्रमा शुरू की और ओंकारंश्वर जाकर वे वहां गुरू गोविन्दपादाचार्य के आश्रम की ओर चल पड़े।

ओंकारेश्वर तक आते-आते बालक शंकर की आयु 12 वर्ष हो गयी थी और 792 ई. में बसंतपंचमी के दिन वे तलाशते हुये गोविन्दपादाचार्य के आश्रम स्थित उनकी गुफा द्वार पर पहुँचे और उन्हें दण्ड़वत प्रणाम कर उनकी स्तुति गाकर प्रार्थना की। गुरू उस समय तपस्यालीन थे उन्होंने ऑखें खोलकर संस्कृत में की गयी उनकी प्रार्थना एवं स्तुति सुनकर प्रसन्नता व्यक्त कर हर्षोन्माद से शंकर से कहा अच्छा तुम वहीं केलाशपर्वत वासी शंकर हो।

## कविता

ईश्वर ने जो लिखा उन पलों
को जिया।

जिंदगानी ने जब बड़ा दर्द जो दिया
बड़े धीरज से मैंने आंसुओं को पिया।

जिंदगी ने जिन जख्मों को उधेड़ दिया
कच्चे धागे से सभी सपनों को सिया।

हमने आत्मा की ही आवाज सुनी सदा
ईश्वर ने जो लिखा उन पलों को जिया।

हौसला नहीं दर्द देने खड़े हैं हर हाथ
बड़े हौसले से हमने हर दर्द को पिया।

दिन में भी घना अंधेरा है यहां संजीव
हमने हौले से दिल की रोशनी को
जिया।

संजीव

# चुनावी कविताओं के फंडेबाजी

**रामविलास जांगिड़**

**चुनावों में** कविता का जोर चल रहा है। हर तरफ वोटर के आगे कविता बाजी पल रही है। हर एक नेता के मन में कुर्सी की फसल डल रही है। नेता के नारे, वादे, जुमले, गारंटी आदि बातें फल रही है। इधर एक पुरानी फ्लॉप कविता फिर से जोर पकड़ रही है। चुनाव में कविता खड़ी-खड़ी अकड़ रही है। गली कुंचे में विराजे वोटर को पकड़-धकड़ रही है। चारों ओर यह कविता सुनाई दे रही है- आइए फटाफट, खाइए खटाखट। हजम कीजिए गटागट, फ्री रोटी खाइए झटाझट। वोटों की करें सजावट, बिजली का ठीक करूंगा कटावट। इतनी मत कर झल्लाहट, बांग्लादेशी की करूंगा बसावट। आई है बड़ी गर्माहट, वोटर पट रहे हैं पटापट। वादों में कर गिरावट और जुमले की कर दिखावट। चारों ओर कर दे मिलावट, वोटों की आ जाए तरावट। यह कैसी बनावट, समझ नहीं आ रही लिखावट। क्यों कर रहा है इतनी कचावट, मेरी सरकार आने दे चाटुंग चटाचट। वोट मुझे देना खटाखट, वरना कर दूंगा सफाचट। थप्पड़ पड़ी तो गाल करेगा झन्नाहट, सेकंडों में खत्म कर दूंगा चिल्लाहट। क्यों कर रहा है इतनी गुर्राहट, मिटा दूंगा तेरी बसाहट। देख रहा हूं बहुत देर से मचा रहा है रंभाहट, यह कोई तेरी गली नहीं यह है गंगातट। भ्रष्टाचार की लस्सी मत पी गटागट, वरना बिगड़ जाएगी तेरे शरीर की बनावट। हमारे गठबंधन की यही है बसावट, यही है ठगबंधन की बुनावट। लगावट, छायानट, बुलाहट, सुधाघट, बुनावट, खिलावट, गिरावट, दिखावट, बिछावट, मिलावट, लिखावट! कविता की मची है गड़गड़ाहट! चुनावी मार्केट में एक नई कविता चल रही है। चुनावी नारों का खेल फल रहा है। चुनावी नारे बड़े मजेदार, हर बार बदलते, जैसे बाजार। कल जो कहे गरीबी हटाओ, आज वही महंगाई बढ़ाओ! सबका साथ, करो विकास, हर कोने में गूंजे ये खास। पर चुनाव बीतते ही गायब हो जाए, जैसे गधे के सिर से सींग फट जाए! अबकी बार, दल-बदल सरकार, सुनो वोटर इसमें है सिर। हर बार ये हल्ला मचा बेजोड़। सरकार तो आ जाए पल में, पर विकास पीछे रह जाए छोड़। विकास पुरुष और नारी शक्ति, हर नारे में झूठी भक्ति। पर वादों की पोल जब खुलती है, जनता पर फिर हो जाती सख्ती। हर चुनाव में बस नारे बदलते, वादों की नई रेलगाड़ी चलती। चुनावी मार्केट में तो बस यही कविता पलती। मार्केट में एक और कविता चल रही है। कविता का शीर्षक है- खतरे में। हमारा संविधान खतरे में। हमारा लोकतंत्र खतरे में। हमारा चुनाव खतरे में। हमारी कुर्सी खतरे में। हमारी वोटर आईडी खतरे में। हमारी चुनाव प्रक्रिया खतरे में। हमारी जमीन खतरे में। हमारे वादे खतरे में। हमारे संकल्प पत्र खतरे में। हमारा भरोसा खतरे में। इलेक्शन डेट है खतरे में। जनतंत्र है खतरे में। देश आया है खतरे में। तुम्हारा धर्म हुआ खतरे में।

## विचार

# शारदा सिन्हा के छठ गीत सदैव सदियों तक गूंजते ही रहेंगे

**आर.के. सिन्हा**

**सूर्य आस्था** के पञ्चदिवसीय महापर्व छठ के श्रीगणेश के साथ जब सभी छठ पर्व में आस्था रखने वालों का मन उत्साह और आनंद के वातावरण में रमा हुआ था, बस तब ही लोक गायिका पद्मश्री शारदा सिन्हा के निधन का समाचार मानो सारी दुनिया के भोजपुरी भाषियों और प्रेमियों के ऊपर वज्रपात के समान था। हालांकि शारदा जी अब हमारे बीच नहीं रहीं, पर आस्था के महापर्व छठ से जुड़े उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदियों तक सदैव बनी रहेगी। भोजपुरी संगीत में शारदा सिन्हा का नाम एक ऐसा नाम है , जो केवल गायिका से ज्यादा है, एक समृद्ध भोजपुरी संस्कृति का प्रतीक है। उनकी आवाज में न केवल भोजपुरी लोकगीतों की परंपरा झलकती है बल्कि छठ महापर्व पर्व की पवित्रता भी। उनके छठ गीत न केवल भावनाओं को छूते हैं ,बल्कि ; सुनने वालों के दिलों में छठ पर्व की गहराई को भी उकेर देते हैं। अपनी वेशभूषा रहन सहन और बोलचाल में अपनी संस्कृति की गंध लिए शारदा जी एक आम स्त्री बनी रहीं। उन्होंने बताया कि किस तरह एक स्त्री अपनी सफलता की सीढ़ियां अपनी संस्कृति के साथ चढ़ सकती हैं। शारदा सिन्हा का निधन संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, सुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनके गाए मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत पिछले कई दशकों से बेहद लोकप्रिय रहे हैं। शारदा सिन्हा पिछले कुछ दिनों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती थीं और सोमवार से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। शारदा सिन्हा ने छठ पर्व के गीतों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उनके द्वारा गाए गए 'सूर्य देवता, ओ सतवां दिन'... 'छठी मइया के घाट, घाट, घाट' जैसे गीत आने वाली सदियों तक लोकप्रिय रहने वाले हैं और छठ पूजा के दौरान घर-घर सदियों तक गूंजते ही रहेंगे ।उनकी आवाज में छठ महापर्व के प्रति श्रद्धा और भक्ति का ऐसा मिश्रण था जिसने लाखों लोगों को छठ पूजा से जोड़ दिया। जिस शारदा सिन्हा ने भोजपुरी लोक गीतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाया वह अब हमारे बीच नहीं रही हैं। शारदा जी अपने चाँद से मिलने चली गईं। उनके पति का भी कुछ माह पूर्व ही निधन हो गया था। बिहार में भिखारी ठाकुर , महेंद्र मिसिर, रघुवीर नारायण , मनोरंजन सिन्हा, विंध्यवासिनी देवी की परंपरा को आगे बढानेवाली शारदा जी स्त्री सशक्तिकरण की एक प्रतीक थी। लोक गायक अपनी जनता में किस तरह अमर हो जाता है, इसका एक ताजा उदाहरण थी।उनके गीतों से एक बार सिद्ध हुआ कि भारतीय स्त्रियों ने ही लोकगीतों को बचाये रखा है। भोजपुर अंचल में स्त्री की वेदना विरह प्रेम वात्सल्य विवाह गीत छठ गीत की आवाज शारदा जी के गीतों में गहरी पीड़ा व्यक्त होती थी। भोजपुर अंचल से बाहर की स्त्रियों ने भी उनकी आवाज में अपनी अभिव्यक्ति पाई थी। शारदा जी ने विशुद्ध पवित्र और सात्विक गीत गाये और बताया कि यही सच्चाई है यही उनके लोकगायकी में शिखर पर पहुँचने का कारण बने । भोजपुरी भाषी और भोजपुरी प्रेमी होने के नाते मेरा उनसे आत्मीय संबंध रहा है । वे मुझे बड़ा भाई मानती थीं और मैं भी उन्हें अनेकों कार्यक्रमों में बुलाता रहता था । यह कम ही लोगों को पता होगा कि शारदा जी भोजपुरी भाषी न होकर उत्तर बिहार के मिथिलांचल से थीं। लेकिन , उन्होंने लोकगायकी के लिये भोजपुरी सीखी । साठ के दशक में कुमकुम पर फिल्माए गये भोजपुर गीतों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शारदा जी ने गीत गाये थे। हे गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो ,लागी नाही छूटे रामा जैसे गीतों की फिर से याद शारदा जी के गीतों ने दिलाई थी। शारदा सिन्हा के छठ गीतों की लोकप्रियता का एक कारण उनका गीतों में भावनाओं को सिलसिलेवार ढंग से पिरोना था। वो गीतों के हर शब्द को उस भावना के साथ गातीं, जो छठ पर्व के आस्था और भक्ति के साथ जुड़ी है। उनके गीतों में छठी मइया की कृपा पाने की आस, सूर्य देवता के प्रति आस्था, और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना स्पष्ट रूप से झलकती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जानलेवा होता सड़क जाम

**निर्मल रानी**

**रोड टैक्स अ**दा किये बिना यदि आप सड़क पर अपना वाहन चलाते हुये पकड़े गये तो आपका चालान/जुमार्ना होना निश्चित है। और अब तो जगह जगह सड़कों पर लगे टोल वसूली बैरियर्स पर हर लेन में मोटे अक्षरों में लिख दिया गया है कि 'टोल दिये बिना भागने वाले से दस गुना टोल वसूली की जायेगी'। इसी तरह इन्शुरेन्स के बिना या कार सीट बेल्ट लगाये बगैर या दुपहिया वाहन से हैलमेट लगाए बिना आप चलते हैं तो भी चालान को दावत दे रहे हैं। गोया आपके वाहन में कोई भी कागज की कमी है फिर तो आपका सड़क पर निकलना चालान/जुमार्ना भरने को दावत देना है। यहाँ तक कि यदि किसी मजबूरीवश कोई वाहन स्वामी समय पर टैक्स नहीं दे सका तो सरकार उससे जुमार्ने के साथ टैक्स वसूल करती है? परन्तु सवाल यह है कि टोल व मार्ग टैक्स व कमेटी टैक्स आदि के नाम पर धन वसूली करने वाली सरकार इस वसूली के बदले में जनता को क्या देती है ?

जब हम सड़क पर वाहन चलाते हैं तो हमें पता चलता है कि सड़कों पर कहीं गड्ढे हैं तो कहीं टोल पर लंबी लाइनें। सड़कों पर कई कई घंटों के लंबे जाम हैं तो उसी जाम में धुल,धुएं और प्रदूषण भरी घुटन। क्या इसी दुर्व्यवस्था के बदले सरकार आम लोगों से वाहन व उसके नाम पर अन्य टैक्स वसूलती है ? और सबसे बड़ी बात यह कि सरकार की गलत,पूंजीवादी व विवादित नीतियों का भुगतान आखिर जनता क्यों करे। उदाहरण के तौर पर गत एक वर्ष से पंजाब-हरियाणा के शंभु बॉर्डर पर दिल्ली अमृतसर मुख्य मार्ग पर किसानों के कई संगठन धरने पर बैठे हैं। परन्तु हरियाणा की भाजपा सरकार उन्हें दिल्ली जाने के लिये हरियाणा में प्रवेश नहीं करने दे रही। 'दिल्ली सल्तनत' का फरमान है कि किसान दिल्ली से दूर रहें। हरियाणा सरकार उसी आदेश पर अमल करते हुये किसानों को बलपूर्वक शंभु बॉर्डर पर रोके हुये है। और इन्हीं किसानों के धरने के कारण सरकार ने देश का सबसे व्यस्ततम मार्ग रोक रखा है।

# आदर्शलोक का असली चेहरा

**आदर्शलोक की** कहानी आज से कुछ साल पहले की है। एक दिन, वहाँ के राजमहल के मुख्य दरवाजे पर एक नोटिस टांगा गया - नया राजा चुना जाएगा। जो भी राजा बनना चाहता है, उसे बिना झूठ बोले, बिना चोरी किए, और बिना रिश्वत लिए पाँच साल तक इस राज्य को चलाना होगा।लोगों ने पढ़ा और हँस दिए। क्योंकि यहाँ तो हर कोई जानता था कि बिना इन तीनों के कोई भी राजा बन ही नहीं सकता। खैर, एक दिन एक महात्मा जी आए, जिनका नाम था सत्यानंद। उन्होंने कहा, मैं ये चुनौती स्वीकार करता हूँ। मुझे राजा बनाइए, और देखिए कैसे मैं आदर्शलोक को सच में आदर्श बनाऊँगा। सत्यानंद जी राजा बने। पहले ही दिन उन्होंने मंत्रियों की सभा बुलाई और कहा, अब से कोई भी झूठ नहीं बोलेगा। सभी लोग सच्चाई के साथ चलेंगे। मंत्री हक्का-बक्का रह गए। महाराज, एक ने कहा, झूठ तो हमारी सरकारी नीतियों का आधार है। अगर हम सच्चाई बोलने लगे तो जनता जान जाएगी कि हम कुछ काम नहीं करते। फिर तो हमें कुर्सी से हाथ धोना पड़ेगा। तो धो लो, सत्यानंद ने आदेश दिया। अब झूठ बंद हो गया, और राज्य की सच्चाई सामने आ गई। किसान बोले, हमारी फसलें सूख गई हैं, और सरकारी मदद कागजों में ही मिल रही है। व्यापारी बोले, टैक्स इतना ज्यादा है कि हमें चोरी करनी पड़ती है। अफसर बोले, हमारी तनख्वाह में भ्रष्टाचार शामिल है, बिना रिश्वत के हम गुजारा नहीं कर सकते। राज्य में हड़कंप मच गया। जनता सड़कों पर आ गई। सभी अपनी सच्चाई बयां करने लगे। सत्यानंद जी ने सोचा कि अब कुछ और सुधार करना चाहिए। उन्होंने आदेश दिया, अब से कोई चोरी नहीं करेगा। मंत्रियों ने माथा पकड़ा, महाराज, अगर चोरी बंद हो गई, तो हम क्या खाएँगे? सचाई से पेट भरो, सत्यानंद ने फिर आदेश दिया। अब बिना चोरी के मंत्री और अफसर भूखे मरने लगे। उन्हें याद आने लगा कि पहले के राजा कितने समझदार थे, जो चोरी को अनकहा अधिकार मानते थे। एक मंत्री ने कहा, महाराज, जनता तो खुश है, लेकिन हम क्या करें? हमारे घरों में चूल्हा तक नहीं जल रहा।

## न्यूज फ्लैश

### आलू की नई किस्मों से स्वाद में परिवर्तन के साथ किसानों को अधिक लाभ भी हुआ है : डा. सी. बी. सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : आलू की नई किस्मों से थाली के स्वाद में जहां परिवर्तन हुआ है वहीं इस के साथ किसानों को फसलों में अधिक लाभ भी हुआ है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सी. बी. सिंह ने कहा कि आलू की नई उन्नत किस्में आने के बाद इन्हें लम्बे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है और स्वाद में भी परिवर्तन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों में कई परिवर्तन हुए हैं। किसान कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि वैज्ञानिकों के सही परामर्श से अधिक उत्पादन ले सकते हैं। डा. सी. बी. सिंह ने आलू की नई एवं उन्नत किस्मों पर चर्चा करते हुए कहा कि कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा आलू की नई किस्मों और बीजों का गहन अनुसंधान के उपरांत किसानों को जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सब्जी उत्पादन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। यह कृषि वैज्ञानिकों एवं किसानों की मेहनत से संभव हुआ है। डा. सिंह के अनुसार आलू का उत्पादन अन्य फसलों के मुकाबले कई गुणा है। आज किसान नई किस्म के आलू के बीजों के लिए हर समय प्रयत्नरत रहते हैं और विभिन्न कृषि संस्थाओं से बीजों के लिए संपर्क करते हैं। डा. सिंह ने कहा कि अभी भी देश की आबादी के अनुसार अच्छी किस्म के बीज उपलब्ध करवाने की आवश्यकता है। इसके लिए कृषि वैज्ञानिक अधिक से अधिक अनुसंधान में जुटे रहते हैं। उन्होंने अधिक उत्पादन के लिए वर्तमान में नई किस्म के आलू के बीजों पर चर्चा की। डा. सिंह ने कहा कि आलू के उन्नत बीज किस्मों के साथ उपचार भी बहुत जरूरी है। किसान आलू की नई किस्मों को लगाकर अच्छी पैदावार कर सकते हैं और मुनाफा कमा सकते हैं। देश के केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान विभिन्न जलवायु क्षेत्रों के लिए अब तक अनेकों आलू की प्रजातियां विकसित की हैं। इन प्रजातियों को देश के अलग-अलग क्षेत्रों में लगाया जाता है। देश की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां के अनुसार पूरे साल भर कहीं न कहीं आलू की खेती होती रहती है। हरियाणा, यूपी, प. बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल आलू के उत्पादन में अग्रणी राज्य माने जाते हैं।

### जब मुख्यमंत्री ने सडक पर काफिल रूकवा कर सुनी आम नागरिक के मन की बात



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा** :जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सडक पर काफिले को रूकवा कर आम नागरिक की मन की बात को सुना और नागरिकों को ना केवल हाथ जोडकर आभार व्यक्त किया अपितु लोगों को गले भी लगाया। इस हल्का में मुख्यमंत्री नायब सिंह के इस सहज स्वभाव से लोगों को मिलना चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा हल्का में पहली बार चुनाव जीतने पर लोगों का धन्यवाद करने के लिए 9 गांवों में पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पहले ही धन्यवादी दौरे ने आम नागरिकों का दिल जीतने का काम किया। हुआ यूं कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बीड मथाना के कार्यक्रम से गांव दबखेडा में लोगों से मिलने के लिए जा रहे थे। इसी बीच गांव मथाना के बस स्टैंड पर आम नागरिक एक समूह में खडे हुए थे और मुख्यमंत्री के काफिले की तरफ निहार रहे थे। इन नागरिकों के चेहरे की खुशी को देखकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एकाएक अपने काफिले को रूकने के आदेश दिए और मुख्यमंत्री ने गाडी से उतरकर लोगों को सबसे पहले हाथ जोडकर आभार व्यक्त किया और इतना ही नहीं लोगों से गले भी मिले। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोग अपने आप को गदगद महसूस कर रहे थे। यहां पर करीब 2 से 3 मिनट मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से बातचीत की और लोगों के साथ अपने मन की बात को साझा किया।

# सदस्यता अभियान को लेकर पंचायत मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं की ली बैठक

## इसराना हल्के के हर बूथ पर 250 नये भाजपा सदस्य बनाए जाएंगे: पंवार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
पंचायत एवं विकास तथा खनन भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बुधवार को अपने कार्यालय स्थित मडलौडा में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली। मीटिंग की शुरूआत भाजपा प्रदेश प्रदेश प्रवक्ता एवं सदस्यता अभियान के जिला सह संयोजक देवेंद्र दत्ता ने की। बैठक में कृष्ण लाल पंवार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनितिक दल है। यह हम सब के लिए सौभाग्य कि बात है कि आज हमारे राष्ट्र का भाजपा की सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में ढंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं



ने इसराना हल्के के हर बूथ पर 250 नए भाजपा सदस्य बनाने है। जो भी कार्यकर्ता 50 नए सदस्य बनायेगा उसे पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता का दर्जा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान की शुरूआत 2014 में की थी। जिसमें 11 करोड़ लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी। 2019 में दोबारा सदस्यता अभियान चला जिसमें 6 करोड़ लोगों ने और बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिसमें पार्टी की सदस्यता 17 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि अब पार्टी ने 2024 में सदस्यता अभियान चलाया है। जिसमें हमें विश्वास है

**आह्वान**

**⏩ कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और अधिक लोगों को सदस्य बनाने के लिए अपील की**

कि अबकी बार ये अभियान रिकॉर्ड तोड़ेगा और हमारी पार्टी विश्व की नंबर एक स्थान पर और बड़ी पार्टी बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता नए सदस्यों से 880002024 नंबर पर मोबाइल से मिस्ड कॉल करवाएं। कृष्ण लाल पंवार ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने के लिए कार्यकताओं से अपील की।

## 5 नवम्बर तक कुल 227793.6 मीट्रिक टन धान की आवक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन)**
**उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी** देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 5 नवम्बर तक कुल 227793.6 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 24605.6 मीट्रिक टन धान ग्रेड-ए तथा 1509 किस्म की 142286.0 मीट्रिक टन धान, सरबती शून्य मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 52253 मीट्रिक टन व मुच्छल/डीबी 8649 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि बाबरपुर मंडी में कुल 16940.5 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 5808.5 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 906 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 10049 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 177 मीट्रिक टन धान की आवक की गई। इसी प्रकार बापौली मंडी में कुल

**आवक**

**⏩ बासमति/1121 धान 52253 मीट्रिक टन व मुच्छल/डीबी 8649 मीट्रिक टन धान की आवक हुई**

11083.4 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 572.4 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन धान, बासमती/1121 धान 5275 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 542 मीट्रिक टन धान तथा 1509 किस्म की 4694 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसराना मंडी में कुल 10375.4 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 3184.4 मीट्रिक टन और 1509 किस्म की 3654 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 3263 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 274 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

### पत्रकार शंकरलाल का हुआ निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** पत्रकार शंकरलाल का महेंद्रगढ़ स्थित पैतृक निवास स्थान पर हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। मृतक का दाह संस्कार मौदाश्रम स्थित श्मशान घाट में किया गया। शवयात्रा में शहर के बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने भाग लिया उनको मुखाग्नि उनके पुत्र नरेश ने दी। 60 वर्षीय शंकरलाल अग्रवाल कर्मठ, मृदु तथा सौम्य स्वभाव के धनी थे तथा लंबे समय से समाचार पत्र से सम्बद्ध रहे। वे अपने पीछे अपनी माता, पुत्र, पुत्रवधु तथा दो लड़कियों सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

## पंचायत मंत्री ने विभिन्न गांवों में किए धन्यवादी कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
पंचायत एवं विकास तथा खनन भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बुधवार को इसराना हल्के के भालसी, वैसरी, लोहारी, कालखा, भाऊपुर, नैन, अलुपुर, आदियाना तथा नारा गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी गांवों में ग्रामीणों का प्रदेश में भाजपा सरकार बनने तथा इसराना सीट पर भी कमल खिलाने पर धन्यवाद किया। उपरोक्त सभी गांवों में ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से भव्य रूप से पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों से प्रदेश सहित इसराना हल्के हर गांव में चहुमुखी



विकास हो रहा है। प्रदेश में आज हर वर्ग के चेहरे पर खुशहाली नज? आ रही है। उन्होंने पंचायत मंत्री के नाते कहा कि प्रदेश सहित हल्के के हर गांव में तेजी से विकास कार्य होंगे। किसी भी गांव में सार्वजनिक कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।
कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसराना हल्के की देवतुल्य जनता ने विधानसभा चुनाव कमल खिलाकर प्रदेश की भाजपा सरकार में अपना अहम योगदान निभाया है। वे जो भी आज है इसराना हल्के की जनता की वजह

**आभार प्रकट**

**⏩ ग्रामीणों का प्रदेश में भाजपा सरकार बनने तथा इसराना सीट पर भी कमल खिलाने पर धन्यवाद किया**

से इस मुकाम पर है। उन्होंने कहा कि भाजप सरकार में आमजन के काम प्राथमिकता से किए जा रहे है। केंद्र व भाजपा की सरकार पिछले 10 वर्षों से अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। वहीं गरीबों को पक्के मकान,हर घर जल तथा किसानों की एमएसपी पर फसलें खरीदना इत्यादि योजनाओं पर भाजपा की सरकार काम कर रही है।

### छठ पूजा महोत्सव पर पुलिस ने किये सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त



**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**लोक** आस्था के महापर्व छठ पर पूजा अर्चना करने के लिए नदियों व सरोवरों किनारे वीरवार 7 नवम्बर को घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ेगा। पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में महापर्व पर जिला पुलिस द्वारा समय रहते सुरक्षा के सभी पुख्ता बंदोबस्त कर लिए गए है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि छठ पर्व पर हर वर्ष की भांति जिले में इस बार भी गोहाना रोड पर एनएफएल रजवाहा, जाटल रोड नहर, असंध रोड थर्मल रजवाहा, सैनी कॉलोनी, बाबरपुर ड्रेन नंबर एक व दो, नारायणा दिल्ली पैरलल नहर पुल व यमुना किनारें घाटों पर पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का जन सैलाब उमड़ेगा। जिला पुलिस द्वारा घाटों पर पर्याप्त सख्या में पुलिसकर्मियों की डयूटी लगा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही गोहाना व असंध जीन्द की तरफ से आने वाले भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

## छात्र-छात्राओं ने कुरुक्षेत्र विवि की मेरिट लिस्ट में किया चार स्थानों पर कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के चार होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एमएससी केमिस्ट्री (रसायन शास्त्र-चतुर्थ सेमेस्टर) की परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त कर कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र की मेरिट लिस्ट में तीसरे, चौथे, पांचवें और सातवें स्थान पर कब्जा किया और कॉलेज का नाम प्रदेश में रोशन किया । पूनम ने 574 अंक के साथ तीसरा, निखिल ने 569 अंक के साथ चौथा, यशश्वी



चौहान ने 557 अंक के साथ पांचवां और दीक्षा ने 553 अंक के साथ सातवाँ हासिल कर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल किया । विश्वविधालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद यह जानकारी कॉलेज प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने दी

**परचम**

**⏩ पूनम ने 574 अंक के साथ तीसरा, निखिल ने 569 अंक के साथ चौथा, यशश्वी ने 557 अंक प्राप्त किए**

और उन्होनें मेधावी छात्र-छात्राओं पर गर्व करते हुए पूनम, निखिल, यशश्वी चौहान और दीक्षा की मेहनत और लगन की भरपूर सराहना की ।
रसायन स्नातकोत्तर विभाग से प्रो मयंक अरोड़ा, डॉ प्रोमिला, प्रो शिवी, प्रो कीर्ति और प्रो प्रियंका ने पूनम, निखिल, यशश्वी चौहान और दीक्षा के प्रयासों की जमकर तारीफ की और उनके भविष्य को उज्जवल और सुनहरा बताया । विदित रहे कि एसडी पीजी कॉलेज कुरुक्षेत्र विश्वविधालय रसायन विभाग के अतिरिक्त एमएससी केमिस्ट्री विषय को प्रारम्भ करने वाला एक अग्रणी कॉलेज है जिससे जिले और आस-पास के राज्यों के विद्यार्थियों को अत्यधिक फायदा हुआ है।

## इन्टर-जोनल युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(;कमाल हुसैन)**
**आई. बी. महाविद्यालय** में 12, 13 और 14 नवंबर को आयोजित होने वाले इन्टर-जोनल युवा महोत्सव के संबंध में आज एक प्रैस-वार्ता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने इस अवसर पर विस्तार से कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव में विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। डॉ. अजय गर्ग ने बताया कि महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया



जाएगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पाँच की प्रथम और द्वितीय विजेता भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।
इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से युवा और सांस्कृतिक विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष एवं आर्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, एसडी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, दयाल सिंह कॉलेज करनाल की प्राचार्या डॉ. आशिमा और पानीपत के मीडिया जगत के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस ने स्कूल विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता का पाठ पढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** साइबर अपराध के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को साइबर जागरूकता अभियान चलाए जाता है। एसपी पूजा वशिष्ठ के निदेर्शानुसार थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने गांव दौंगड़ा अहीर में स्कूल विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया। टीम ने स्कूल के छात्रझ्छात्राओं को सोशल मीडिया के माध्यम से पार्ट टाइम जॉब ऑफरों, टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाली साइबर ठगी के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया।

## साइबर ठगों को खाते व सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने साइबर ठगों को बैंक खाते व सिम कार्ड उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को रूड़की व सहारनपुर से काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान रजनीश निवासी कोटा मुरादनगर हरिद्वार व मोहर सिंह उर्फ मोनू निवासी नैनीखेड़ी सहारनपुर यूपी के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से 2 मोबाइल फोन व वारदात में प्रयुक्त एक सिम कार्ड बरामद किया है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी सब इंस्पेक्टर अजय ने बताया कि थाना साइबर क्राइम में मनाना गांव निवासी नरेंद्र पुत्र



सुखबीर ने 27 सितम्बर को शिकायत देकर बताया था कि उसका भतीजा आशीष कनाडा गया हुआ है। 27 अगस्त को उसके भाई देवेंद्र के मोबाइल पर एक नंबर से वॉटसअप पर कॉल आई। कॉलर ने भाई से आशीष बनकर बात की और कहा उसके दोस्त की पत्नी बीमार है आप उसके खाते में 2.50 लाख रुपए भेज देना। कॉलर ने खाता नबर व आईएफएससी कोड वॉटसअप पर भेज दिया। भाई ने कॉलर को आशीष समझकर उक्त खाता नंबर उसे देकर पैसे भेजने लिए कहा। उसने अपने खाते से आरटीजीएस के माध्यम से उक्त खाते में 2 लाख रुपए भेज दिए। इसके थोड़ी देर बाद एक अन्य खाता नंबर देकर 2 लाख रुपए और भेजने के लिए कहा। उसने उक्त पैसे भी भेज दिए। 28 अगस्त को फिर उसी नंबर से कॉल आया 3 लाख रुपए और भेजने के लिए कहा। उसने पैसे भेजकर भतीजे आशीष से बात की तो आशीष ने बताया उसने पैसों के लिए कोई फोन नही किया है। अज्ञात ठग ने फोन पर भतीजा बनकर बात कर उनसे 7.50लाख रुपए की ठगी कर ली।

## संगीत कला प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में छात्र संगीत कला प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य जी रहे विशिष्ट अतिथि ऊंढ जसवंत सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता रानी आर्या ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से हुआ और शांति पाठ के साथ ही समारोह संपन्न हो गया। समारोह में पहुंचने पर संगीत कला अध्यापक संदीप शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने गीत संगीत में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया प्रतियोगिता में सक्षम ने प्रथम और शिवाए और



प्राची ने द्वितीय और अभीषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि शिक्षा और संस्कारों के बल पर कोई भी व्यक्ति महान बन सकता है युवा पीढ़ी में उच्च कोटि के संस्कार डालने और वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार के लिए आगामी 9 और 10 नवम्बर को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आर्य महा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें गुजरात के राजपाल आचार्य देवव्रत और हरियाणा के मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे इस महा सम्मेलन में वैदिक धर्म के महान विद्वान और अनेक भजन उपदेशक भी शामिल होंगे इस आर्य महा सम्मेलन में पानीपत जिला से भी भारी संख्या में वैदिक धर्म प्रेमी भी बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कर्म योगी श्री कृष्णा ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद स्वामी हरिदास योगी तानसेन बैजू बावला भीमसेन जोशी और सत्यपाल पथिक को भी सभी वक्ताओं ने बार-बार याद किय। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 14 बाल कलाकारों ने भाग लिया समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि देश के विकास और मानव जीवन को सुखी बनाने में जहां ज्ञान विज्ञान का अहम् योगदान है । वहीं जीवन को आनंदमय बनाने के लिए गीत संगीत की भी महती भूमिका होती है उन्होंने कहा कि वैदिक धर्म में भी संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है हमारे सभी वेदों में संगीत को स्थान दिया गया है लेकिन हमारे सामवेद में संगीत को विशेष स्थान दिया गया है दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस युग में भी गीत संगीत के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए रोजगार के अवसरों की वसीम संभावनाएं अभी भी बरकरार है विज्ञान मनुष्य को सुख के साधन करती हो लेकिन आनंद के आंसू तो गीत संगीत के पास ही है इसलिए सभी बच्चों को अपनी दिनचर्या का कुछ समय जहां पठन-पाठन खेलकूद और योग को देना चाहिए वही आनंदमई जीवन की आधारशिला रखने के लिए कुछ समय संगीत को भी देना चाहिए उन्होंने कहा कि इस अवसर पर अनीता रानी ने कहा कि हरियाणा का कुरुक्षेत्र विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है जहां पर वेदव्यास योगेश्वर श्री कृष्ण ने गीता का संदेश देकर मनुष्य को मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग दिखलाया था।

## छोटू राम चौक पानीपत शहर में अभियान चलाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 21 अक्टूबर से 20 नवंबर तक बाल श्रम और बाल तस्करी के खिलाफ अभियान के निर्देश एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम द्वारा शिकायत मिलने एनटी हूमेन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा छोटू राम चौक पानीपत शहर में अभियान चलाया अलग-अलग दुकानों पर बाल श्रम करते रहे बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में पेशकर बाल देखभाल गृह भेजा गया आज दिनांक 6 नवंबर को पानीपत शहर छोटू राम चौक में अलग-अलग दुकानों पर तीन बच्चों को एमडीडी ओफ इंडिया की टीम ने मानव तस्करी विरोधी इकाई के सहयोग से बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी तीन बच्चों के काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल देखभाल ग्रह पानीपत भेज दिया गया कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वाधान में काम कर रही है एमडीडी ऑफ इंडिया न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे बचपन बचाओ आंदोलन के तहत आज छोटू राम चौक पानीपत में बाल श्रम के खिलाफ रेस्क्यू अभियान चलाया गया।
इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से एएसआई निर्मल सिंह, ए एस आई सुनील कुमार ,हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल ज्योति कुमारी, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला पीड़ित सहायक समन्वयक अजय चौहान ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनन अपराध है और जो कोई भी बच्चों से बाल श्रम करवाता है उसे सजा के साथ जुर्माना भी हो सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय बास्केटबॉल दिवस



**सोनीपत:** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को राष्ट्रीय बास्केटबॉल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। सभी खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल के आविष्कारक डॉ.जेम्स नाइस्मिथ को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धापूर्वक याद किया। इस अवसर पर स्कूल में लड़कियों का एक प्रदर्शनी मैच आयोजित किया गया, जिसमें ग्यारहवीं मेडिकल की टीम ने रोमांचक मुकाबले में ग्यारहवीं मानविकी को 34 -28 से हराया। इससे पहले विद्यालय के डायरेक्टर अंकित जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बास्केटबॉल खिलाड़ियों को राष्ट्रीय बास्केटबॉल दिवस की शुभकामनाएं दी और मैच का शुभारंभ किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया लड़कियों का मैच काफी रोमांचक रहा। ग्यारहवीं मेडिकल की टीम ने कड़े मुकाबले में ग्यारहवीं मानविकी को 34 -28 से हराने में कामयाब हुई। ग्यारहवीं मेडिकल कक्षा की टीम की तरफ से रिया, आश्का, रिम्पी, अन्नू व निधि ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्यारहवीं मानविकी की तरफ से सना, शीतल, हर्षिता, इशिका व गार्गी ने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, मीनाक्षी, सुविधा, रेखा, नमिता, मधु, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, श्वेता शर्मा, खेल इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### प्रोजेक्ट वृद्धि की 5वीं सालगिरह का मनाया जश्न

**गुरुग्राम।** नेस्ले इंडिया और एसएम सहगल फाउंडेशन ने नूह जिले में प्रोजेक्ट वृद्धि के पांच साल सफलतापूर्वक पूरे होने का जश्न मनाया। सामुदायिक नेतृत्व वाले ग्रामीण विकास को मजबूती देने के लिये साल 2019 में इस परियोजना की शुरूआत रोहिरा गांव में की गई थी। शुरूआत से लेकर अब तक इस परियोजना ने 14 गांवों के 18,000 लाभार्थियों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इस अवसर पर कालियाका गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन गांवों के स्कूल अधिकारियों, पंचायत के लोगों एवं समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया, जिन्हें इस परियोजना से अच्छा लाभ मिला है।



इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, सुरेश नारायणन, चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, नेस्ले इंडिया ने कहा, नेस्ले इंडिया में, हम मानते हैं कि व्यवसाय का उद्देश्य समाज की बेहतरी होना होना चाहिए। एक अच्छा समाज बनाने के अपने वादे के तहत, हमने 'वृद्धि' परियोजना शुरू की, जो ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित करती है। यह परियोजना जल और स्वच्छता, पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, कृषि उत्पादन को सुधारने और डिजिटल लर्निंग सेंटर स्थापित करने के जरिए इन गांवों में स्थायी बदलाव लेकर आई है। इस परिवर्तन ने स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाया है और उरनकी प्रगति में मदद की है।" अंजलि मखीजा, ट्रस्टी एवं सीईओ, एस एम सहगल फाउंडेशन ने कहा, ह्यह्यवर्ष 2019 से ही यह प्रोजेक्ट धीरे-धीरे काफी मजबूत हुआ है। ग्रामीण समुदायों के जीवन पर प्रोजेक्ट वृद्धि के जबरदस्त प्रभावों को देखकर हमें बहुत संतुष्टि होती है। इस परियोजना के रखरखाव की देखरेख करने के लिये ग्राम विकास समितियों का गठन किया गया है।

# अनिल विज ने अपने आवास पर सुनी लोगों की समस्याएं

## मंत्री अनिल विज ने मामले को लेकर तुरंत एसएचओ पड़ाव को मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए

**दिशा-निर्देश**

**छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। लालकुर्ती से आए व्यक्ति ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि वह उसने पूर्व में एक व्यक्ति ने 1.80 लाख रुपए कर्ज लिया था जिसमें से वह 1.50 लाख रुपए वापस भी कर चुका है। उसका आरोप था कि गत दिनों उसके आवास पर रात्रि व्यक्ति आया और पैसे मांगने लगा। उसने शेष 30 हजार की राशि जल्द देने की बात कही, मगर व्यक्ति उसके साथ गाली-ग्लोच करने लगा तथा उसने मारपीट भी की। उसका आरोप था कि व्यक्ति ने उसे जान से मारने की धमकी भी की। व्यक्ति का आरोप था कि आरोपी गुंडा प्रवृति का है। मंत्री अनिल विज ने मामले को लेकर तुरंत एसएचओ पड़ाव को मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार डिफेंस कालोनी से आए व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उससे एक व्यक्ति ने 20 हजार रुपए उधार मांगे थे, मगर इसके बाद यह राशि वापस नहीं थी। उसे पैसों की जरूरत थी, मगर कई बार कहने के बावजूद व्यक्ति ने उसे 20 हजार रुपए की राशि अब तक वापस नहीं की। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पंजोखरा थाना एसएचओ को इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, गांव पंजोखरा साहिब से आए किसान ने जमीनी विवाद में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। उसका आरोप था कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद उसे उसके हिस्से की जमीन नहीं मिल रही है जबकि पुलिस को शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मंत्री अनिल विज ने मामले में पंजोखरा एसएचओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव उगाड़ा से आए किसान खेत में ट्यूबवेल कनेक्शन लगाने, कच्चा बाजार निवासी बुजुर्ग महिला ने मीटर चैक कराने एवं अन्य शिकायतें आई जिसपर मंत्री अनिल विज ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी व शहर के मध्य लोकल बस सेवा प्रारंभ होने पर आज बोह क्षेत्र से आए बड़ी संख्या में लोगों ने परिवहन मंत्री अनिल विज का धन्यवाद जताया। लोगों ने कहा कि मंत्री अनिल विज के प्रयासों से बोह में लोकल बस आना प्रारंभ हो चुकी है और क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें बोह से सदर क्षेत्र आने के लिए 30 रुपए प्रति सवारी ऑटो में बैठकर आना पड़ता था, मगर अब महज पांच से दस रुपए में वह गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। बोह से भाजपा प्रधान वार्ड नंबर मोहित कौशिक, शक्ति केंद्र प्रमुख राजेंद्र राणा, बूथ प्रधान संदीप शर्मा, रामकुमार गुप्ता, प्रेम राणा, पूर्व सरपंच सुरजीत कौर, जिला किसान मोर्चा सचिव श्याम राणा, मदन मेहता, पूर्व युवा सचिव सोनू राणा, सचिन राणा, मनु कुमार, विजय शर्मा, शंटी राणा, गोल्डी राणा, हरीश धीमान, हरिओम पाल, सुलेख राज, मन्ना धालीवाल, रोहित राणा, महेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने मंत्री अनिल विज का बस सेवा प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद जताया।

# किसानों को नहीं मिला खाद, केंद्र पर किसानों की धक्का-

**लग रही लाईनें**

**जिले में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाने के दावे जिला प्रशासन की तरफ से किए जा रहे है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : जिले** में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध करवाने के दावे जिला प्रशासन की तरफ से किए जा रहे है। जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मंगलवार को गांव बैंयापुर स्थित पैक्स केंद्र पर सुबह डीएपी खाद लेने वालों की लंबी लाइन लग गई। खाद लेने के लिए धक्का-मुक्की लगी रही। डीएपी खाद के एक बैग के लिए महिलाओं व बुजुर्गों को भी घंटों लाइन में लगने को मजबूर होना पड़ा। किसानों ने चहेतों को जल्द खाद उपलब्ध करवाने का आरोप लगाते हुए रोष प्रकट किया। बता दें कि जिले में धान की कटाई के साथ ही किसानों ने गेहूं की बिजाई भी शुरू कर दी है। गेहूं की बेहतर पैदावार के लिए बिजाई के समय प्रति एकड़ एक बैग डीएपी खाद की जरूरत पड़ती है। जिले में कई स्थानों पर अभी भी डीएपी खाद की किल्लत बनी हुई है। मंगलवार सुबह गांव बैंयापुर स्थित पैक्स पर 200 बैग डीएपी खाद पहुंचने की सूचना मिलते ही गांव से करीब 400 किसान खाद लेने के लिए पहुंच गए। उन्हें एक आधार कार्ड पर एक ही बैग खाद दिया गया। इसके लिए भी उन्हें घंटों लाइन में लगना पड़ा। किसानों ने आरोप लगाया कि पैक्स के अधिकारी अपने चहेतों को पहले खाद उपलब्ध करवा रहे हैं, यही कारण है कि घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद मिलने की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। शायद इस बार बिना डीएपी खाद डाले ही गेहूं की बिजाई करनी पड़ेगी।

**34 में से 14 पैक्स पर नहीं पहुंचा खाद**

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में गेहूं बिजाई के सीजन के लिए करीब 14 हजार मीट्रिक टन डीएपी खाद की आवश्यकता है। जिले में अब तक 9400 मीट्रिक टन डीएपी खाद पहुंचा है। यह खाद भी 34 में से महज 14 पैक्स पर ही पहुंचा है, अन्य को अभी खाद पहुंचने का इंतजार है। अधिकारियों ने सभी पैक्स प्रबंधकों को जरूरत के हिसाब से मांग भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि समय पर खाद पहुंचाई जा सके।

# श्री विष्णु भगवान मंदिर में बैठक का आयोजन, आय-व्यय का ब्यौरा किया पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** श्री विष्णु भगवान मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल ही में संपन्न अन्नकूट महोत्सव से संबंधित आय-व्यय का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत करना और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता कमेटी प्रधान मनोहर लाल झूकिया ने की, जिनकी उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रियता से भाग लिया। प्रधान मनोहर लाल झुकिया ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और अन्नकूट महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने इस महोत्सव को यादगार बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की और इसे भविष्य में भी इसी उत्साह से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोषाध्यक्ष रामानंद शर्मा ने अन्नकूट महोत्सव के वित्तीय पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आय-व्यय का पूरा विवरण पेश करते हुए बताया कि महोत्सव के आयोजन में किस प्रकार से बजट का प्रबंधन किया गया और सभी आर्थिक लेन-देन को पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया।

# डॉ. रिया व सहायक कृषि अभियंता नवीन ने किया गांवों का दौरा

**निरीक्षण**

**जौली गांव का दौरा करते हुए खेतों में चल रहे फसल अवशेष प्रबंधन के कार्य का निरीक्षण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वैज्ञानिक डॉ. रिया सोनी ने सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा के साथ महमूदपुर, मातंड, दोदवा तथा जौली गांव का दौरा करते हुए खेतों में चल रहे फसल अवशेष प्रबंधन के कार्य का निरीक्षण किया। वहीं महमूदपुर गांव के खेतों में चल रहे राउंड बेलर मशीन का निरक्षण किया। इस दौरान डॉ० रिया ने किसानों से बातचीत कर उन्हें फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक किया।

सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि जिले में लगभग 90 हजार हैक्टेयर भूमि में धान किसानों द्वारा उगाया गया था। जिले के अधिकतर क्षेत्रों में अब धान की कटाई की जा रही है। फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर कृषि विभाग लगातार कारगर कदम उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों में आगजनी की घटना को रोकने के लिए सैटेलाइट से खेतों में नजर रखी जा रही है। कृषि विभाग ने टीमों का गठन भी किया है। जोकि लोकेशन प्राप्त होते ही भौतिक सत्यापन करने के लिए पहुंच रही है।

उन्होंने बताया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेटेलाइट से दोदवाऔर महमूदपुर गांव में मिली आगजनी की लोकेशन मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर कृषि विभाग की टीम ने भौतिक सत्यापन किया तो यह लोकेशन गलत मिली। जिसके बाद लोकेशन पर फसल अवशेषों में आगजनी के कोई सबूत नहीं मिलने पर रिपोर्ट मुख्यालय भेजी गई है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जहां पर जलते पाए गए हैं, वहां पर विभागीय एक्शन लिया जाता है और पराली व फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाती है। दौरे से पहले अतिरिक्त सहायक कृषि अभियंता ने गोहाना सब डिवीजन के अधिकारियों के साथ भी फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए बैठक की, जिसमें केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ-साथ कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल के बच्चों ने शिमला में ली स्कॉइट्स की ट्रेनिंग

**पदक जीता**

**शिमला में लगाया गया। जिसमे मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल के 20 छात्रों ने भाग लिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के छात्रों ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स कैंप मे शामिल हुए। स्पेशल एडवेंचर/हाईकिंग/ट्रैकिंग कम सर्विस कैंप भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ट्रेनिंग सेंटर तारा देवी (हिमाचल प्रदेश) शिमला में लगाया गया। जिसमे मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल के 20 छात्रों ने भाग लिया। इन छात्रों के स्काउट मास्टर अध्यापक स्वर्ण कुमार रहे। इस 4 दिनों के कैंप मे छात्रों को वहां बहुत कुछ सीखने को मिला व ट्रेनिंग के दौरान भी उन्होंने बहुत कुछ सीखा। इस कैंप मे अम्बाला डीईओ सुरेश कुमार भी शामिल रहे व डीईओ अम्बाला सुरेश कुमार ने विभिन्न जिलों से बच्चों को प्रोत्साहित किया और स्काउट के बारे मे अधिक जानकारी भी दी।

भारत स्काउट्स एंड गाइड के डीओसी श्री संजय भी बच्चो के साथ वहां शामिल रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी द्वारा सभी छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किये गए व स्काउट्स मास्टर स्वर्ण कुमार को भी सर्टिफिकेट डॉ सूरी द्वारा प्रदान किया गया। छात्रों ने अपने अनुभव सभी के साथ साँझा किये व डॉ सूरी ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया व इस प्रकार के कैंपो से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया।

# बाल दिवस प्रतियोगिता में जीआरएसडी स्कूल ने लहराया परचम

**प्रतियोगिता**

**गुरमन, प्रीतपाल, आगमजोत, हरजोत, शिवम, दक्ष, लविश, गुरजस कुणाल व मोक्ष ने भाग लिया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रधान नरेश अगरवाल की आगवाही में श्री जी आर एस डी स्कूल ने लहराया परचम। अम्बाला के जी आर एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की भाँगड़ा टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इसमे गुरमन, प्रीतपाल, आगमजोत, हरजोत, शिवम ,दक्ष, लविश, गुरजस कुणाल व मोक्ष ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान नरेश अग्रवाल, उपप्रधान अरविन्द लकी ,सचिव रितेश गोयल सह सचिव रोहित गुप्ता कोषाध्यक्ष साहिल गुप्ता ने बच्चों को बधाई दी व प्रधान नरेश आग्रवाल ने कहा की बच्चों को हर सुविधा उपलध कराई जाती है ताकि छात्र पढाई ,खेलकूद व सांस्कृत कार्यक्रम में आगे बड़े।

# शिक्षा के मंदिर से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत : मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव बोहला में स्थित शिक्षा के मंदिर से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल की अध्यापिका ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ककरोई रोड निवासी शास्त्री देवी ने बताया कि वह बोहला स्कूल में बतौर मुख्य अध्यापिका के पद पर कार्यरत है। गत 4 नवंबर को पांच दिन के अवकाश के बाद स्टाफ स्कूल में पहुंचा। जहां दो कमरों की ताले टूटे हुए पाए गए। विद्यालय की रसोई की खिड़की के सरिए काटकर सामान चोरी होना पाया गया।

# नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित

**शिविर**

**कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय एवं श्री गुरुद्वारा सिंह सभा और जन कल्याण रेजिडेंट्स सोसायटी द्वारा सेक्टर तीन स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान द्वारा भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शिविर में दौ सो से अधिक नागरिकों की स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान एवं अस्पताल के चिकित्सालय अधीक्षक डॉ.राजेंद्र चौधरी, सहायक चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र सहरावत, डॉ. कुलजीत कौर, गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान सुखजिंद्र सिंह, उप प्रधान कंवलजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलवंत सिंह, जन कल्याण रेजिडेंसी सोसायटी के प्रधान रविंद्र कटारिया, हाउसिंग बोर्ड की प्रधान, बबली, पंकज राणा, गगन शर्मा, मंजीत सिंह और दमन मौजूद रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आज देखने में आता है कि हर व्यक्ति किसी न किसी रोग से पीड़ित है। जिसका मुख्य वजह व्यक्ति का खान-पान है। अगर हमारा आहार संतुलित और पौष्टिक हो जाए तो शायद ही व्यक्ति बीमार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य का स्वास्थ्य उसकी रसोई पर निर्भर करता है , देखने में आता है भोजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए मसालों का प्रचुर मात्रा में इसके आयुर्वेदिक गुण-दोष को जाने बिना ही उपयोग करते हैं जो उचित नहीं है।

# नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर पर बेकाबू हो रही भीड़

**कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे**

**जबरदस्ती केबिन में घुसकर नंबर लगवाने का दबाव बनाते नजर आए पुलिस कर्मचारी**

**कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी ने कमरा नंबर-18 व रजिस्ट्रेशन काउंटर से सिफारिशों बंदों को बाहर निकाला**

**कार्यरत स्थान से दूसरी जगह कर्मचारी घुमते मिले**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : नागरिक** अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में जरूरी सेवाओं को लेकर कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे है। अस्पताल में मरीजों की भीड़, सरकारी नौकरी पाने वाले आवेदकों सहित अन्य सेवाओं को चलाने के लिए प्रबंधन कमजोर पड़ता जा रहा है। मंगलवार को रजिस्ट्रेशन काउंटर पर चहेतों के रजिस्ट्रेशन करवाते हुए कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी की तरफ से कर्मचारियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। हाथ में छह आवेदकों के फार्म लेकर घुसे युवक से फार्म तक छीन लिए। उसके बाद चेतावनी देकर व लाइन में आने के निर्देश देकर फार्म लौटा दिए गए। ओपीडी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती न होने के कारण चिकित्सक को कुछ समय के लिए ओपीडी सेवाएं रोकनी पड़ी। जिसके चलते अस्पताल में दिन-भर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। बता दें के उत्तर भारत में ठंड ने दस्तक दे दी है। बदलते मौसम व वायरल बुखार व डेंगू बुखार सहित मलेरिया अलग-अलग जगहों पर पैर पसार रहा है। निजी अस्पतालों से लेकर सरकारी अस्पतालों में रजिस्ट्रेशन काउंटरों के बाहर मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर मरीज घंटों लाइन में लगने पर मजबूर हो रहे है। ओपीडी, लैब व दवाइयां लेने के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। मंगलवार को रजिस्ट्रेशन काउंटर के अंदर जबरदस्ती घुसकर खाकी के जवानों द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने का वीडियो वायरल हो गया। खाकी के जवान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कर्मचारी के साथ बदतमीजी करते हुए पाए गए। कर्मचारियों ने इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को अवगत करवाया। प्रबंधन की तरफ से पुलिस आयुक्त को पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत भेजने की बात कही है।

**हड्डी रोग विशेषज्ञ के बाहर अभद्रता, रोकनी पड़ी ओपीडी सेवाएं-** नागरिक अस्पताल में मंगलवार को ओपीडी रजिस्ट्रेशन 2200 से ज्यादा दर्ज किया गया है। जिसमें खांसी, बुखार, वायरल बुखार सहित अन्य बीमारी के मरीज उपचार के लिए पहुंचे। ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखने को मिली। वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ के बाहर लंबी लाइन होने व सुरक्षा गार्ड के न होने के चलते मरीज जबरदस्ती ओपीडी में घुस आए। जिसके चलते चिकित्सक को ओपीडी सेवाएं रोकनी पड़ी। चिकित्सक ने बाहर निकलकर अस्पताल प्रबंधन को अवगत करवाया। उसके बाद ओपीडी के बाहर गार्ड को तैनात किया गया। तब जाकर चिकित्सक ने राहत की सांस ली। नागरिक अस्पताल में हाल के दिनों में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर प्रबंधन कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे है। अस्पताल में प्रधान चिकित्सक नहीं है। वहीं जिला स्वास्थ्य अधिकारी सेवानिवृत हो चुके है। जिसके चलते पानीपत के स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यभार सौंपा गया है। अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं के चलते कर्मचारी मनमानी करने पर उतारू है। प्रबंधन की तरफ से लगाई ड्यूटी को छोड़कर हाल में सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के कार्य व अपने चहेतों के फार्मो पर काम करने में व्यस्त रहते है।

# कम्प्यूटर क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**चंदन** बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कक्षा चौथी से ग्यारहवीं 'कम्प्यूटर क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों के बीच कंप्यूटर ज्ञान और कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कक्षा चौथी से ग्यारहवीं 'कम्प्यूटर क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसमें सभी सदनों के 8-8 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मेजबान डॉक्टर श्वेता व अनिल रहे। समय नियंता खेल शिक्षक विकास कुमार व स्कोरर जितेंद्र राठी रहे। प्रश्नोत्तरी पांच चरणों में की गई। प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह व जोश के साथ उत्तर दिए। परिणाम इस प्रकार रहा प्रथम स्थान पर रोज हाउस व लोटस हाउस व द्वितीय स्थान सनफ्लावर हाउस व तृतीय स्थान पर डेजी हाउस रहा। प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए प्रतियोगिता की प्रशंसा की।



# शिक्षक का कार्य बच्चों को डराना नहीं, बल्कि उन्हें चुनौतियों के लिए तैयार करना: डॉ स्वामीनाथन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने वाले शिक्षकों के लिए 'समग्र बुद्धिमत्ता से प्रभावी शिक्षण' विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारीज : अंतर्राष्ट्रीय वक्ता बी.के डॉक्टर ई.वी स्वामीनाथन मुख्य वक्ता रहे, जबकि विश्व शांति धाम सेवा केन्द्र की प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने इसकी अध्यक्षता की। प्रो. निर्मला चौधरी अध्यक्षा स्कूल आफ मैनेजमेंट केयूके विशेष



अतिथि रही। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अंतर्राष्ट्रीय वक्ता बी.के डॉ ई.वी स्वामीनाथन ने अपने संबोधन में आए हुए शिक्षकों को गुरुदेव, गुरु ब्रह्मा, गुरुदेव महेश्वरम के साथ हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के निर्माण में माता, पिता और शिक्षक इन तीनों का अहम योगदान महत्वपूर्ण होता है। आज हमारे बच्चे जीवन क्या है..? इसके बारे में गूगल पर ढूंढ रहे हैं। शायद हम उन्हें इस बारे बता नहीं पा रहे हैं। उन्होंने अभिमन्यु का उदाहरण देते हुए बताया कि बच्चों को गर्भ में ही शिक्षा देनी चाहिए। भावना, बुद्धिमता के साथ आध्यात्मिकता अत्यंत जरूरी है। शिक्षा में सबसे महत्वपूर्ण कौशल एकाग्रता है- जिसे हम सब शिक्षक को सीखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रभावी शिक्षक अंतिम समय तक सीखता है। शिक्षक का काम बच्चों को डराना नहीं, बल्कि उन्हें चुनौतियां बताते हुए सही दिशा तक ले जाना है। उन्होंने बताया कि जिन्होंने एकाग्रता को सीख लिया, तो जीवन आसान हो जाएगा क्योंकि एकाग्रता की जरूरत सब जगह होती है। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाते समय बीच-बीच में रिलैक्स भी करना चाहिए। उन्होंने पुरानी बातों को भूलना, गलती पर क्षमा करना, स्वच्छ जीवन शैली, सशक्त मन, सुंदर लेख आदि विषयों पर चर्चा की। उन्होंने महान वैज्ञानिक, शिक्षक पूर्व राष्ट्रपति जेपी अब्दुल कलाम का वीडियो दिखाते हुए प्रभावी शिक्षक का उदाहरण दिया। राजयोग मेडिटेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि अपने आप को जानना ही शिक्षा है। मन, बुद्धि, संस्कार से एकाग्रता बनती है।

# छपरा और जोगी माजरा में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने दी स्वास्थ्य सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता लाने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत, आज लाडवा हल्के के गांव छपरा और जोगी माजरा में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाऐ लोगों को उपलब्ध करवाई गई। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि इन मोबाइल मेडिकल युनिटों के माध्यम से प्रत्येक गांव और शहर के प्रत्येक वार्ड में स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाई जा रही है। इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में एमबीबीएस डॉक्टर, लैब टेक्निशियन और स्टाफ नर्स द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके परामर्श और नि:शुल्क दवाईयां



वितरित की जाती है। इतना ही नही इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में रक्त एवं युरिन के टेस्ट करने की भी सुविधा लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आज गांव छपरा और जोगी माजरा में मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से 113 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस दौरान इन दोनों गांवों में 29 लोगों के टेस्ट भी किये गये। उन्होंने मोबाइल मेडिकल यूनिट के अगले शेडयूल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे से 2 बजे तक गांव कलाल माजरा के गुरूद्वारा साहिब के पास और दोपहर बाद 2 बजे से 4.30 बजे तक गांव रामनगर 112 में गोगा माड़ी के पास 7 नवम्बर को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी जायेंगी।

## न्यूज फ्लैश

### प्रो. अनिता दुआ बनी इंटरनेशनल गीता ओलम्पियाड कार्यक्रम की नोडल आफिसर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, इस्कॉन (कुरुक्षेत्र शाखा) और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलंपियाड कार्यक्रम के समन्वय के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस की प्रो. अनीता दुआ को तत्काल प्रभाव से इंटरनेशनल गीता ओलम्पियाड कार्यक्रम की नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी।

### कबीरपंथ का अपमान बिल्कुल भी सहन नही किया जायेगा: डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार



**पानीपत (कमाल हुसैन)**

120 वर्षो से स्थापित समस्त कबीरपंथियों की आचार्य गद्दी एव गुरु स्थान व अटूट आस्था का केंद्र कबीर नगर दामाखेड़ा आश्रम में दीपावली के दिन स्थानीय गांव के कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा अप्रिय घटना को अंजाम देने की नीयत से आश्रम में प्रवेश करने की कोशिश की गई। इसके विरोध में राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार की अध्यक्षता में आज पानीपत की सभी कबीरपंथ से जुड़ी मंदिरों, धर्मशालाओं की संस्थाओं के साथ साथ पानीपत कबीरपंथ समाज ने आज उपायुक्त पानीपत के माध्यम से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सौपा गया राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा कबीरपंथ की आस्था से जुडा सबसे बडा और पवित्र प्रसिद्ध स्थान है। ज्ञापन सौपने वालो में राष्ट्रीय कबीरपंथी जुलाहा विकास महासभा के पदाधिकारीगण, सदस्यगण व सद्गुरु कबीर जनसेवा समिति (रजि0) ग्रीन पार्क पानीपत, कबीरपंथी धर्मशाला समिति (रजि0)देशराज कॉलोनी, सद्गुरु कबीर धर्मशाला व समाज सेवा समिति (रजि0) दीनानाथ कॉलोनी ,सन्त शिरोमणि सद्गुरु कबीर समाज समिति (रजि0) शिवनगर, कबीर धर्मशाला सेवा समिति (रजि0) एकता विहार, कबीर मंदिर सेवा सभा (रजि0) किशनपुरा पानीपत की सभी संस्थाओं ने एकजुटता के साथ घोर भर्त्सना के साथ उपस्थित थे । इस अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 ओमवीर सिंह पंवार, विकास कर्ण, अमित पवार, राजकुमार कटारिया, महंत दर्शनदास, सत्यपाल नरवाल, रमेश डागर, हरिमोहन, जयभगवान, मास्टर ओमप्रकाश हेटवाल, देशराज तुंवर, मदन गोड़, बाबूराम पवार, नरेंद्र रोशे, सुभाष सिरोही, संजय सरोहा, राजेन्द्र कादियान, इंदरपाल तोमर, विश्वास तोमर मनोज नरवाल, सतीश कुमार, मंगल सिंह, ऋषिपाल, जयचंद दुहन आदि मुख्यरूप काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे ।

### इंसान भगवान की सबसे सुंदर कृति है : महंत जगन्नाथ पुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** मारकंडा नदी के तट पर श्री मारकंडेश्वर महादेव मंदिर ठसका मीरां जी में अखिल भारतीय श्री मारकंडेश्वर जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत जगन्नाथ पुरी ने कार्तिक मास के पूजन एवं कथा में चर्चा करते हुए बताया कि जिस भी प्राणी ने इस संसार में जन्म लिया है, उसे एक दिन यहां से जाना होगा। इस इंसान स्वरूप में प्राणी बिना उद्देश्य के वाद-विवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि हरि नाम का सिमरन करें जो काम आएगा और आपस में प्रेम भाव से जीवन यापन करें, जिससे नफरत और घृणा का समूल नाश हो जाए।

# नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**सफलता**

**▸▸ आसू पुत्र मुलकी वासी दौलतपुर जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशा-मुक्त भारत अभियान के तहत नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने आरोप में आसिफ उर्फ आसू पुत्र मुलकी वासी दौलतपुर जिला सहारनपुर यूपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 15 जुलाई को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्गनिर्देश में उप निरीक्षक महेंद्र सिंह, महिला सिपाही रिंकी देवी व रितु देवी की टीम अपराध तलाश के संबंध में द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त के आधार पर



गांधीनगर व मोहननगर वासी दो महिलाओं को नए बस अड्डे के पास से महिला पुलिस के साथ मिलकर काबू किया था । राजपत्रित अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह एईटीओ कुरुक्षेत्र के सामने महिला पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 44 ग्राम हैरोइन/स्मैक बरामद हुई थी। महिला आरोपियों के विरुद्ध थाना शहर थानेसर में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके दोनों महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था । आरोपी महिलाओं को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से महिला आरोपी रितु को कारागार व महिला आरोपी बबली को 2 दिन के पुलिस रिमांड लिया गया था। दिनांक 05 नवम्बर को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार, प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार व पवन कुमार की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने आरोपी आसिफ उर्फ आसू पुत्र मुलकी वासी दौलतपुर जिला सहारनपुर यूपी को मामले में शामिल तफ्तीश करके गिरफ्तार कर लिया।

# लोहे की पाइपों व प्लेटों को चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने निमार्णाधीन पुल की साइट से लोहे की पाइपों व प्लेटों को चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजीत उर्फ जीता निवासी मोहम्मदाबाद का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। चावल कॉलोनी निवासी मोहित ने गत 3 सितंबर 2022 को शिकायत देकर बताया था कि वह ठेकेदारी काम करता है। वह अपने गांव गढ़ी बाला से बड़वासनी नहर के साथ जा रहा था। उसी दौरान एक टैंपू में सवार कुछ लड़के पाइप लोड कर रहे थे। वहीं उनके पास एक बाइक भी थी। उन्हें मना करने से मना किया उसके बाद शोर मचाया। वह टैंपू व पाइप छोड़कर फरार हो गए। वहीं कुछ दिन पहले भी हमारी साइट से लगभग 51 लोहे की प्लेटें चोरी हो चुकी है। इस संबंध में कुंडली थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सिपाही रविंद्र की टीम ने तीन आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल चौथे आरोपित को काबू कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास फिर जमा हुआ दूषित पानी



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** गढ़ी केसरी में कंठी माता मंदिर के पास सड़क पर दूषित पानी का जमाव का समाधान नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना है कि अब वह एसडीएम डा. निर्मल नागर को शिकायत देकर निकासी का समाधान करवाने की मांग करेंगे। स्थानीय निवासी प्रदीप कौशिक, चंद्रभान कौशिक, भगवत दयाल कौशिक, मुकेश शर्मा, संदीप, रमेश आदि ने बताया कि कंठी माता मंदिर के पास नाले का दूषित पानी सड़क पर भर जाता है।

# नहाय खाय से शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

**टीम एक्शन इंडिया**

**महापर्व**

**▸▸ नहाय-खाय के साथ व्रत की शुरूआत की। यमुना के विभिन्न घाटों पर व्रतियों ने स्नान किया**

**सोनीपत:** लोक आस्था के महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत मंगलवार को नहाय-खाय से हो गई। छठ व्रतियों ने नहाय-खाय के साथ व्रत की शुरूआत की। यमुना के विभिन्न घाटों पर व्रतियों ने स्नान किया। नहाय-खाय को लेकर सोमवार को ही व्रतियों ने पूरी तैयारी कर ली थी। मंगलवार को व्रतियों ने स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और लौकी की सब्जी का भोजन किया। खाने में सेंधा नमक का प्रयोग किया गया। व्रती के प्रसाद का सेवन करने के पश्चात घर के लोगों ने वही प्रसाद ग्रहण किया। कुछ लोगों ने यमुना व नहरों के किनारे प्रसाद बनाया तो कुछ लोगों ने घर में नहाय-खाय की पूजा की। नहाय-खाय के अगले दिन बुधवार यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी को दिनभर व्रती उपवास कर शाम में स्नान कर विधि-विधान से रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद तैयार कर भगवान भास्कर की आराधना कर प्रसाद ग्रहण करेंगी। इस पूजा को खरना कहा जाता है। तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को और चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा ।

नहाय- खाय को लेकर लौकी के भाव में भी अचानक उछाल नजर आया। छठ पर्व को लेकर सब्जी मंडी में पूजा संबंधी सामग्री, बांस से बने टोकरी, सूप आदि की खरीद को लेकर भीड़ नजर आई। मंडी में फलों की दुकानें भी सज गई हैं। सेब, केला, शरीफे, अनानास, अमरूद, मूली, गाजर, गन्ना, अंगूर, संतरा आदि की दुकानें सज चुकी हैं।

# मादक पदार्थ तस्करी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत : सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरुण उर्फ मोटा निवासी जनता कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। उप सहायक निरीक्षक नीरज ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास से मादक पदार्थ मिला। जिसका वजन करने पर 13 प्लास्टिक डिब्बियों में अफीम 246.18 ग्राम बरामद हुआ। इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# जसबीर दोदवा ने किया छठ घाटों का मुआयना

**टीम एक्शन इंडिया**

**धार्मिक महत्व**

**▸▸ छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर बातचीत की और हर संभव मदद उपलब्ध करवाने का भरोसा दिया**

**सोनीपत:** भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने मंगलवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बनाए गए छठ घाटों का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन छठ घाटों पर साफ-सफाई,पानी व रोशनी की व्यवस्था के साथ-साथ तमाम इंतजाम दुरुस्त होने चाहिए। सरकार इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा ने कहा कि छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। छठ पूजा का हिंदू त्योहार चार दिनों तक चलता है और अनुष्ठान, भक्ति और गहन आध्यात्मिक अर्थ से भरा होता है । इसमें सूर्य देवता की उपासना



की जाती है । उन्होंने कहा कि छठ पूजा एक सांस्कृतिक परंपरा है जो संतुलन, पवित्रता और भक्ति का वर्णन करती है । सूर्य को स्वास्थ्य, धन और सफलता का देवता माना जाता है । छठ पूजा को प्रकृति से प्रेम और नए फसल के पैदावार से जोड़कर भी देखा जाता है , क्योंकि इसमें उगते और ढलते सूरज के सामने तमाम तरह के फल और अनाज से बने पकवानों का अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का हिस्सा है । इसमें भक्त अपने पुराने सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जुड़ते हैं और पर्यावरण के संरक्षण की भी चर्चा करते हैं । उन्होंने बाबा कॉलोनी पहुंचकर छठ पूजा के मद्देनजर बनाए गए घाट का निरीक्षण किया। यहां बनाए गए घाट की सफाई व पानी की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राज नारायण सिंह व पूर्व जिला संयोजक फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.राहुल के साथ छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर बातचीत की और उन्हें सरकार व स्थानीय प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलवाया।

# गली व खाली प्लाट में भर रहा है नालियों का दूषित पानी



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** हरिनगर में अनाज मंडी के साथ लगती गली में दूषित पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। नालियों का दूषित पानी गली व खाली पड़े प्लाटों में भरने के कारण स्थानीय लोग परेशान हैं। गली में दूषित पानी के जमाव के कारण पैदल आवागमन करने वाले लोगों को दूसरी गलियों से होकर जाना पड़ता है।

स्थानीय दुकानदार सतीश, विकास, महेंद्र आदि ने बताया कि उनकी गली में जब से नालियों में प्लास्टिक के पाईप दबाए गए हैं। उसके बाद से नालियों का पानी गली व प्लाटों में भरने की समस्या आई है। इस बारे में वे नगरपालिका के अधिकारियों को भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नही होता।

# केयू की 61 वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट का हुआ आगाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को तीन दिवसीय 61वीं वार्षिक एथलेटिक्स मीट 2024-25 का आगाज कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में हुआ जिसमें विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों के लगभग 600 एथलीटों ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर एथलीट मीट का उद्घाटन करते हुए केयू खेल परिषद के अध्यक्ष एवं एमएन कॉलेज शाहबाद के प्राचार्य डॉ. अशोक चौधरी ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा अच्छी खेल



भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने तथा सभी नियमों व विनियमों का सम्मान करने की प्रतिज्ञा दिलाई एवं मानसिक सुदृढ़ता के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक सफल खिलाड़ी बनने के लिए दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, संयम, अनुशासन एवं अच्छी खेल भावना का होना जरूरी है। केयू खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने सभी ऑफिशल्स, प्रोफेसर्स तथा खिलाड़ियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया और खेलों में भागीदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं पूरी मेहनत से खेलने और जीतने के लिए प्रेरित किया। इस मौके डॉ. नितिन सहगल, डॉ. दिनेश यादव सहित संबंधित महाविद्यालयों के खेल शिक्षक, तकनीकी ऑफिशियल्स तथा खिलाड़ी मौजूद रहे।

**800मीटर पुरुष दौड़ में गौरव ढांगी ने मारी बाजी:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की 61वीं एथलेटिक्स मीट में बुधवार को पुरुषों की 800मीटर दौड़ में भगवान परशुराम कॉलेज के गौरव ढांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं ग्रीनवुड डिग्री कॉलेज, करनाल के अंकुश ने द्वितीय तथा डीएवी कॉलेज चीका के विकास ने तृतीय स्थान हासिल किया। महिलाओं की दौड़ में सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम गर्ल्स कॉलेज लोहार माजरा की रिंपी ने पहला, आर्या पीजी कॉलेज पानीपत की अंचल रानी ने दूसरा, गुरुनानक खालसा कॉलज यमुनानगर की प्रीना देवी ने तीसरा तथा बीपीआर कॉलेज कुरुक्षीत्र की रचना ने चौथा स्थान प्राप्त किया। महिलाओं की लम्बी कूद में ग्रीनवुड डिग्री कॉलेज करनाल की कुसुम ने बाजी मारकर पहला, राजकीय कन्या महाविद्यालय, गुहला चीका सुखप्रीत कौर ने दूसरा तथा केवीए डीएवी कॉलेज फॉर वुमेन, करनाल की जिया ने तीसरा स्थान पाया।

# पति ने मारा चाकू कहकर बेहोश हुई महिला, अस्पताल में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हत्या**

**▸▸ घायल महिला को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की उपचार के दौरान अब नागरिक अस्पताल में मौत हो गई**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव कुंडली में महिला की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। महिला गंभीर हालत में रविवार देर रात गंदा नाला के पास परचून की दुकान के बाहर पहुंची थी। महिला दुकान के बाहर आकर नीचे गिरी तो दुकानदार ने उनसे घायल होने कारण पूछा तो वह पति के चाकू मारने की बात कहकर बेसुध हो गई। अस्पताल में महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिवपुरी कॉलोनी निवासी सोनू यादव ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह गंदा नाला के पास किराना की दुकान चलाते हैं। वह रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे दुकान पर मौजूद थे। तभी एक महिला नीलकंठ धर्मकांटा की तरफ से आई। महिला उनकी दुकान के बाहर आकर अचानक गिर गई। उन्होंने देखा कि महिला के पेट पर धारदार हथियार के निशान थे। उन्होंने महिला से पूछा कि क्या हुआ तो वह बोली कि उसके पति ने उन्हें चाकू मार दिए हैं। फिर वह उनसे नाम पता पूछ पाते इससे पहले ही वह बेसुध होकर गिर गई। जिस पर दुकानदार ने मामले की जानकारी पुलिस टीम को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की उपचार के दौरान अब नागरिक अस्पताल में मौत हो गई।

# नरेला: आरके इंटरनेशनल स्कूल में विदेशी संस्कृति से रू-ब-रू हुए स्टूडेंट








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड़ स्थित प्रतिष्ठित आरके इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रूस से आए विदेशी मेहमानों का विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में आरके इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विदेशी मेहमानों का भारतीय रीति-रिवाज के मुताबिक माल्यार्पण, तिलक व आरती करके भव्य स्वागत किया। इसके बाद विदेशी मेहमानों ने पूरे विद्यालय का भ्रमण किया और विद्यालय में सुविधाओं आदि अन्य विषयों की जानकारी हासिल की और स्कूल की साज-सज्जा और कार्यविधियों से अत्यंत प्रभावित हुए।
कार्यक्रम में आरके इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और विदेशी और भारतीय संस्कृति का आदान-प्रदान किया। वही संवाद कार्यक्रम के तहत छात्रों ने विदेशी मेहमानों से सवाल भी पूछे। स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, चेयरमैन नरेंद्र कृष्ण शर्मा, डायरेक्टर आकाश शर्मा, मैनेजिंग कमेटी की सदस्य शिल्पी शर्मा ने विदेशी मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे स्कूल की यह पहल हमारे छात्रों के लिए एक अनमोल अनुभव है, जो उन्हें एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करती है। हमें गर्व है कि हम समय-समय पर इस प्रकार के सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।
स्कूल की प्रधानाचार्या निधि नेहरा ने कहा कि कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अनावरण से परिचित करवाना था। इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थी विदेशी सभ्यता और संस्कृति की संपूर्ण जानकारी विदेश में भ्रमण किए बिना ही प्राप्त कर लेते हैं। कार्यक्रम के अंत में विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल बाहुल्य क्षेत्रों में अभी तक भी नहीं हुई है सफाई: वीरेन्द्र सचदेवा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है आज जब छठ महोत्सव अपने अंतिम दिन की ओर बढ़ा है तब एक ओर दिल्ली की केजरीवाल-मालेर्ना सरकार की छठ तैयारियां पूरी करने में विफलता जगजाहिर हो गई है तो, वहीं दूसरी ओर सरकार के विधायकों एवं मंत्रियों के द्वारा छठ समितियों पर दबाव डाल कर छठ घाटों के राजनीति करण की भी पोल खुल गई है।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की आज माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में छठ महोत्सव यमुना किनारे करने देने को लेकर एक याचिका की सुनवाई थी जिसमें न्यायालय में स्पष्ट हुआ की यमुना का जल साफ नहीं, पूजा करने के लिए उतरने योग्य नहीं जिसने दिल्ली सरकार के छठ के लिए यमुना में स्वच्छ जल देने के दावों की पोल खोल दी है।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की नहाय खाय से शुरू हुई छठ पूजा के दूसरे दिन आज माताओं बहनों ने खरना की पूजा की पर चारों ओर छठ समितियां हों या छठ व्रती सभी इस बात को लेकर चिंतित है की कल दोपहर बाद से सूर्य देव को अर्क देने की पूजा होनी है पर घाट आज शाम तक भी तैयार नहीं हैं।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की हमारे पूर्वांचल मोर्चा के कार्यकर्ता सैकड़ों छठ समितियों से जुड़े हैं और हमारे पूर्वांचल मोर्चा का फीडबैक है की दिल्ली के 1060 में से 600 से अधिक अस्थाई घाटों में शाम भी पूजा पंडाल टैंट इंफ्रास्ट्रक्चर आधा भी तैयार नहीं है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली के लगभग सभी 1060 अस्थाई घाटों के साथ ही यमुना किनारे के घाटों पर भी स्थिति इतनी बदहाल है की टेंट ठेकेदार स्वीकृत टेंट सामान जैसे बैरिगेट्स, मेज, तम्बू एवं कुर्सी में से आधा भी समितियों को देने को तैयार नहीं जिसके चलते अनेक जगह समिति वालों की ठेकेदारों से झगड़े की स्थिती बनी। भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोष ओझा ने अनेक टेंट ठेकेदारों से बात की और पाया की उन पर स्थानीय "आप" विधायकों का कमीशन का इतना दबाव है वह काम पूरा करने की स्थिती में नहीं है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली में गत लगभग 2 दशक से छठ महोत्सव की व्यवस्था सरकारी स्तर पर होती है।

# भलस्वा: विधायक अजेश यादव ने किया छठ घाट का निरीक्षण







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव ने भलस्वा झील छठ घाट एवं भलस्वा झील गुरुनानक देव कॉलोनी के पास स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया।
इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा, युवराज यादव, नवीन यादव, वार्ड 20 के पूर्व निगम प्रत्याशी मामचंद यादव, रमेश शर्मा, आम आदमी पार्टी के कई पदाधिकारी एवं छठ पूजा समिति के प्रतिनिधि व कई अधिकारी भी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी आप नेता सुरेश शर्मा ने दी।इस मौके पर आप नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि भगवान सूर्य की उपासना के इस पवित्र महापर्व के आयोजन में कोई भी कमी न रहे। इसलिए हम सभी विधायक अजेश यादव के नेतृत्व में पूर्ण प्रयास कर रहे है। उन्होंने सभी को छठ महापर्व की बधाई भी दी और कहा कि मैं छठी मईया से प्रार्थना करता हूं कि छठ मईया सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

# राजधानी देश का सबसे प्रदूषित शहर: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पवित्र यमुना को प्रदूषित और जहरीले जल वाली यमुना बनाने में सफल केजरीवाल की दिल्ली सरकार की विफलताओं पर दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने यमुना में अमोनिया का अत्यधिक स्तर के कारण प्रदूषित यमुना में छठ श्रद्धालुओं को सीधे तौर पूजा करने की अनुमति न देकर चिंता व्यक्त की है। उन्हांने कहा कि दिल्ली कांग्रेस प्रदूषित यमुना में बढ़ते अमोनिया के स्तर पर चिंता जताई थी परंतु आतिशी सरकार लगातार कहती आ रही है कि सब कुछ ठीक कर लेंगे। आम आदमी पार्टी सरकार को दिल्लीवालों के स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है, जबकि मुख्य न्यायाधीश ने यमुना को अत्यंत प्रदूषित नदी बताया है। दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग उच्च न्यायालय द्वारा गीता कॉलोनी स्थित यमुना नदी तट पर छठ घाट मौजूद गंदगी और विषैले जल को देखते हुए श्रद्धालुओं को डुबकी लगाने की अनुमति नहीं दी, जबकि दिल्ली सरकार के वकील ने भी प्रदूषित यमुना की वास्तविकता से अवगत कराकर कहा कि अगर यमुना में पूजा करने की अनुमति गई तो निश्चित ही वो बीमार पड़ सकते है। श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि आतिशी सरकार आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राजनीतिक जमीन तलाशने में व्यस्त होने और आरोप प्रत्यारोप की राजनीति के कारण पूवार्चंल श्रद्धालुओं के लिए यमुना में हरियाणा सरकार से पानी छोड़ने का अनुरोध तक नहीं किया जबकि कांग्रेस शासन के समय छठ से तीन दिन पहले पानी छोड़ दिया जाता था।



सावन पार्क में अस्थाई छठ घाट का निरीक्षण करते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## चुनाव निगरानी एजेंसियों की कार्रवाई में 558 करोड़ की नकदी जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग के अधीन एजेंसियों ने महाराष्ट्र, झारखंड और अन्य राज्यों में हो रहे उपचुनावों के दौरान मतदाताओं को किसी भी तरह के प्रलोभन से बचाने के लिए 558 करोड़ रुपये की नकदी, मुफ्त सामान, शराब, ड्रग्स और कीमती धातुएँ जब्त की हैं। आयोग के अनुसार चुनावों की घोषणा के बाद से अकेले महाराष्ट्र राज्य में अभियान से लगभग 280 करोड़ रुपये की आय हुई है।

# 50 लाख 33 हजार के लागत से स्थाई छठ घाट का निर्माण होगा: अभय वर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** छठ महापर्व के शुभ अवसर पर गणेश नगर कॉम्प्लेक्स के धोबी घाट के बगल में स्थाई छठ घाट के निर्माण कार्य के शिलान्यास लक्ष्मी नगर के लोकप्रिय विधायक अभय वर्मा द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर विधायक अभय वर्मा ने बताया कि स्थाई छठ घाट के निर्माण कार्य बाढ़ नियंत्रण और सिंचाई विभाग द्वारा लगभग 50 लाख 33 हजार रुपए के लागत से किया जाएगा।
इस स्थान पर पूरे वर्ष जंगल और झाड़ी होते थे जिसका लाभ उठा कर असामाजिक तत्व अवैध कार्य करते थे साल में एक बार छठ पूजा के अवसर पर अभ्युदय एकता मंच साफ सफाई करके छठ महापर्व मनाते रहे है। अब स्थाई छठ घाट बन जाने से पूर्वांचल समाज को महापर्व मनाने में काफी सहूलियत होगी। विधायक अभय वर्मा ने आगे कहा कि 2021 से लगातार लक्ष्मी नगर विधानसभा में 10 अस्थाई घाट क्रमश में बैंक ऐन्कलेव डी.डी.ए. पार्क, धोबी घाट, निकट कम्युनिटी सेंटर बुद्धा मार्ग मंडावली, उत्सव वाटिका गणेश नगर कॉम्प्लेक्स, डी.डी.ए. ग्राउण्ड नेहरू ऐन्कलेव, रामलीला ग्राउण्ड स्कुल ब्लॉक निकट मदर डेयरी, उत्सव पार्क साउथ गणेश नगर, साकेत ब्लॉक मंडावली, डी.डी.ए. खुला ग्राउण्ड निकट एम.सी.डी. समुदाय भवन स्कुल ब्लॉक, सोनिया विहार कैंप झुग्गी निकट साकेत ब्लॉक पर बना कर छठ महापर्व मनाते रहे है। इस वर्ष भी सभी घाटों पर तैयारियां पूरी कर ली गई है और छठ व्रतीयों के लिए हर सुविधा का ध्यान रखा जायेगा। इस अवसर पर अभ्युदय एकता मंच के संरक्षक सुनील सिंह और अध्यक्ष हंसराज भारद्वाज अपने सभी पदाधिकारीयों के साथ उपस्थित रहे।



# छात्र छात्राओं ने ली नशे के विरूद्ध शपथ

## स्कूली बच्चों ने शहर में रैली निकाल कर लोगों से की नशा छोडने की अपील

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। एक युद्ध** नशे के विरूद्ध रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारम्भ अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ डा. देवेन्द्र शर्मा के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। यह रैली सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज मथुरा से आरम्भ होकर चम्पा अग्रवाल इंटर कॉलेज मथुरा पर समाप्त हुई। इस दौरान उपस्थित सभी बच्चों एवं प्रतिभागियों द्वारा नशे के विरुद्ध शपथ भी ली गयी। रैली में जनपद मथुरा के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 8000 छात्र छात्रायें, लगभग 500 अध्यापक अध्यापिकायें, लगभग 250 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, जिला



कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं लगभग 50 पुलिस कर्मचारियों द्वारा उक्त रैली में प्रतिभाग किया गया। डा. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य युवा पीढी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है। राज्य बाल आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में नशे के समूल नाश हेतु एक युद्ध नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं दण्डात्मक कार्यवाही की करायी जा रही है। पूरे प्रदेश में अब तक अरबो रूपयों की मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है। प्रदेश के विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में स्थिति नशीले पदार्थों की दुकानों को प्रतिबंधित किया गया है। बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति में संप्लित बच्चों को मुक्त कराकर शिक्षा एवं बाल कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र ने बताया कि आज की युवा पीढी नशे के कारण नाश की ओर अग्रसित हो रही है। इस रैली उद्देश्य युवाओं को नशे से दूरकर स्वस्थ समाज की स्थापना करना है।

# वृक्ष कटान में एक और एफआईआर दर्ज

## तीन नामजद और अज्ञात के खिलाफ थाना हाइवे में दर्ज कराई गई है रिपोर्ट

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। वृंदावन** के डालमिया फार्म हाउस प्रकरण के बाद अवैध वृक्ष कटान की घटनाओं पर प्रशासन संजीदा है। जिलाधिकारी ने इस तरह की घटनाओं सख्त कार्यवाही की बात कही है। साथ ही लोगों से अपील की है कि नियम विरूद्ध वृक्ष कटान न करें। ऐसा करने वालों को गंभीर कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पडेगा। मंगलवार को गोवर्धन रोड गुलमोहर कॉलोनी के समीप एक निजी खेत की भूमि में हुए वक्ष कटान का मामला प्रशासन तक पहुंचा। इस मामले में हितेश उर्फ रिंकू, हारून, शाकिर के नामजद और अज्ञात के खिलाफ थाना हाइवे में अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

वन विभाग को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग वक्ष काट रहे हैं। सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पर ट्रैक्टर ट्राली और पेड़ काटने के उपकरण वहां पकडे गये। इसके लिए जो दोषी गोस्वामी हैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस तरह की घटनाओं पर गंभीरता से संज्ञान लिया जा रहा है। लोगों से अपील है कि इस तरह की कोई आवश्यक्ता हो तो प्रक्रिया का पलान करते हुए ही कटान करें अन्यथा की स्थिति में उन्हें गंभीर कानूनी असुविधाओं का सामना करना पडेगा।
**-शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी मथुरा**

डीएफओ मनीष मित्तल ने बताया कि कल दोपहर बाद सूचना मिली कि एक खेत में पेडों का कटान हुआ है। तत्काल क्षेत्रीय वन अधिकारी स्टाफ के साथ पहुंच कर कार्यवाही की। वहां 46 पेड और 11 गाड़ियों का कटान पाया गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। मौके पर जो ट्रैक्टर ट्राली और कटान में प्रयुक्त अन्य सामान मिला था उसे जब्त कर लिया गया है। टीटीजेड के तहत यह अपराध है। यह धाराएं भी इसमें लगाई गई हैं। आगे की विधिक कार्यवाही इसमें की जा रही है। नामजद और अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कार सवार और बाइक सवार युवक में हुआ झगड़ा, मारी गोली

**मथुरा।**
**थाना वृंदावन** कोतवाली क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग में गुरुवार की आधी रात को बाइक सवार दो युवकों का कार सवार से झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक पर तमंचे से हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कार सवार नरेश ठाकुर वृंदावन की परिक्रमा करने के लिए वृंदावन आया हुआ था। जहां उसने अपनी गाड़ी खड़ी करने के लिए जैसे ही परिक्रमा मार्ग में स्थित अपनी ससुराल के पास गाड़ी खड़ी करने का प्रयास किया। इसी दौरान बाइक सवारी युवक सुमित से उसका झगड़ा हो गया। झगड़े में बाइक सवार युवक को गोली लग गई। गोली लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित सो सैया संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर हालात ज्यादा खराब होने पर आगरा एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वृंदावन कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि देर रात को एक युवक को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

### गैंगस्टर के तीन आरोपी किये गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना बलदेव पुलिस द्वारा थाना पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में नामजद और वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकी सिहं थाना बलदेव ने बताया कि थाना बलदेव पर 28 अक्टूबर को पंजीकृत कराये गये गैगस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ देवा पुत्र साहव सिंह निवासी विधिपुर थाना सादाबाद हाथरस, सुधीर पुत्र राजेश निवासी विधिपुर रोड चावड मौहल्ला विसावर थाना सादाबाद हाथरस, गिरीश शर्मा पुत्र राजेश निवासी मुकुन्दपुर विसावर थाना सादाबाद हाथरस को बुधवार को अभियुक्त के घरों से गिरफ्तार किया गया।

### अवैध संबंध के शक पर की गई थी प्रधान पुत्र की हत्या, दो आरोपित गिरफ्तार

**कौशांबी**
**करारी** थाना क्षेत्र के नेवारी ग्राम प्रधान पुत्र की हत्या अवैध संबंधों के शक पर की गई थी। प्रधान पुत्र को उसके साथी ने ही अपने एक दोस्त के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा था। इसके बाद लाश को हादसे का रूप देने के लिए कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उन्हे जेल भेज दिया है। करारी के नेवारी गाव की प्रधान ननकी देवी का 22 वर्षीय बेटा अजय कुमार डीजे ऑपरेटर था। मंगलवार सुबह उसकी लाश गांव में ही सूखे कुएं में मिली थी। पिता विश्वनाथ ने गांव के संदीप पासी और सुधांशु पर हत्या का आरोप लगा कर थाना पुलिस को तहरीर दी थी। थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तहक ीकात शुरू की। एडिशनल एसपी राजेश कुमार ने वारदात के खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई थी। पुलिस ने वारदात की देर शाम आरोपी संदीप को पीडीडीयू (पंडित दीनदयाल उपाध्याय) जंक्शन से गिरफ्तार किया था। जबकि, सुधांशु की गिरफ्तारी गांव से की गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। इंस्पेक्टर विनीत सिंह ने बताया, मुख्य आरोपी संदीप मृतक अजय का मित्र था। उसे शक था कि अजय का उसकी बहन से अवैध संबंध है। इसी शक के चलते उसने अपने दोस्त सुधांशु के साथ मिलकर डंडे से सिर पर हमला कर अजय की हत्या कर दी। इसके बाद लाश को कुएं में फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद मुंबई भागने की फिराक में था। हालांकि, इससे पहले ही पीडीडीयू जंक्शन पर नई दिल्ली जयनगर स्पेशल ट्रेन से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### 550 करोड़ से बेकरी ब्रांड बिंबो करेगा बागपत में इकाई स्थापित

**बागपत**
**बगपत** जिले में बेकरी ब्रांड बिंबो ईकाई स्थापित करने जा रहा है। जिसके लिए किसानों से जमीन अधिग्रहण कर ली गयी है। कंपनी 550 करोड़ रुपए यहां निवेश करने जा रही है। 35 देशों में कार्यरत बिंबो कंपनी बागपत के डोला में उत्पादन इकाई स्थापित करेगी जिससे स्थानीय रोजगार, औद्योगिक विकास सहित विभिन्न आयामों में बागपत चमकेगा। विश्व-प्रसिद्ध बेकरी कंपनी की भारतीय इकाई बिम्बो बेकरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने जिले के डोला गांव में अपने विशाल बेकरी उद्योग की स्थापना की योजना बनाई है। कंपनी के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भारत में विश्व स्तरीय गुणवत्ता के बेकरी उत्पादों का उत्पादन करना है, जो विशेष रूप से दिल्ली, एनसीआर और आसपास के राज्यों में किफायती दामों पर उपलब्ध होंगे।

## 133 जगह पकडी चोरी, 105 एफआईआर दर्ज

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** विद्युत विभाग की ओर से बिजली चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता शहर सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग रेड की जा रही है। टीमें अलग लगल क्षेत्रों में कार्यवाही करने में लगी हैं। विद्युत विभाग की लगातार छापेमारी के बाद भी कुछ क्षेत्र हैं जहां लगातार कार्यवाही के बाद भी बिजली चोरी करने वाले चोरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 133 जगह पर छापेमारी की कार्यवाही की गई है। जिसमें 105 एफआईआर दर्ज कराई गई है। 46 लाख का असेसमेंट बुक किया।

# धान खरीद में गड़बड़ी करने की शिकायत मिलने पर जांच होगी : प्रभारी संभागीय खाद्य नियंत्रक

**मुरादाबाद**
**जिले के** कई राइस मिलर्स एवं उनसे जुड़े अन्य व्यापारियों द्वारा आढ़त के बहाने किसानों से सस्ता धान खरीद कर अपने गोदामों में स्टाक करने वालों पर अब नकेल कसी जाएगी। प्रभारी संभागीय खाद्य नियंत्रक ने कहा कि खरीद में गड़बड़ी करने की शिकायत मिलने पर जांच होगी। इस दौरान मामला पकड़ में आने पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि धान की खरीद तेज करने को लेकर धान को खपाने की तैयारी भी चल रही है। जल्द ही धान क्रय केंद्रों पर कृत्रिम खरीद शुरू होगी। फर्जी किसान अपने वाहनों से धान भरकर केंद्रों पर पहुंचेंगे। ई-पाश मशीनों पर अंगूठे लगाकर खरीद हो जाएगी। आनलाइन भुगतान होकर सरकारी धन फर्जी किसानों के खातों में पहुंचेगा। खातों से धनराशि निकलकर धान खरीद के खिलाड़ियों तक पहुंच जाएगा। जिले में धान खरीद का यह नया तरीका नहीं है। हर साल धान खरीद में यही तरीका अपनाया जाता है।

**गड़बड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई:** इसी तरह की अब तक आ रही गड़?बड़ियों को देखते हुए सहकारिता विभाग की साधन सहकारी समितियों के माध्यम से खोले गए क्रय केंद्रों की भी निगरानी हो रही है। आढ़तों के नाम पर जिन लोगों के पास चावल और धान का स्टाक है, उनके बारे में भी सूचनाएं इकट्ठा कराई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि ठाकुरद्वारा, कुंदरकी, पाकबड़ा, पीपलसाना और दलपतपुर के कई व्यापारियों को चिह्नित भी कर लिया गया है। आढ़तियों से स्टाक का हिसाब लिए जाने की कार्रवाई भी शुरू हो सकती है।

प्रभारी संभागीय खाद्य नियंत्रक शैलेष कुमार का कहना है कि धान खरीद किसानों से ही होगी। छोटे किसानों को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है। खरीद में गड़बड़ी करने की शिकायत मिलने पर जांच होगी। इस दौरान मामला पकड़ में आने पर कार्रवाई की जाएगी।

**केंद्रों पर पहले ही दिन से राइस मिलर्स करते है अपनी मनमानी**
खाद्य विभाग की विपणन शाखा के इस साल 26 क्रय केंद्र हैं। भारतीय खाद्य निगम के दो, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ), उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन (पीसीयू) और उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस) के 32 क्रय केंद्र हैं। सहकारिता विभाग मेहरबानी से खुलने वाले इन अधिकतर केंद्रों पर पहले ही दिन से राइस मिलर्स अपनी मनमानी करते हैं। केंद्र प्रभारी तो कठपुतली की तरह राइस मिलर्स के इशारों पर ई-पाश मशीन का संचालन करते हैं। इसके बदले उनका भी ख्याल रखा जाता है।

# प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर लगाया जुर्माना- नगर निगम की टीम ने की कार्यवाही

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। शासन** द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के प्रयोग, भंडारण एवं विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। महापौर एवं नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में कल्पना सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त के द्वारा मंडी चौराहे से सौंख रोड तक प्रतिबंधित पॉलीथिन, प्लास्टिक, गंदगी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलीथिन



का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर रुपये 11700 का जुमार्ना किया गया एवं लगभग आठ किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई एवं गंदगी करने वालों से रुपये 2000 का जुमार्ना वसूला गया। अभियान के दौरान टीम के साथ जेसीबी ट्रैक्टर सहित नगर निगम की ईटीएफ टीम, क्षेत्रीय थाना से पुलिस बल एवं क्षेत्रीय यातायात पुलिस निरीक्षक मौजूद रहे।

## पेंशन के नहीं काटने पड़ेंगे ट्रेजरी के चक्कर

**मथुरा। वरिष्ठ** कोषाधिकारी मुन्ना लाल शुक्ल ने बताया कि अब पेंशनर्स को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने होंगे। कागजी कार्यवाही वह ऑनलाइन घर से कर सकते हैं। परिवारों को सूचित किया है कि जिन लोगों की पेंशन का जीवित प्रमाण पत्र की अवधि माह नवम्बर एवं दिसम्बर में समाप्त हो रही है, ऐसे समस्त पेंशनरों को अवगत कराना है कि वे सभी अपने अपने जीवित होने के प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का उपयोग करते हुए वेबसाइट पर आवेदन करते हुए अपना जीवन प्रमाण पत्र भेज सकते हैं। भविष्य में भी अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रेषित करने के लिए विभाग की वेबसाइट का प्रयोग करते हुए सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# कप्तान साहब: सट्टा कारोबारियों पर अंकुश कब!

## अपनी कार्य कुशलता और मुखबिरों के मजबूत नेटवर्क से जल्द खुलासा कर रही

**मथुरा।**
**पुलिस वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के कुशल नेतृत्व में पुलिस नित नए आयाम गढ़ रही है, बड़े बड़े अपराधों को अपनी कार्य कुशलता और मुखबिरों के मजबूत नेटवर्क से जल्द खुलासा कर रही है पर सट्टा कारोबारियों पर अंकुश लगाने में फेल नजर आती दिखाई दे रही है। मथुरा जनपद में सट्टे की जड़ धीरे धीरे मजबूत होती जा रही है ऐसा कोई थाना जिले का नहीं है जहां सट्टे का कारोबार न फल फूल रहा हो, ऐसा मुमकिन नहीं है कि मथुरा के होनहार थाना प्रभारियों को इसकी भनक ना हो पर जाने किस मजबूरी के कारण होनहार पुलिस अधिकारियों के हाथ बंधे हुए हैं। सूत्रों से पता चल रहा है कि मथुरा के थाना यमुनापार इलाके के लक्ष्मी नगर में सट्टा कारोबार मजबूती के साथ अपनी जड़ें जमा रहा है जिसके कारण अधिकांश परिवारों की खुशी मै पलीता लग रहा है। दिन भर मेहनत मजदूरी कर परिवार की उदरपूर्ति के लिए मजदूरी करने वाले लोग नशा और सट्टे के आदि बन चुके है कि अपनी दिन भर की गाढ़ी कमाई शाम होते होते नशा और सट्टा कारोबारियों को देकर खाली हाथ घर पहुंच रहे है जिससे घर का माहौल जंग के रूप मै परिवर्तित हो जाता है।

सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि मथुरा के थाना यमुना पार इलाके के लक्ष्मी नगर क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ भी नशा और सट्टा कारोबारियों के खेल के कारण ही बढ़ रहा है। इलाके के लोगों का कहना यहां तक है कि इन सट्टा कारोबारियों के संबंध इलाके के कुछ पुलिसिया कर्मचारियों से भी है जो अक्सर इन सट्टा कारोबारियों की चौखट पर माथा टेकने आते रहते है , ऐसे लोगों का संरक्षण पा कर ही ऐसे अवेध कारोबारियों के हौसले बुलंद होते रहते है, मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मथुरा की जनता की भलाई के हित मैं काम करते हुए सट्टे के कारोबार की कमर तोड़नी चाहिए जिससे जनता का भला हो सके और जो नए नए अपराधी नशा और सट्टे के खेल मै फंस कर अपराधों को अंजाम देते है उस पर भी अंकुश लगाया जा सके।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली

## बाल आयोग के अध्यक्ष ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मथुरा ।**
**मथुरा** में "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारम्भ डा० देवेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ०प्र० राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

रैली सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज, मथुरा से आरम्भ होकर श्रीमती चम्पा अग्रवाल इंटर कॉलेज, मथुरा पर समाप्त हुई। इस दौरान उपस्थित सभी बच्चों एवं प्रतिभागियों द्वारा नशे के विरूद्ध शपथ भी ली गयी। रैली में जनपद मथुरा के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 8000 छात्र/छात्रायें, लगभग 500 अध्यापक / अध्यापिकायें, लगभग 250 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं लगभग 50 पुलिस कर्मचारियों द्वारा उक्त रैली में प्रतिभाग किया गया।

डा० देवेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ०प्र० राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ द्वारा कहा गया कि इस रैली का उद्देश्य आज की युवा पीढी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है। राज्य बाल आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में नशे के समूलनाश हेतु "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं दण्डात्मक कार्यवाही की करायी जा रही है। पूरे प्रदेश में अब तक अरबो रूपयों की मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है।

प्रदेश के विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में स्थिति नशीले पदार्थों की दुकानों को प्रतिबंधित किया गया है। बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति में संप्लित बच्चों को मुक्त कराकर शिक्षा एवं बाल कल्याण कारी योजनाओं से जोडने का कार्य किया जा रहा है।

श्री विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा द्वारा बताया गया कि आज की युवा पीढी नशे के कारण नाश की ओर अग्रसित हो रही है। इस रैली उद्देश्य युवाओं की स्थापना करना है। इसके उपरान्त रैली में मा० अध्यक्ष जी, समस्त विभागाध्यक्षों, अध्यापकों, विद्यालयों के छात्र/छात्राओं आदि को रैली में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# राजभवन के निर्माण कार्यों में समयबद्धता व गुणवत्ता का रखा जाए ध्यान

## राज्यपाल के प्रयासों से राजभवन का रूप, सौंदर्य और आकर्षण बढ़ा है: वित्त मंत्री

**लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में 14 करोड़ 65 लाख की लागत से आठ विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें राजभवन के उच्च प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प, छतों पर चाइना मोजैक का कार्य, अग्निशमन प्रणाली का उन्नयन, विभिन्न भवनों की छतों पर रूफ टॉप सोलर पैनल, किचन का जीर्णोद्धार, गांधी सभागार में नई वातानुकूलन तकनीकी और विद्युत डीजी सेट की आपूर्ति और स्थापना जैसे कार्य शामिल हैं। शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सौभाग्यपूर्ण लाभ पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस अवसर पर इन कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छी मंशा से किया गया कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होता है। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता से किया जाए। उनकी नियमित समीक्षा और समय पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इनमें विशेष रूप से राजभवन परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की जर्जर कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में बदलने का कार्य शामिल है। राज्यपाल ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और आधारभूत संरचनाओं की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी संस्कारवान बनें, आधुनिक तकनीक का उपयोग करें और अपने भविष्य के निमार्ता स्वयं बनें। संकल्प और समर्पण भाव से कार्य करने से किसी भी परियोजना को निर्धारित समय से पहले पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित उच्च अधिकारियों को नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का भ्रमण करने की भी सलाह दी और उसकी तकनीक तथा डिजाइन को प्रेरणादायक बताया। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने राज्यपाल के बहुआयामी और रचनात्मक सोच की सराहना करते हुए उन्हें एक ऐसा व्यक्तित्व बताया जो राज्य और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि राजभवन को लगातार सुविधाजनक एवं आकर्षक बनाने में राज्यपाल का योगदान अनुकरणीय है। उनके प्रयासों से राजभवन का रूप, सौंदर्य और आकर्षण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नये भवन बनाना आसान हैं, लेकिन पुराने भवनों को न केवल बनाए रखना बल्कि उन्हें सजाना और संवारना एक कठिन कार्य हैं। इसके लिए रचनात्मक सोच की आवश्यकता होती है। उन्होंने राजभवन के जनकक्ष और अन्य महत्वपूर्ण कक्षों में की गयी सजावट की भी सराहना की। राज्यपाल के कार्यकाल को ऐतिहासिक और अनुकरणीय बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्पाल के कार्यों ने एक पद्चिन्ह छोड़ा है, जिसे आने वाली पीढ़ियां अनुसरण करेंगी।

# नाद रस महोत्सव में भारतीय शास्त्रीय संगीत के कलाकार दे रहे प्रस्तुत

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। नाद** रस महोत्सव, जिसका आयोजन श्री प्रिया प्रियतम लाल जु के 20 वें प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में चार से नौ नवंबर तक के लिए आयोजित किया गया हैं। यह रस और भक्ति का एक पावन उत्सव है, जो वृन्दावन के पवित्र श्री प्रिया प्रियतम धाम में ब्रज रस रसिक जगद्गुरु श्री प्रियदर्शी जी महाराज के आशीर्वाद से प्रारम्भ हुआ। इस महोत्सव में भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान कलाकार एवं भक्त देश विदेश से एकत्रित हो रहे हैं। इस भव्य आयोजन में भक्ति संगीत, संकीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और आस्था से भरी उमंगों के साथ उत्सव मनाया जा रहा है। इस आयोजन का नेतृत्व रस महोत्सव द्वारा किया जा रहा है और ब्रज रस रसिक श्री लीला रसिक जी महाराज तथा ब्रज रस रसिक डॉ. कृष्ण किंकर जी द्वारा निर्देशित है। यह एक अद्भुत अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें गुरु दीक्षा के महत्व और आध्यात्मिक अनुशासन और विकास पर बल दिया जा रहा है। यह समर्पण एवं प्रार्थना का उत्सव है जहां आप दिव्य शांति और सुकून का अनुभव कर सकते है। श्री प्रिया प्रियतम लाल जु के पाटोत्सव के उपलक्ष्य में आनंद रस वर्षा हेतु दिव्य विश्वास, संगीत एवं भक्ति के साथ इस उत्सव का आयोजन किया गया है। यह महोत्सव जगद्गुरु श्री प्रियदर्शी जी महाराज द्वारा प्रकट किए गए श्री कृष्ण चरित्र मानस रसायन महाकाव्य के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित है, साथ ही इसमें 5,000 से अधिक सरस पदों का भी समावेश है, जिन्हें गुरुदेव भगवान द्वारा प्रकट और प्रस्तुत किया गया है।

फास्ट न्यूज

## बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 को होंगे बंद

टीम एक्शन इंडिया

**गोपेश्वर:** उत्तराखंड के चार धामों में शामिल बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार 17 नवंबर रात नौ बजकर सात मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत पंच पूजा बुधवार 13 नवंबर से शुरू होंगी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बुधवार को बताया कि श्री पंचपूजाओं के अंतर्गत पहले दिन 13 नवंबर को भगवान गणेश की पूजा होगी और इसी दिन भगवान गणेश के कपाट बंद हो जाएंगे। दूसरे दिन गुरुवार 14 नवंबर को आदि केदारेश्वर मंदिर तथा शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे। तीसरे दिन शुक्रवार 15 नवंबर को खडग पुस्तक पूजन तथा वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो जाएगा। उन्होंने बताया कि चौथे दिन शनिवार 16 को मां लक्ष्मीजी को कढ़ाई भोग चढ़ाया जाएगा। इसके बाद रविवार 17 नवंबर को रात 9 बजकर 7 मिनट पर श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार 18 नवंबर को श्री कुबेरजी एवं उद्धवजी सहित रावलजी आदि गुरु शंकराचार्यजी की गद्दी शीतकालीन प्रवास पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ के लिए प्रस्थान करेगी।

## दिल्ली में अब तेजी से शिफ्ट की जा सकेंगी बिजली की हाई-टेंशन लाइनें

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली में अब बिजली की हाईटेंशन लाइनें तेजी से शिफ्ट हो सकेंगी। मुख्यमंत्री आतिशी के निर्देश पर हाई-टेंशन लाइन शिफ्टिंग की नीतियों को आसान किया जाएगा। इस बाबत दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) नए दिशा निर्देश जारी करेगा।

# महाकुंभ से पहले चमकते नजर आएंगे हाईवे

### चौड़ी सड़क के साथ ही मल्टीलिंग्वल साइनेज, ग्रीनरी, पेंटिंग और ब्यूटीफिकेशन पर जोर

**कायाकल्प**

▸▸ प्रयागराज को दूसरे शहरों से जोड़ने वाले हाईवे और रोड्स का किया जा रहा कायाकल्प



टीम एक्शन इंडिया

**प्रयागराज:** डबल इंजन की सरकार महाकुंभ के अवसर को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में हाईवे से लेकर प्रयागराज सिटी को जोड़ने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी हाईवे और सिटी को जोड़ने वाली सड़कों को चमकाने में जुट गए हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान जब देश और दुनिया से करोड़ों श्रद्धालु सड़क मार्ग से होकर प्रयागराज पहुंचेंगे तो उन्हें चौड़ी सड़क के साथ ही निश्चित अवधि में मल्टीलिंग्वल साइनेज बोर्ड, ग्रीनरी और पेंटिंग नजर आएगी। यही नहीं, टोल प्लाजा के पास भी उन्हें तमाम सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

**लगाए जाएंगे मल्टीलिंग्वल साइनेज**

बुधवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित सभागार में एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान के साथ एनएचएआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐतिहासिक अवसर है और इस दौरान हमें सिर्फ सड़क नहीं बनानी है,बल्कि उसे अच्छी और खूबसूरत भी बनाना है। प्रयागराज को जोड़ने वाली जितनी भी सड़कों पर काम चल रहा है उस पर सेफ्टी आर्डिटर्स लेकर अधिक से अधिक साइनेज लगाए जाएं। ब्यूटीफिकेशन का काम हो, पेंटिंग हो, लाइटिंग हों और इसे कैमरे से युक्त होना चाहिए। यही नहीं, रोड्स पर ऐसे साइनेज भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए जो श्रद्धालुओं का स्वागत कर रहे हों।

**सड़कों पर हो लाइट्स की सुविधा**

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में करोड़ों लोग आएंगे। रोड ऐसी हो कि जिसकी चमक श्रद्धालुओं को आनंदित करे। यह पूरी दुनिया के सामने अपने काम को शोकेस करने का शानदार जरिया है। उन्होंने अपने अधिकारियों से कहा कि जहां भी कैट्स आई लगानी हैं, लगाई जानी चाहिए। एंट्री गेट पर फ्लॉवरिंग होनी चाहिए। डिवाइडर पर पेंटिंग हो, ताकि फॉग के समय श्रद्धालुओं को समस्या न हो।

## अचानक डीसीएम आने से अनियंत्रित होकर पलटा टेम्पो



टीम एक्शन इंडिया

**हरदोई : हरदोई** जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसा रोशनपुर के पास बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर हुआ है। यहां एक डीसीएम के अचानक सामने आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम के कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेम्पो में सवार लोगों में से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया।

**मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चियां और एक बच्चा शामिल**

घटना में टेम्पो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए है। मृतकों में पांच महिलाएं, दो बच्चियां, एक बच्चा और दो पुरुष शामिल हैं।

## लकड़ी बीनने गई महिला को बाघ ने बनाया निवाला

टीम एक्शन इंडिया

**रामनगर:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा पर बुधवार को पहले से घात लगाए बैठे बाघ ने लकड़ी बीनने गई ढिकुली गांव की एक महिला को अपना निवाला बना लिया। बाघ के हमले में महिला की मौत हो गई। इससे गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की मदद से वनकर्मियों ने जंगल से महिला का शव बरामद किया। वहीं ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर शव रख प्रदर्शन किया और पुलिस व वन विभाग के प्रति आक्रोश जताया। दरअसल, ढिकुली गांव निवासी कौशल्या देवी पांच महिला साथियों के साथ पास के जंगल में लकड़ी बीनने गई थी।

## उत्पादों के लिए उत्तराखंड निवास में बनेगा काउंटर



टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में 120 करोड़ से अधिक की लागत से बने उत्तराखंड राज्य अतिथि गृह उत्तराखण्ड निवास का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस भवन को राष्ट्रीय राजधानी में प्रदेश की गरिमा का प्रतीक बताया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने सबसे पहले अल्मोड़ा जनपद के माचुर्ला बस दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवारजनों को धैर्य देने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज हम सब उत्तराखंड निवास के लोकार्पण के ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं। उत्तराखंड निवास में राज्य की संस्कृति, लोक कला और वास्तुकला का समावेश किया गया है। राज्य की अद्वितीय कला की छाप उत्तराखंड निवास संजोये हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसकी दीवार पारंपरिक रूप से पहाड़ी शैली के सुंदर पत्थरों से निर्मित है, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करने का कार्य करती है।

यह भवन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को एक नई ऊंचाई देने के साथ ही उत्तराखण्ड और देश-विदेश से आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा।

## बालिकाओं में आत्मविश्वास का संचार कर रही सरकार



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** की सरकार शैक्षणिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों की बालिकाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इस क्रम में, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) एक बड़ा माध्यम साबित हो रहा है जिसके जरिए प्रदेश की हजारों बेटियां शिक्षा, खेल और प्रशासनिक क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। इन प्रयासों के बल पर बेटियां न केवल पढ़ाई में बल्कि खेलकूद व प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। इससे उनमें गुणों का संचार और आत्मविश्वास में वृद्धि हो रही है तथा वह समाज में एक नई भूमिका निभाने के लिए तैयार हो रही हैं।

**प्रगति की सीढ़ियां चढ़ रहीं केजीबीवी की बेटियां**

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।

इसी के परिणामस्वरूप केजीबीवी में पढ़ाई कर रही बालिकाएं अब प्रगति की सीढ़ियां चढ़ रही हैं और न केवल खेलकूद, क्विज बल्कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी योग्यता साबित कर प्रशासनिक पदों पर भी चयनित हो रही हैं।

**अमरोहा की बेटी बनी एसडीएम**

राज्य स्तर पर भी चमक रही हैं बालिकाएं योगी सरकार के प्रयास का ही प्रतिफल है कि अमरोहा की निधि ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 39वीं रैंक हासिल कर एसडीएम के रूप में चयनित हुई हैं।

